

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 28 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 08 नवम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## राम जन्मभूमि की तर्ज पर होगा मथुरा मामले का ट्रायल

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद की सुनवाई

प्रयागराज. इलाहाबाद हाईकोर्ट में अयोध्या में भगवान श्री राम जन्मभूमि की तर्ज पर ही मथुरा विवाद के मामले की सुनवाई शुरू हो गई है. कोर्ट मथुरा विवाद से जुड़ी सभी 16 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रही है. हाईकोर्ट में चली एक घंटे की सुनवाई में कृष्ण विराजमान पक्ष की ओर से विवादित भूमि का सर्वे कराए जाने की मांग की गई है.

इलाहाबाद हाईकोर्ट में मंगलवार को अयोध्या श्री राम जन्मभूमि विवाद की तर्ज पर मथुरा विवाद का ट्रायल शुरू हो गया. हाईकोर्ट में मथुरा विवाद से जुड़ी सभी 16 याचिकाओं पर अदालत एक साथ सुनवाई कर रही है. 26 मई 2023 के फैसले के बाद मथुरा जिला कोर्ट से सभी 16 याचिकाएं इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दी गईं. इन याचिकाओं पर लगभग एक घंटे तक सुनवाई चली. श्री कृष्ण विराजमान पक्ष की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने ऑर्डर 26 रूल 9 में एक अर्जी दाखिल कर एडवोकेट कमिश्नर से विवादित परिसर का सर्वे कराए जाने की मांग की है. इस पर शाही ईदगाह



मस्जिद और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधिवक्ताओं ने आपत्ति दर्ज कराई है. कोर्ट दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोई आदेश पारित करेगी.

#### इस याचिका के तहत इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई

इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मथुरा जिला कोर्ट में चल रहे मामले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर किए जाने की मांग की गई थी. इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अरविंद कुमार मिश्रा ने 3 मई 2023 को अपना फैसला रिजर्व कर लिया था. जस्टिस अरविंद कुमार की सिंगल बेंच ने 26 मई 2023 को फैसला सुनते हुए मथुरा जमीन विवाद से जुड़ी सभी याचिकाओं पर हाईकोर्ट में एक साथ सुनवाई का आदेश पारित किया था. इसी आदेश के क्रम में अब मथुरा विवाद से जुड़ी सभी याचिकाओं का ट्रायल इलाहाबाद हाईकोर्ट में शुरू हो गया है.

शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद हाईकोर्ट ने मथुरा जिला कोर्ट में चल रहे सभी केसों की पत्रावली भी तलब कर ली थी. हाईकोर्ट में लीडिंग सूट भगवान श्री कृष्ण विराजमान कटरा केशव देव के नाम से रंजना अग्निहोत्री की ओर से दाखिल की गई है. इन याचिकाओं में 12 अक्टूबर 1968 को हुए समझौते को अवैध बताया गया है. इसके साथ ही समझौते के तहत शाही ईदगाह मस्जिद को दी गई 13.37 एकड़ जमीन भगवान श्री कृष्ण विराजमान को वापस दिए जाने की मांग की गई है. अवैध रूप से बनी शाही ईदगाह मस्जिद को भी हटाए जाने की मांग की गई है. याचिका में कुल चार पक्षकार बनाए गए हैं. शाही ईदगाह मस्जिद, यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, श्री कृष्ण जन्मभूमि सेवा संघ और श्री कृष्ण जन्मभूमि संघ को पक्षकार बनाया गया है. हाईकोर्ट में श्री कृष्ण विराजमान की ओर से अधिवक्ता विश्व शंकर जैन ने बहस की. जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच में मामले की सुनवाई हुई.

## धनतेरस के महापर्व पर मां अन्नपूर्णा के दरबार में भक्तों को बांटा जाएगा खजाना

### स्वर्णमयी अन्नपूर्णा स्वरूप के पांच दिन होंगे दर्शन

समाज जागरण वाराणसी

**तिथियो के अनुसार इस साल दिन में 1: बजे आम भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे मंदिर के कपाट होगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

वाराणसी:बाबा विश्वनाथ को अन्न-धन की भिक्षा देने वाली मां अन्नपूर्णा अपने भक्तों पर पांच दिन कृपा बरसाएंगी। धनतेरस 10 नवंबर को निर्धारित समय से एक घंटे पहले ही मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे और पांच दिनों तक श्रद्धालु स्वर्णमयी अन्नपूर्णा, मां भूमि देवी,लक्ष्मी और रजत महादेव के दर्शन कर सकेंगे।

मंगलवार को अन्नपूर्णा मठ मंदिर के महंत शंकर पुरी ने बांसफाटक स्थित काशी अन्नपूर्णा क्षेत्र के सभागार में प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। महंत शंकर पुरी ने बताया कि धनतेरस के शुभ योग से देश में समृद्धि रहेगी और कोष भरा रहेगा। अभिजीत मुहूर्त में अपराह्न में माता का पूजन व आरती के बाद खजाने की पूजा की जाएगी।




आम भक्तो के लिए एक बजे माता का पट खोल दिया जायेगा उन्होंने कहा कि वर्ष में सिर्फ चार दिन भक्तो को दर्शन का अवसर मिलता था, लेकिन इस साल पांच दिन स्वर्णमयी अन्नपूर्णा का दर्शन होगा। धनतेरस 10 नवंबर को खजाना वितरण होगा। 14 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव के दिन लड्डुओ की झांकी सजेगी, वही रात्रि 11.30 बजे माता की महा आरती होगी, इसके पश्चात एक वर्ष के लिए स्वर्णमयी अन्नपूर्णा का कपाट बंद कर दिया जाएगा।

भक्तों को बांसफाटक से होते गेट नंबर एक ढुंढिराज से प्रवेश कर मुख्य द्वार अन्नपूर्णा मंदिर में प्रवेश होगा। बाएं हाथ की तरफ बनी अस्थायी सीढियों से होते हुए स्वर्णमयी माता का दर्शन करके श्रद्धालु कालिका गली होकर निकलेंगे। प्रबंधक काशी मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा के लिए कैमरों की संख्या बढ़ा दी गई है। कंट्रोल रूम के जरिए निगरानी की जाएगी। जगह-जगह सेवादार तैनात रहेंगे। इस दौरान मंदिर प्रबंधक काशी मिश्रा, प्रदीप श्रीवास्तव , शिवानंद गिरी अभिषेक शर्मा मौजूद रहे।

## सिर्फ पराली की आग नहीं... एक्सपर्ट ने बताया, दिल्ली की जहरीली हवा के लिए कौन है असल जिम्मेदार

नई दिल्ली. अकेले पराली जलाने से दिल्ली के वायु प्रदूषण के स्तर में इतनी खतरनाक वृद्धि नहीं हो सकती थी, अगर वाहन उत्सर्जन सहित स्थानीय कारकों ने पहले से ही राष्ट्रीय राजधानी के आसमान को जहरीला नहीं बनाया होता. दिल्ली की जहरीली वायु गुणवत्ता पर एक नवीनतम रिपोर्ट में यह बात सामने आई है. सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉयचौधरी ने एनडीटीवी को बताया कि उनकी रिपोर्ट में पाया गया है कि दिल्ली-एनसीआर में पीएम2.5 का स्तर 2 नवंबर को केवल 24 घंटों के भीतर 'चौंकाने वाला और अभूतपूर्व' 68 प्रतिशत बढ़ गया था.



पीएम2.5 के स्तर में बढ़ोतरी ऐसे समय में दर्ज की गई थी, जब दिल्ली के पीएम2.5 के स्तर में पराली जलाने की भूमिका धीरे-धीरे कम हो रही है. सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (एसएएफएआर) और डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट इन दिल्ली द्वारा दर्ज किए गए आंकड़ों से पता चला है कि पिछले कुछ दिनों में दिल्ली के पीएम2.5 सांद्रता में पराली जलाने की हिस्सेदारी 25 से 35 प्रतिशत के रेंज में रही है, जो कि पिछले वर्षों की तुलना में कम है. जैसे-जैसे पराली जलाना अपने चरम पर पहुंचेगा, इसके बढ़ने की संभावना है. यह पूछे जाने पर कि क्या इसका मतलब यह है कि आंतरिक प्रदूषण कारक हवा की गुणवत्ता में गिरावट का कारण बन रहे हैं, रॉयचौधरी ने कहा, "बिल्कुल. इसका मतलब है कि आने वाला अधिकांश प्रदूषण स्थानीय स्रोतों से है. अगर हम इस तथ्य पर ध्यान नहीं देते हैं और अपना ध्यान एक कारण पर केंद्रित रखते हैं, तो हम समस्या का सही समाधान नहीं ढूंढ पाएंगे."

## अंतिम चरण में काशी से औरंगाबाद सिक्स लेन का काम, अगले साल शुरू हो जाएगा सफर, 2848 करोड़ से बन रही सड़क

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। 2848 करोड़ की लागत से बन रहे काशी से बिहार के औरंगाबाद सिक्स लेन का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जनवरी माह से इस पर सफर शुरू होने की उम्मीद है। 192.4 किलोमीटर सड़क का निर्माण 2848 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग से पांच जिले जुड़ेंगे। डाफी टोल प्लाजा से लेकर औरंगाबाद तक कई फेज में आरसीसी व बिटुमिन से सड़क



बनाई जाएगी। एनएचएआई के अधिकारियों के मुताबिक उत्तर प्रदेश की सीमा में 56 किलोमीटर सड़क बननी है। इसमें 50 किलोमीटर तक काम पूरा हो गया है। शेष 10 किलोमीटर तक सड़क अभी निमार्णाधीन है। इससे आगे का काम भी तेजी से कराया जाएगा। सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाली जमीन का मुआवजा भी बांट दिया गया है।

#### जुड़ेंगे पांच जिले, नहीं लगेगा जाम

वाराणसी से औरंगाबाद तक बनने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 19 से वाराणसी, चंदौली, कैमूर, रोहतास व सासाराम जुड़ेंगे। सिक्स लेन सड़क के निर्माण से जाम की समस्या दूर हो जाएगी।

### ईरान को चुप कराने के लिए अमेरिका का खतरनाक प्लान! यहां तैनात कर दी परमाणु पनडुब्बी

तेल अवीव. इजरायल को अपने समर्थन देने वाले अमेरिका ने मंगलवार को ऐलान किया है कि



उसकी परमाणु पनडुब्बी को फारस की खाड़ी में तैनात कर दिया गया है. इसके बारे में अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक्स, पूर्व में ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर की है. इसमें बताया है कि ओहियो क्लास सबमरीन जो परमाणु ऊर्जा से चलने में सक्षम है; को फारस की खाड़ी क्षेत्र में तैनात कर दिया गया है. रक्षा अफसरों के अनुसार पेंटागन, ईरान को रोकने के लिए ताकत का प्रदर्शन कर रहा है.

## आबादी नियंत्रण पर अश्लील टिप्पणी पर फंसे नीतीश कुमार, महिला आयोग बोला- माफी मांगें CM

पटना. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को राज्य विधानसभा में अपने भाषण के दौरान जनसंख्या नियंत्रण प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका पर "अश्लील" टिप्पणी करने के बाद खुद विवादों में घिर गए हैं. विधायकों को संबोधित करते हुए, जिसमें कुछ महिला नेता भी शामिल थीं, नीतीश कुमार ने बताया कि महिलाओं की शिक्षा जनसंख्या नियंत्रण में कैसे योगदान देती है. नीतीश कुमार की महिलाओं को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग नाराज है. एनसीडब्ल्यू की चीफ रेखा शर्मा ने कहा कि नीतीश कुमार को तुरंत माफी



मांगनी चाहिए.

रेखा शर्मा ने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि एनसीडब्ल्यू इस देश की प्रत्येक महिला की ओर से सीएम नीतीश कुमार से तत्काल माफी की मांग करता है. विधानसभा में उनकी अमर्यादित टिप्पणी उस गरिमा और सम्मान का अपमान है जिसकी हर महिला हकदार है. उनके भाषण के दौरान इस्तेमाल की गई ऐसी अपमानजनक और घटिया भाषा हमारे समाज पर एक काला धब्बा है. हम इस तरह के व्यवहार के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं और पूरे मामले को लेकर जवाबदेही की मांग करते हैं.

#### वीडियो कुछ ही समय में सोशल मीडिया पर वायरल


विधान सभा में नीतीश कुमार के बयानों का एक वीडियो कुछ ही समय में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें भाजपा ने महिलाओं के खिलाफ ह्यअपमानजनकह्ल टिप्पणी करने के लिए उन पर जमकर हमला बोला है. नीतीश कुमार अपनी स-रकार द्वारा कराई गई नवीनतम जाति जनगणना के आंकड़े पेश कर रहे थे. सोशल मीडिया यूजर्स ने भी सीएम नीतीश कुमार की महिलाओं पर टिप्पणी को गलत बताया है.

## वाराणसी : समय बदला, अब इस समय होगा सारनाथ का लाइट व साउंड शो

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। सारनाथ में होने वाले लाइट एंड साउंड शो के समय में बदलाव किया गया है। पर्यटन विभाग ने इसमें बदलाव करते हुए अब शाम 6.30 से सात बजे तक कर दिया है।

लाइट एंड साउंड शो के जरिये गौतम बुद्ध की प्रथम उपदेशस्थली आने वाले पर्यटकों को उनके जीवन के बारे में जानकारी दी जाती है। पर्यटकों को धमेख स्तूप पर प्रोजेक्टर के जरिये महात्मा बुद्ध के जीवन की पूरी कहानी दिखाई जाती है। शाम 6.30 से शुरू होने वाले शो के लिए पर्यटकों को शाम छह बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा।



## नक्सली उत्पात के बीच छत्तीसगढ़ चुनाव के पहले चरण में 71.11 प्रतिशत तो मिजोरम में 77% हुई वोटिंग

रायपुर / आइजोल. छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मंगलवार को 71.11 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला तो वहीं मिजोरम में 77 प्रतिशत से अधिक ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया. मिजोरम के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने कहा कि मतदान 80 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है, क्योंकि दूर-दराज के जिलों से अंतिम रिपोर्ट आनी बाकी है. छत्तीसगढ़ के नारायणपुर, बीजापुर और कांकेर जिलों में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी भी हुई.

इधर, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के 20 विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार को पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया गया तथा शाम पांच तक इन सीट पर कुल 40,78,681 मतदाताओं में से 71.11 फीसदी ने वोट डाला. उन्होंने बताया कि यह आंकड़ा बढ़ सकता है क्योंकि कई मतदान केंद्रों से अंतिम आंकड़े अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं. पहले चरण की विधानसभा सीट पर महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है. पहले चरण में महिला मतदाताओं की संख्या 20,84,675 है जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 19,93,937 है.

#### छत्तीसगढ़ में अलग- अलग समय में हुआ मतदान

पहले चरण में जिन 20 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ, उनमें से 10 पर सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक तथा शेष 10 सीटों पर सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान कराया गया. अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्रोंझ्र मोहला-मानपुर (दुर्ग संभाग), अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा (सभी बस्तर संभाग में) में मतदान सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान हुआ. उनके अनुसार शेष 10 निर्वाचन क्षेत्रों झखैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, पंडरिया और कवर्धा में सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे के बीच मतदान हुआ.




# आटा ले लो आटा ,मोदी ब्रांड सस्ता आटा

**दैनिक समाज जागरण**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच केंद्र सरकार ने ' सस्ता आटा,सस्ती दाल ' लांच कर एक नेक काम किया है । सरकार की ये जनकल्याणकारी योजना है क्योंकि देश में अब एक तरफ अडानी का फार्च्यून आटा आम जनता का खून पी रहा है तो दूसरी तरफ अडानी दाल । ऐसे में अडानी के कान खींचने के बजाय सरकार ने अपनी ही देशी सहकारी संस्थाओं को अडानी के मुकाबले मैदान में उतार दिया या यूं कहिये खुद मैदान में मोर्चा सम्हाल लिया । खुद प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस ' भारत आटे ' की ब्रांडिंग करने की उदारता दिखाई है। केंद्र सरकार देशभर में 27.50 रुपए प्रति किलो की कीमत पर 'भारत आटा' उपलब्ध कराएगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 6 नवंबर को दिल्ली में आटे के वितरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसे 10 किग्रा और 30 किग्रा के पैक में उपलब्ध कराया जाएगा।

मोदी जी देश के पहले उदार प्रधानमंत्री हैं जो चीनी पेटीएम से लेकर देशी भारत आटा बेचने तक के लिए अपनी तस्वीर के इस्तेमाल की इजाजत देते हैं। वे पांच किलो मुफ्त अन्न का थैला हो या कोरोना से बचाव के लिए लगाए गए टीके का प्रमाणपत्र सभी जगह छपने के लिए राजी हो जाते है। इतना सहज,सरल और उदार प्रधानमंत्री कम से कम मैंने तो अपने जीवन में अभी तक नहीं देखा। इस समय सचमुच जनता महगाई की मार से सिसक रही है । आर्तनाद कर रही है। बाजार पर अडानी और अम्बानी जी का कब्जा है। ये दोनों महानुभाव आटा-दाल से लेकर हर माल पर हावी हैं और इनकी चाबी सरकार के पास भी नहीं है। ऐसे में जनता को राहत देने के लिए सरकार ने मोदी ब्रांड सस्ता भारत आटा और अरहर की दाल बेचने का समानांतर इंतजाम कर सचमुच लोकल्याणकारी काम किया है। सरकार देश की 80 करोड़ आबादी को पहले से मुफ्त का राशन दे रही है । अब जो शेष 60 करोड़ लोग बचे वे मोदी ब्रांड सस्ता भारत आटा और दाल खरीदकर अपना जीवनयापन आसानी से कर सकते हैं। अपने आपको सच्चा भारतीय साबित करने कि लिए ससताभारत आटा खाने से सस्ता दूसरा क्या रास्ता हो सकता है ? आपको मै इस योजना के बारे में तफ्सील से बताये देता हूँ । आधिकारिक जानकारी के मुताबिक देशभर में कोई 2 हजार ठिकानों पर यह मोदी ब्रांड सस्ता आटा मिलेगा। इसे नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ ही नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया , सफल, मदर डेयरी और अन्य सहकारी संस्थानों के माध्यम से बेचा जाएगा।

देश में इस समय अलग-अलग ब्रांड का आटा 35 से 50 रुपए किलो के भाव से बिक रहा है । जिसकी जैसी हैसियत है ,वो वैसा आटा खरीदता है । मैंने भी अपनी हैसियत कि मुताबिक कल ही सबसे सस्ता 35 रुपए किलो के भाव से दस किलो आटा खरीदा। पहले हम लोग पूरे साल के लिए गेंहू खरीदकर रखते थे और फिर चक्की पर जाकर गेंहू पिसवा लाते थे । अब न गेंहू खरीदकर भंडारण की क्षमता बची है और न चक्की तक जाने का हौसला ,सो मजबूरन अडानी,अम्बानी आशीर्वाद ब्रांड आटे पर निर्भर रहना पड़ता है। सरकार बताती है कि मोदी ब्रांड भारत आटा बनाने केलिए ढ़ाई लाख मीट्रिक टन गेहू काआवंटन विभिन्न सरकारी एजेंसियों को किया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने भी माना है कि देश में आटे की औसत कीमत 35 से 50 रुपए किलो है। गेहूं की लगातार बढ़ती कीमत की वजह से त्योहारी सीजन में आटे की कीमत में तेजी को देखते हुए सरकार ने सस्ते दाम पर आटा बेचने का फैसला किया है।

हमारी सरकार मँहगाई से जूझने कि लिए आजकल सीधे बाजार में बनिया बनकर उतर आती है। ये दुस्साहस का काम है अन्यथा सरकार का काम प्रशासन करना होता है न कि दाल-आटा बेचना । पिछले दिनों जब प्याज मंहगी हुई तो सरकार प्याज बेचने लगी थी । दाम बढ़ने से रोकने कि बजाय खुद ही उस जिंस को बेचना ज्यादा आसान काम है । हमारी सरकार हमेशा आसान काम को प्राथमिकता देती है । प्याज की बढ़ी कीमतों से उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार ₹25 किलो की दर से प्याज बेच रही है। नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और नेफेड ₹25 किलो के भाव से सस्ती प्याज पहले से ही बेच रही हैं। नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया 20 राज्यों के 54 शहरों में 457 खुदरा भंडारों पर कम दाम पर प्याज बेच रही है। जबकि नेफेड 21 राज्यों के 55 शहरों में 329 खुदरा भंडारों कि माध्यम से घटी ड्रोन पर प्याज बेच रही है।केंद्रीय भंडार ने भी बीते शुक्रवार से दिल्ली-एनसीआर में प्याज की खुदरा बिक्री के अपने आउटलेट्स से शुरू कर दिए । सरकार 60 रुपए प्रति किलो के भाव पर भारत (चने की दाल उपलब्ध करा रही है। अगर आपको ये सस्ता माल नहीं मिल रहा है तो आप बदनसीब हैं।

आपको मालूम ही है कि हमारी केंद्र सरकार सबको साथ लेकर सबका विकास करने के अलावा बेचने में सिद्धहस्त है । पिछले दस साल ने देश का जितना सामान बेचने लायक था सीना ठोंक कर बेच डाला। लेकिन देश का दीवाला नहीं निकलने दिया । आखिर सरकार सरकारी सम्पदा को बेचे न तो देश की 80 करोड़ आबादी को मुफ्त में पांच किलो अन्न कहाँ से दे ? इसके लिए कोई अडानी,अम्बानी तो अपने खजाने खोलेंगे नहीं ! अडानी-अम्बानी तो खुद व्यापारी है। मिलकर देश में समानांतर सरकार चलते हैं। खुद सरकार को उनके इशारे पर भरतनाट्यम करना पड़ता है । वे अपने दम पर दुनिया को मुठ्ठी में कर लेते हैं। पहले भी कर लेते थे और अब भी कर रहे हैं।

मै तो कहता हूँ कि केंद्रीय चुनाव आयोग [केंचुआ ] भी सरकार की ही तरह उदारता दिखाए और पांच राज्यों के लिए होने वाले चुनावों में मतदान के दिन मतदान केंद्रों के बाहर लगने वाले राजनीतिक दलों के बूथों पर भारत आटा बेचने की व्यवस्था करे। जनता अपना कीमती वोट सर्कार को दे और लौटते में सस्ता आटा साथ लेकर जाए। वैसे भी चुनाव के समय 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की योजना के विस्तार की घोषणा जब आदर्श आचार संहिता का उललंघन नहीं है तो मोदी ब्रांड भारत आटा बेचने से कौन से आदर्श आचार संहिता का उललंघन हो जाएगा ? यूं तो ये संहितायें होती ही उललंघन करने कि लिए हैं। उस लक्ष्मण रेखा का क्या लाभ जिसे कोई लांघे ही न !

**@ राकेश अचल**

## स्वर्ग जाने हेतु खुद मरना पड़ता है

काँटे से काँटा खुद निकालना पड़ता है,
स्वर्ग जाने हेतु खुद मरना पड़ता है।

दुखों से जूझकर ही सुख मिलता है,
तिमिर बीत जाने पर प्रकाश होता है।

विगत निशा, तो अरुणोदय होता है,
जन्म तो मृत्यु, और पुनर्जन्म होता है।

मनुष्य जीवन सचमुच अनमोल है,
लाखों योनियाँ भटक कर मिलता है।

अभिमान का पाखंड खंड खंड कर,
मान सम्मान स्वाभिमान मिलता है।

गुरूर का ज्ञान होने पर इंसान बनता,
इंसान, इंसान बन फरिश्ता बनता है।

घृणा द्वेष मिटने पर स्नेह पनपता है,
सत्य अहिंसा पर चल गाँधी बनता है।

हिंसा त्याग अशोक महान बनता है,
माया मोह त्याग गौतम बुद्ध बनता है।

ह्यआदित्यह्न आज युग का तकाजा है,
मानव के लिये मानव जगाये जज्बा है।

काँटे से काँटा खुद निकालना पड़ता है,
स्वर्ग जाने हेतु खुद ही मरना पड़ता है।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

# युद्ध कैसे रूके ,हमासइइस्त्राइल तो मानने को तैयार ही नहीं

**दैनिक समाज जागरण**

ये यक्ष प्रश्न दुनिया में गूंजने लगा है कि हमास और इस्त्राइल युद्ध कैसे रूके? दुनिया चाहती है कि युद्ध रूके ,शांति हो। इस युद्ध में हो रहे मानवता का विनाश बंद हो। पर प्रश्न है कि हो कैसे ?न इस्त्राइल मानने को तैयार है न हमास।इन दोनों की जंग में गाजापट्टी का आम नागरिक बच्चे और औरतें मर रही हैं।घायल और बीमार को इलाज नही मिल रहा। गाजापट्टी में हुआ विकास बड़े बड़े भवन, व्यापारिक केंद्र अस्पताल खंडहर में तबदील होते जा रहे हैं।

### हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल में हमला करके

इजराइल के साथ-साथ क्षेत्र में चल रहे सामान्यीकरण और शांति के प्रयासों को बंद कर दिया। इस्त्राइल पर हमास ने औचक हमला कर सबको चौंका दिया। किया।इस हमले में 20 मिनट में पांच हजार के आसपास राकेट दागे गए।इतना ही नहीं यह इस्त्राइल का सुरक्षा घेरा और दीवार तोड़कर अपनी सुरक्षा और मारक क्षमता के लिए विख्यात इस्त्राइल में घुंस गए।उन्होंने इस्त्राइल में भारी तबाही मचाई। इस हमले में इस्त्राइल के एक हजार से ज्यादा नागरिक मारे गए। तीन हजार के आसपास घायल हुए हैं। सूचनाएं हैं कि 250 के आसपास महिला और बच्चों सहित इस्त्राइल के नागरिकों का अपहरण कर लिया।हमास के आंतकियों ने महिलाओं का निवस्त्र कर उनके सम्मान को तार तार करने कोई कसर नही छोड़ी। हमास ने सड़कों पर महिलाओं के नग्न शव घुमाए गए थे और बच्चों को काटकर, जलाकर या अन्य क्रूर तरीकों से मार डाला गया था। इसके बाद इजराइल जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

इस्त्राइल की सुरक्षा व्यवस्था, सेना और गुप्तचर व्यवस्था पूरी दुनिया में विख्यात हैं।इस सबके बावजूद वहां इतना बड़ा नुकसान हुआ।इस्त्राइल के पास दुनिया का आधुनिकतम सुरक्षा, प्रतिरक्षा और विश्व विख्यात सूचनातंत्र है।फिर भी वह इस हमले के सामने विफल होकर रह गया। इससे भी महत्वपूर्ण और बडी बात यह है कि इस्त्राइल की सैन्य अजेयता की प्रतिष्ठा धूमिल हो गई है। इससे इजराइल बौखलाया हुआ है। वह गुस्से में बुरी तरह तिलमिला रहा है। परिणाम स्वरूप उसका इरादा हमास को खत्म कर देने का है। एक माह से चालू युद्ध में वह गाजा पर बड़े पैमाने पर हमले कर रहा है।उसका इरादा हमास को पूरी तरह खत्म कर देने का है।इस्त्राइल गाजा पर बड़े पैमाने पर हमले का सहारा ले रहा है ताकि वह उस प्रतिरोध को बहाल करने की कोशिश कर सके जो उसे कभी मिला था, फिर भी यह निश्चित नहीं है कि अगर गाजा को नष्ट कर दिया जाता है और फिर से कब्जा कर लिया जाता है तो भी वह इसे पूरा कर पाएगा।

दरअस्ल युद्ध हमास और इस्त्राइल के बीच है।हमास फलस्तीन का इस्लामिक चरमपंथी समूह है, जो गाजा पट्टी से संचालित होता है। 2007 में गाजा पर नियंत्रण के बाद हमास के विद्रोहियों ने इसराइल को बर्बाद करने की कसम खाई थी।तब से लेकर हालिया हमले तक ये चरमपंथी संगठन इस्त्राइल के साथ कई बार युद्ध छेड़ चुका है।दूसरा पक्ष इस्त्राइल है। हमास और इस्त्राइल के युद्ध में गाजापट्टी का आम नागरिक बच्चे पिस रहे हैं,इसका युद्ध से कोई वास्ता नही। युद्ध से कोई लेना देना नही। हमास इन्ही गाजापट्टी नागिरिकों बीच छिपे बैठे हैं।इस्त्राइल की परेशानी है कि वह हमास लड़ाकों और आम नागरिक में भेद कैसे करे? उसने गाजापट्टी का आम नागरिक से पिछले दिनों अपील भी की कि वह गाजा छोड जांए।काफी चले गए ,किंतु अब भी बड़ी संख्या में गाजा में रहने को मजबूर हैं। आरोप है कि हमास उन्हें नही जाने दे रहा। वह आम नागरिक की आड़ लेकर बचना चाह रहा है।

दुनिया चाहती है कि यह विनाशकारी युद्ध रूके।इस्त्राइल पर दबाव भी है,किंतु सात अक्तूबर का औचक और बड़े पैमान पर हुए हमले को इस्त्राइल भुलाने को तैयार नही। वह हमास को खत्म करके ही रूकने की बात कर रहा है। उधर इसके 250 के आसपास बंदी भी अभी रिहा नही हुए। उस पर मानसिक दबाव है कि अपने इन बंदियों को सुरक्षित रूप से छुडाए।

इसी दौरान फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के प्रवक्ता गाजी हमद ने दावा किया है कि हमास सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमलों को बार-बार दोहराएगा। बता दें कि, इस दिन हमास ने भूमि, वायु और समुद्र के माध्यम से यहूदी राष्ट्र में एक आश्चर्यजनक घुसपैठ शुरू की थी।इसी बीच 24 अक्टूबर को लेबनानी टीवी चैनल एलबीसी के साथ एक साक्षात्कार में, हमास के प्रवक्ता गाजी हमद ने कहा कि, 'हमें पूरी ताकत के साथ यह कहने में कोई शर्म नहीं है। हमें इजराइल को सबक सिखाना होगा और हम ऐसा बार-बार करेंगे।' गाजी हमद ने कहा कि 'इजराइल एक ऐसा देश है जिसका "हमारी भूमि पर कोई स्थान नहीं है और फिलिस्तीनी "कब्जे के शिकार" थे।' उन्होंने "कब्जा समाप्त करने" का भी आह्वान किया।

उधर इसराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू का कहना है कि जंग खत्म होने के बाद "अनिश्चित काल" के लिए गजा पट्टी की "पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी" इसराइल के पास होगी।अमेरिकी चैनल एबीसी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में ये कहा है.इस इंटरव्यू में उन्होंने हमास के कब्जे से बंधकों को छुड़ाए जाने तक युद्ध रोकने की मांग को पूरी तरह खारिज कर दिया।उन्होंने कहा, ह्लजहां तक समय-समय पर छोटे-छोटे विरामों की बात है - एक घंटा या दो घंटे रुकना - हम पहले भी ऐसा कर चुके हैं। मेरा मानना है कि हम परिस्थितियों को देखेंगे, ताकि सामान, मानवीय मदद अंदर आ सके।ह्वअमेरिका, फ्रांस सहित कई यूरोपीय देश इस संघर्ष को अस्थायी रूप से रोकने (पॉज) की अपील कर रहे हैं।उधर इसराइली सरकार में मंत्री एमिचाई एलियाहू ने हमास के खिलाफ ह्यगजा पट्टी में परमाणु हथियार के इस्तेमालह्न की बात की है। हालाकि इसराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने इसका खंडन किया है,किंतु सरकार के एक मंत्री के बयान से स्पष्ट हो जाताहै कि इस्त्राइल इस समस्या से निपटने के लिए किसी भी सीमातक जा सकता है।

हमास के बारे में जानकारी रखने वाले मानते हैं कि सात अक्टूबर को जब हमास ने हमला किया तो उसकी प्लानिंग ने सबको हैरान कर दिया। सात अक्टूबर को किए गए हमले की प्लानिंग से पता चलता है कि हमास लबी अवधि के लिए जंग लड़ने की तैयारी करके बैठा है।जंग शुरू होने से पहले हमास के पास 40 हजार लड़ाके बताए जा रहे थे। इजराइल की बमबारी में नौ हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इजराइल के पास अभी इस सवाल का जवाब नहीं है कि इनमें से कितने हमास के लड़ाके हैं और कितने आम लोग।इजराइली सेना के मुताबिक वो हमास के 50 से ज्यादा टॉप कमांडरों को खत्म कर चुकी है।जंग से पहले हमास के पास 15 हजार रॉकेट्स का जखीरा था। इसमें 8100 से ज्यादा रॉकेट्स इजराइल पर दागे जा चुके हैं। अब भी सात हजार रॉकेट्स बचे हैं। 2008 की जंग के वक्त हमास के रॉकेटों की अधिकतम सीमा 40 किमी (25 मील) थी, लेकिन 2021 तक यह बढ़कर 230 किमी हो चुकी है।गाजा में 80 फीट की गहराई में बनी सुरंगें भी हमास के लिए किसी हथियार से कम नहीं हैं। हमास का प्लान था कि वो इजराइली सैनिकों को सुरंगों के जरिए घेर कर मारेंगे, ताकि इजराइल परेशान होकर जल्द सीजफायर का ऐलान कर दे। इजराइल ने दावा किया है कि वो 100 ऐसी सुरंगों को तबाह कर चुका है। चार नवंबर को इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियल हागरी ने दावा किया कि अब तक की जंग में गाजा अब दो हिस्सों में बंट चुका है। उत्तरी गाजा और दक्षिणी गाजा। उत्तरी गाजा में हम हमास का सफाया कर रहे हैं और दक्षिण में घायलों की मदद। अगर हमें लगता है कि दक्षिण में भी कोई हमास लड़ाका है तो उसे भी मार गिराया जा रहा है। इससे साफ हो गया है कि जंग के 30 दिन पूरे होते-होते इजराइली सेना ने गाजा के दो टुकड़े कर दिए हैं। इतना ही नहीं, महीने भर की इस जंग ने फिलिस्तीन के नक्शे के अलावा हमास की ताकत और मुस्लिम देशों की सियासत को बदलकर रख दिया है। गाजा को हथियारों की सप्लाई ईरान और लीबिया से होती है। इस्त्राइल काप्रयास इस आपूर्ति और हमास की आर्थिक मदद रोकने का होगा ताकि वह जल्दी हथियार डाल दे।

हमास की तैयारी को देखते हुए लगता है कि वह जल्दी हार नही मानेगा। उसने हमला बहुत सोच समय कर किया होगा।उसने हमले से पूर्व उसके परिणाम पर गंभीरता के साथ सोचा होगा। जैसे उसका हमला चौकाने वाला था, हो सकता है कि हमले के बाद इस्त्राइल से निपटने की तैयारी भी चौंकाने वाली हों। ऐसे में युद्ध कितना लंबा चलेगा, यह नही कहा जा सकता।



**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# धन और स्वास्थ्य के अमृतधारी देव भगवान धनवंतरी

**दैनिक समाज जागरण**

भगवान धनवंतरी की पूजा का ही पर्व धनतेरस है। यह पांच दिनों तक चलने वाले महापर्व दीपावली का प्रारंभ पर्व अर्थात प्रथम पर्व होता है। इसके बाद नरक चतुर्दशी, भाई दूज, गोवर्धन पूजा का पर्व भी क्रमानुसार पड़ता है। धनतेरस के दिन वस्तु क्रय करने की भी परंपरा है। इसीलिये आज के दिन बाजारों में बहुत भीड़भाड़ रहती है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार कहते हैं धनवंतरी भगवान समुद्र मंथन में निकले चौदह रत्नों में से एक थे। धनवंतरी अपने हाथों में अमृत कलश लेकर निकले थे। धार्मिक मान्यता है कि धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी की पूजा करने से धन की वृद्धि होती है। साथ ही स्वास्थ्य में भी वृद्धि होती है। व्यापारी वर्ग धनतेरस के अवसर पर गद्दी सजाते हैं। इसके लिये वे पंडितों से शुभ मुहुर्त भी निकलवाते हैं।

आज की संध्यावेला में यम को प्रसन्न करने के लिए दक्षिण दिशा की ओर दीपदान भी किया जाता है। रात्रि को तेरह दीप जलाने की परंपरा है। आज से ही दीप जलाने का नियम भी शुरू हो जाता है। दीप मिट्टी के बने होते हैं। धनतेरस से पटाखों की आवाज भी सुनाई देने लगती है। धनतेरस से तरह-तरह के पटाखों की आवाजें व चमकार की दीपावली में अपने पूरे शबाब पर होती है। धनतेरस के दूसरे दिन नरक चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व अपने पितरों के श्राद्ध करने एवं उन्हें नरक से मुक्ति के लिये मनाया जाता है।

इस दिन भगवान शंकर, हनुमान, विष्णु सहित अन्य देवताओं के पूजन अर्चन हेतु तालाब, चौराहा, गौशाला आदि चौदह स्थानों में दीप जलाया जाता है। प्राचीन मान्यता है कि नरक चतुर्दशी के दिन लक्ष्मी जी का वास तेल में होता है। इस दिन सूर्योदय के पूर्व तिल का तेल लगाकर स्नान करने से लक्ष्मीजी प्रसन्न होती हैं। और लक्ष्मी का वास स्थायी होता है, जिससे घर की दरिद्रता दूर होती है।

धनतेरस के दिन "पहले लोग आभूषण तथा बर्तनों की खरीदी पर जोर दिया करते थे। अब सिर्फ परंपरा का निर्वाह ही दिखाई पड़ता है। धनतेरस पर खरीदी करना शुभ और बरक्कत मानते हैं। दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाकर पर्व का स्वागत किया जाता है। लोग बाग भी अपने लीपे पुते चमकदार घरों में विद्युत बल्बों आदि से सजाकर उसे आकर्षक रूप प्रदान करते हैं। और महापर्व दिवाली के प्रथम दिवस से ही हर्षोल्लास और उत्सव में जुट जाते हैं।



**- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

# स्वाधीनता के संघर्ष, स्वाभिमान से उपजी भारत की एकता, अखंडता।

**दैनिक समाज जागरण**

करीबन आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे सकें। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि "भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है"।

वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई और धीरे-धीरे भारत की मूल धारा में समाहित होती गई। भारत में आगमन के साथ इन्हीं जातियों की परंपराएं, विचारधाराएं, संस्कृति, संस्कार भारत की मुख्य धारा में एक रूप हो गई

और भारत की सांप्रदायिक सौहार्द की भावना आज भी वैसी की वैसी ही है। भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमारी बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस देश की अखंडता एकता समरूपता और परंपरा को मजबूत बनाकर विश्व के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करें। यह सार्वभौमिक सत्य है कि कोई देश यदि संगठित एक रूप और शक्तिमान होता है तो सारा विश्व उसकी इस ऊर्जा शक्ति को चिन्हित कर उसका सम्मान करता है। और उस पर आक्रमण या किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने से भयभीत रहता है। जब तक हम एकता के सूत्र में बंधे तब तक हम मजबूत एवं शक्तिशाली हैं और जब हम खंडित या विघटित हुए तब तब देश कमजोर हुआ है। अब हमें इन विघटनकारी ताकतों और विध्वंस कारी शक्तियों को नियंत्रण में लाकर इन्हें देश से बाहर भगाना होगा और इन पर प्रभावी नियंत्रण कर के देश की संप्रभुता एकता को बनाए रखना होगा। इसके लिए देश के संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकारों, कलाकारों को राष्ट्रीय एकता के लिए अपने को समर्पित भाव से सामने लाकर देश की सेवा करनी होगी।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार,चिंतक, लेखक,**
**रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिला स्वच्छता समिति की बैठक हुई संपन्न, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

**समाज जागरण**

आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला पंचायत राज्य अधिकारी कुंवर सिंह यादव के द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से वर्तमान तक की गई कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण की समीक्षा करते हुए पाया कि जनपद गौतमबुद्ध नगर में 569 व्यक्तिगत शौचायलयों के सापेक्ष 543 व्यक्तिगत शौचालय की प्रथम व 259 शौचालय की द्वितीय किस्त लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी लाभार्थियों के खातों में शत प्रतिशत धनराशि हस्तांतरित कराए जाने की कार्रवाई समय रहते सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने बायोगैस प्लांट के भुगतान एवं ओडीएफ प्लस ग्रामों की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि बायोगैस प्लांट का निर्माण पूर्ण हो चुका है। एजेंसी द्वारा 40 प्रतिशत धनराशि की मांग की गई है एवं पूर्व में 50 प्रतिशत की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। ओडीएफ प्लस ग्रामों की स्थिति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ओडीएफ प्लस कार्य के लिए चिन्हित 53 ग्राम पंचायतों में



एस एल0डब्ल्यू0एम0के कार्यों के लिए क्रेडिट लिमिट जारी की जा चुकी है, जिसके सापेक्ष इन ग्राम पंचायत में आर0आर0सी0सेंटर, नालियों पर सिल्ट केचर, फिल्टर चैंबर, सामुदायिक खाद गड्ढे एवं सोकपिट का निर्माण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज्य अधिकारी को निर्देश दिए की सभी पंचायत सचिव, पंचायत सहायक रोस्टर के अनुसार कार्य करेंगे। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामों की साफ सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए एवं समय-समय पर साफ सफाई कार्यो की मॉनिटरिंग की जाए, ताकि वर्तमान में फैल रही वेक्टर जनित बीमारियों से ही जन्म ग्रामीणों को स्वस्थ रखा जा सके।

बैठक में जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, अन्य संबंधित अधिकारीगण तथा ग्राम प्रधानों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश सरकार डॉ अरुण सक्सेना ने जनपद गौतम बुद्ध नगर का किया सघन भ्रमण।

**समाज जागरण**

मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप प्रदूषण पर अंकुश लगाने एवं कारगर उपाय किए जाने के उद्देश्य से आज माननीय मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन उत्तर प्रदेश सरकार डॉक्टर अरुण सक्सेना ने जनपद गौतम बुद्ध नगर के ओखला पक्षी विहार नोएडा में जनपद गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर के संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। उन्होंने संबंधित क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्राधिकरण, पुलिस विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि संशोधित ग्रेप के संबंध में सी.एक्यू.एम. के जो निर्देश जारी किए गए हैं, उनका जनपद में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए।

उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इन दिनों जनपद में जहां कहीं भी सड़कों पर धूल उड़ रही है, उसको रोकने के लिए शमन उपाय करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं जनपद की सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण करते हुए गड्ढा मुक्त अभियान चलाएं ताकि बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सके।

माननीय मंत्री जी ने गहन समीक्षा करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जनपद में बढ़ते हुए प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उन्नत वाहनों के प्रयोग के लिए जन सामान्य को प्रेरित किया जाए।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में विद्युत आपूर्ति अनवरत रूप से होनी चाहिए ताकि औद्योगिक क्षेत्रों में जो जनरेटर चलाए जाते हैं, उनको चलाने की जरूरत न पड़े। माननीय मंत्री जी के द्वारा संबंधित अधिकारियों का यह भी आह्वान किया गया कि उनके द्वारा कृषकों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाए और उनको पराली जलाने से होने वाले हानिकारक प्रदूषण के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएं साथ ही साथ उनको यह भी जानकारी दें कि खेतों में पराली को जलाना ही एकमात्र उपाय नहीं है वह पराली का सदुपयोग भी कर सकते हैं। जनपद के कृषकों को जागरूक करें कि वह पराली को न जलाएं बल्कि पराली का प्रयोग अपने ही खेतों में पराली की खाद बनाकर खाद के रूप में करें। माननीय मंत्री जी ने अधिकारियों का यह भी आह्वान किया कि उनके द्वारा जनपद के आम नागरिकों को जागरूक किया जाए कि वह ज्यादा से ज्यादा



पब्लिक ट्रांसपोर्ट, इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें ताकि जनपद में बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सके।

इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक के अंत में संबंधित अधिकारियों के द्वारा माननीय मंत्री जी को आश्वस्त किया गया कि पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए उनके द्वारा जो आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं, उनका कड़ाई से पालन करते हुए उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में वन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर पी के श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नोएडा उत्सव शर्मा, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ग्रेटर नोएडा डीके गुप्ता, एसीपी ट्रैफिक नोएडा श्यामजीत, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर के संबंधित अधिकारीगण के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। माननीय मंत्री जी के द्वारा बैठक के उपरांत प्रेस वार्ता करते हुए जनपद के मीडिया बंधुओं को बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्रवाई एवं उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# अष्टम आयुर्वेद दिवस को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से तैयारीयों को लेकर डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न।

**अष्टम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली गतिविधियों को लेकर जनपद में किया जाए व्यापक प्रचार प्रसार: डीएम।**

आगामी 10 नवंबर को जनपद में अष्टम आयुर्वेद दिवस को उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक अधिकारी धर्मेंद्र कुमार केम ने वर्तमान तक की गई गतिविधियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की अष्टम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को आयुष औषधि, खान-पान, आहार विहार एवं योग की जानकारी तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा किसानों को औषधीय पौधों की खेती, हर्बल कीटनाशक के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थानों में पोस्टर, स्लोगन, मोटे अन्न की रेसिपी, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध आदि कार्यक्रम कराये जाएं एवं प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाए। साथ ही विद्यालय में छात्रों को हर्बल गार्डन की स्थापना के लिए प्रोत्साहित भी किया जाए। आयुष महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा संगोष्ठी, पोस्टर, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय यूनानी एवं आयुर्वेद अधिकारी को निर्देश दिए की सभी आयुष चिकित्सालय के माध्यम से जनमानस को आयुष पद्धति एवं उससे लाभ तथा योग के लाभ के बारे में व्यापक-प्रचार प्रसार करते हुए जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में जन भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण पहलू है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों में उचित जीवन शैली, संतुलित खानपान, व्यायाम आदि के बारे



में आयुष चिकित्सकों द्वारा जागरूकता की जाए तथा स्वास्थ्य एवं औषधीय के विषय में जन सामान्य को सलाह देने के उद्देश्य से आयुष की विधाओं आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक के चिकित्सकों के द्वारा कैंप लगाए जाएं।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की 6 नवंबर से 10 नवंबर तक अष्टम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में जो भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं उनकी फोटो प्रतिदिन वेबसाइट ayurvedaday.org.in पर अपलोड की जाएगी। साथ ही अष्टम आयुर्वेद दिवस के संबंध में अधिक जानकारी भी उक्त दी गई वेबसाइट के माध्यम पर जाकर प्राप्त की जा सकती है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रतिनिधि जिला उद्यान अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# मिशन शक्ति 4.0 अभियान के तहत 9 नवंबर को स्वावलंबन कैंप का होगा आयोजन।

**समाज जागरण**

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन शक्ति 4.0 अभियान के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा आगामी 9 नवंबर को जनपद के समस्त तहसील जेवर, दादरी एवं सदर में प्रातः 11 बजे से स्वावलम्बन कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसमे विभाग की लाभार्थी परक योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) तथा स्पान्सर्शिप योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थी आवेदन कर सकते हैं।

## दनकौर-अजायबपुर रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित फाटक संख्या 141/सी, 08 नवंबर से 10 नवंबर, 2023 तक मरम्मत होने के कारण रहेगा बंद।

उत्तर मध्य रेलवे दादरी के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के द्वारा जानकारी देते हुए अवगत कराया गया है कि दनकौर-अजायबपुर रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित फाटक संख्या 141/सी पर मरम्मत कार्य होने के फलस्वरुप दिनांक 08 नवंबर 2023 सुबह 8 बजे से 10 नवंबर, 2023 की शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। इस संबंध में उन्होंने आम नागरिकों का आह्वान किया है कि इस मार्ग से जाने वाले नागरिक फाटक बंद होने की अवधि के दौरान अन्य मार्गों का प्रयोग कर सकते हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# जनपद में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई संपन्न।

**समाज जागरण**

जनपद में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, परिवहन, पुलिस, प्राधिकरण, खनन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने जनपद में ग्रेप स्टेज 4 में लागू प्रतिबंधों का प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित कराने को लेकर ट्रैफिक पुलिस एवं संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में बी.एस. 3 पेट्रोल वाहन एवं बी. एस. 4 डीजल वाहनों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किए जाने के लिए संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ऐसे वाहनों को सीज करने तथा चालान किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनपद में ट्रैफिक को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए प्रभावी आई. टी. एम. एस. प्रणाली के माध्यम से फोटोग्राफ्स द्वारा चालान किया जाए तथा उक्त कार्रवाई के संबंध में जन जागरूकता के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सोशल मीडिया, न्यूजपेपर व रेडियो के माध्यम से किया जाए।

जिलाधिकारी ने ट्रैफिक पुलिस व संभागीय परिवहन अधिकारी कोई यह भी निर्देश दिए कि ऐसे वाहन जो काफी मात्रा में धुएं का उत्सर्जन करते पाए जाते हैं, उनके विरुद्ध चालान करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा जनपद में वाहनों के प्रदूषण सर्टिफिकेट जारी करने वाली इकाइयों की सूची तैयार कर ट्रैफिक पुलिस/उत्तर प्रदेश प्रदूषण



नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए जांच की जाए तथा अनियमित पाए जाने पर नियम अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में कूड़े का निस्तारण समुचित रूप से करते हुए आग लगाने की घटनाओं पर प्रभावी रूप से रोक लगाने के लिए संबंधित प्राधिकरण/स्थानीय निकाय द्वारा निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और यदि कहीं पर भी कूड़ा जलाने का प्रकरण संज्ञान में आता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सड़कों पर मैकेनिक रोड स्वीपिंग द्वारा सफाई तथा पानी का छिड़काव नियमित रूप से किया जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा जनपद में अभियान चलाकर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि कहीं पर भी कोई निर्माण कार्य न हो रहा हो और ना ही कोई निर्माण सामग्री खुले में रखी हो। निर्माण सामग्री पर भी नियमित रूप से पानी का छिड़काव करायें जाने और उसको ढ़ककर रखने के लिए लोगों को जागरूक करें।

जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में वायु प्रदूषणकारी उद्योगों में एनजीटी के निदेर्शों के अनुसार मान्य ईंधन का ही प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। बैठक में वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऋ्र२ प्रजाति के ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाये जाये । एक निश्चित ऊँचाई तक उनको घरों में गमलों में रखा जा सकता है । उदाहरणतया पीपल 24 घंटे ऑक्सीजन देता है और कार्बन डाइऑक्साइड ऑब्जर्व करता है। उन्होंने बताया बड़ी पत्ती वाले पौधों को लगाया जाये। ये पौधे अपने ऊपर धूल को रोकते हैं, जिससे वायु प्रदूषण कम होता है। शहरी क्षेत्रों में कम जगह पर मियावकी पद्धति से घना प्लांटेशन कराया जा सकता है। यह जंगल 3 सालों में बहुत घना हो जाता है और एक बड़े कार्बन ३ल्ल' और ऑक्सीजन टैंक का काम करता है।मियावकी पद्धति से वृक्षारोपण कराने में सभी रेंज फारेस्ट ऑफि सर्स प्रशिक्षित हैं, उनका सहयोग लिया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी, एसीपी ट्रैफिक पवन कुमार, एआरटीओ प्रशासन सियाराम, एआरटीओ दीपक शाह, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# अवैध अड्डों से खरीद कर मदिरा का सेवन ना करें, जिसमें मिथाइल एल्कोहल हो सकता है।

## अवैध शराब की बिक्री के संबंध में फीडबैक मांगने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के मोबाइल नंबर किए जारी।

अवैध अड्डों पर बिकने वाली शराब के सेवन से जन सामान्य को बचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुये जानकारी दी है कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कुछ असामाजिक/अराजक तत्वों द्वारा निजी स्वार्थवश अवैध तरीके से मादक पदार्थ व शराब तैयार कर चोरी-छिपे अवैध अड्डों से विक्रय किया जा सकता है। अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है। अतः किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें। उन्होंने यह भी बताया कि अवैध शराब पीने से बचें/अधिकृत आबकारी दुकानों से ही क्यू0आर0 कोड एवं सील लगी, निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा खरीदें । अवैध मदिरा के निर्माण या बिक्री एवं अवैध मदिरा की तस्करी आदि के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसकी सूचना सम्बन्धित अधिकारियों के यथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 गौरव चन्द 9454466423, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रवि जायसवाल 9454466424, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 डा0 शिखा ठाकुर 9454466425, आबाकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 अभिनव शाही 9454466426, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 चन्द्रशेखर सिंह 9454466427, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 नामवर सिंह 9454466428, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-7 आशीष कुमार 9454466429 दूरभाष नम्बरों के साथ-साथ आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर 14405 व व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा। सौजन्य से

# आयुक्त खाद्य सुरक्षा उत्तर प्रदेश एवं डीएम के निदेर्शों के क्रम में जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण एक्शन में।

**आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकार गण जनपद में निरंतर चला रहे हैं जांच अभियान।**

**समाज जागरण**

आयुक्त खाद्य सुरक्षा उत्तर प्रदेश एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर जांच अभियान चला कर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त अर्चना धीरान के निर्देशन में तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीम द्वारा तुगलपुर सब्जी मंडी ग्रेटर नोएडा में छापामार कार्रवाई कर जांच के लिए नमूने संग्रहित किए गए। टीम द्वारा स्टैंडर्ड पनीर भण्डार से पनीर का नमूना लिया गया व जे एस पनीर भण्डार सब्जी मंडी तुगलपुर तथा जेशान पनीर भण्डार सब्जी मंडी तुगलपुर से दो नमूने पनीर व खोया तथा विकास गुप्ता किराना स्टोर सब्जी मंडी तुगलपुर से एक नमूना बटर मार्ग्रिन



ब्लेंड घी के नमूने लेकर खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं, उसके बाद टीम ने बीटा २ स्थित स्मॉल में ओमेक्स मॉल में विशाल मेगा मार्ट पर कार्रवाई की। टीम द्वारा संदेह के आधार पर एक नमूना अचार ब्रांड इमली ट्री, एक नमूना प्रीत लाइट कुकिंग मीडियम घी तथा एक नमूना सरसों का तेल, एक अरहर की दाल तथा एक नमूना आईसीसी बेसन लड्डू के लिए गए। टीम ने छापामार कार्यवाही कर कुल 11 नमूने एकत्रित किए गए।

**खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जनपद में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 11 नमूने जांच के लिए किये संग्रहित।**

टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनरेश, आर पी गुप्ता, मुकेश कुमार, विजय बहादुर पटेल, विशाल गुप्ता, रेनू सिंह व शमशुन आदि उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त अर्चना धीरान ने सभी खाद्य कारोबारियों से अपील है कि वे गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ का ही विक्रय करें। मिलावटी एवं दूषित खाद्य पदार्थों की खरीद न करें। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि आगे भी जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर जांच अभियान चलाया जाएगा। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट: फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ डीके गुप्ता को किया गया आमंत्रित

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) के 10वें संस्करण से पहले गुजरात सरकार ने फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ डीके गुप्ता और निदेशक डॉ रश्मि गुप्ता को आमंत्रित किया। सोमवार छह नवंबर को लखनऊ में रोड शो का आयोजन हुआ। गुजरात के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री रुशिकेश पटेल ने इस रोड शो का नेतृत्व किया।

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 10वें संस्करण से पहले राज्य सरकार ने उद्योग जगत के अग्रणियों से बातचीत करने और उन्हें आगामी श्ऋ्रह्न में आमंत्रित करने के लिए कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रोड शो का आयोजन किया। नई दिल्ली में कर्टन रेजर कार्यक्रम की सफलता और मुंबई, कोलकाता, चंडीगढ़, चेन्नई, जापान, यूरोप, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम और दक्षिण कोरिया में सफल रोड शो के बाद, गुजरात सरकार ने सोमवार को लखनऊ में रोड शो का आयोजन किया। फेलिक्स अस्पताल के संस्थापक डॉ. डीके गुप्ता और डॉ. रश्मी गुप्ता ने ग्लोबल समिट में कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की उन्होंने बताया किस प्रकार फेलिक्स अस्पताल अपने कोलेब्रेशन के साथ गुजरात की जनता तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा सकता है डॉ. रश्मी गुप्ता ने कहा फेलिक्स अस्पताल उच्चतम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए और घर-2 तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयाश कर रहा है । उन्होंने हेल्थ केयर को विस्तृत रूप देने, पब्लिक एवं प्राइवेट सहयोग, सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज और समाज में प्रतिष्ठित लोगों के सहयोग से सभी को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने पर चर्चा की

श्री रुशिकेश पटेल और फेलिक्स हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. डीके गुप्ता के बीच चर्चा के दौरान, निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। इन बिंदुओं में स्वास्थ्य देखभाल को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड की भूमिका , लगातार उच्च स्तर का पेशेंट सैटिस्फैक्शन, क्वालिटी हेल्थकेयर जैसे महत्त्वपूर्ण विषय शामिल थे। चर्चा में अन्य विषय पर भी ध्यान केंद्रित हुआ जैसे पीपीपी मॉडल के माध्यम से सरकार के साथ सहयोग, राज्य में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक और निजी दोनों के लिए पारस्परिक लाभ। डॉ. गुप्ता ने उन निवेशकों का खुले दिल से स्वागत करने की मंशा जताई जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का मकशद रखते है, जितना दृष्टिकोण दीर्घकालिक स्थिरता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है । इसके अतिरिक्त, बातचीत में स्वास्थ्य विभाग में नए अवसर , मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और गुजरात में रोबस्ट हेल्थकेयर सिस्टम बनाने के लिए संस्थान, आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, सामुदायिक सहयोग , बुनियादी ढाँचा और हरित स्वास्थ्य सेवा पहल सभी चर्चा के अभिन्न अंग थे। गुजरात सरकार के प्रतिनिधिमंडल और फेलिक्स अस्पताल के बीच जुड़ाव एक सकारात्मक कदम है गुजरात में स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच और सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में चचाएँ सफल रहीं इस आमंत्रण के अवसर पर डॉ. डीके गुप्ता और डॉ. रश्मी गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ एक भोजन भी किया। इस भोजन के दौरान महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर चर्चा की गई गुजरात के माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, उच्च और तकनीकी शिक्षा, कानून, न्याय, विधायी और संसदीय मामलों के मंत्री ऋषिकेश पटेल ने आरएसपीएल ग्रुप, वी गार्ड, सनसोर्स एनर्जी और ल्यूमिनस पॉवर टेक्नोलॉजीस जैसे संगठनों के प्रमुखों के साथ बैठकें की। उनके संबोधन के बाद वाइब्रेंट गुजरात 2024 को लेकर प्रमोशनल फिल्म की स्क्रीनिंग भी हुई। फिर गुजरात सरकार के ऊर्जा एवं पेट्रोकेमिकल विभाग की प्रमुख सचिव आ-ईएएस ममता वर्मा की ओर से गुजरात में मौजूद व्यावसायिक अवसरों पर एक प्रजेंटेशन दी गई। कार्यक्रम के दौरान एक्सपीरियंस शेयरिंग सेशन भी हुआ। इसके बाद गुजरात सरकार के माननीय मंत्री ऋषिकेश पटेल सभी को संबोधित किया। रोड शो के बाद मंत्री रुशिकेश पटेल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस रोड शो का उद्देश्य गुजरात को वाइब्रेंट गुजरात 2024 के माध्यम से ह्यगेटवे टू द फ्यूचरह्ल के रूप में स्थापित करना है। इससे दुनिया भर के कारोबार और कंपनियों को गुजरात के अलग-अलग सेक्टर से जुड़ने और उन्हें एक्सप्लोर करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, यह रोड शो गुजरात के फ्यूचर-रेडी मेगा प्रोजेक्ट जैसे गिफ्ट सिटी, धोलेरा एसआईआर और मंडल बेचारजी एस-।आईआर के लिए निवेश आकर्षित करने का प्रयास करेगा।

# डग्गामार और रोडवेज बस में हुई भिड़ंत
## डग्गामार बस के चालक की मौत, 10 यात्री घायल

शिकारपुर। दिल्ली-बदायूं हाईवे पर सलेमपुर थाना गेट के पास डग्गामार और रोडवेज बस में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में डग्गामार बस के चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 10 यात्री घायल हो गए।

मंगलवार की शाम बदायूं डिपो की रोडवेज बस दिल्ली से बदायूं जा रही थी। शिकारपुर से बुलंदशहर की तरफ जा रही डग्गामार बस की सलेमपुर थाना गेट के पास टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों बसें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में डग्गमार बस का चालक शिकारपुर के मोहल्ला लाल दरवाजा निवासी 55 वर्षीय शमशाद पुत्र शान मोहम्मद स्टेयरिंग में फंस गया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। लोगों ने उसे मृत अवस्था में चालक सीट से उतारा। हादसे की सूचना पाकर एसडीएम



शिकारपुर विमल किशोर गुप्ता और सलेमपुर थाना प्रभारी पम्मी चौधरी मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घायलों को विभिन्न अस्पतालों में उपचार हेतु भेजा। जिस कारण खबर भेजे जाने तक घायलों के नाम और पता ज्ञात नहीं हो पाए हैं। एसडीएम ने बताया कि हादसे में 10 यात्री घायल हुए हैं। जेसीबी बुलाकर हाईवे से क्षतिग्रस्त हुई दोनों बसों को हटवाकर रास्ता खुलवाया गया।

# औरंगाबाद समाहरणालय के अंतर्गत विभिन्न सरकारी कार्यालय के डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्मियों ने समाहरणालय गेट के समीप काला बिल्ला लगाकर सरकार के विरुद्ध जताया रोष.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार )- बिहार राज्य डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ के आह्वान पर जिला इकाई औरंगाबाद के तत्वाधान में मंगलवार को जिला के सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर ने काली पट्टी लगाकर अपने कार्यालय में कार्य को करते हुए सरकार के विरुद्ध रोष प्रकट किया . इस संबंध में औरंगाबाद जिला इकाई के अध्यक्ष आलोक रंजन पांडेय ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रोगामर आईटी और स्टेनोग्राफर 11 नवंबर तक पंचायत से लेकर जिला




मुख्यालय तक काला पट्टी बांधकर सरकार का विरोध जताएंगे. उन्होंने आगे कहा कि समायोजन नहीं होने के बाद 28 और 29 नवंबर को बिहार राज्य के तमाम डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रोगामर आईटी और स्टेनोग्राफर सामूहिक अवकाश पर रहेंगे.इसके बाद भी सरकार पहल नहीं करती है, तो बाध्य होकर सभी डाटा ऑपरेटर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे .इस अवसर पर संदीप कुमार सिन्हा, नीलकमल प्रसाद, दशरथ प्रसाद, रमेश प्रसाद , सुशील कुमार , विनोद कुमार ,श्रीमतीकविता कुमारी, श्रीमती रेणु कुमारी, अभिषेक कुमार , जितेंद्र कुमार ,अनुराग कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे .

# शब्दाक्षर बिहार प्रदेश की औरंगाबाद इकाई द्वारा काव्य-संध्या का किया गया आयोजन - डॉ.कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार )- राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' की औरंगाबाद जिला इकाई के तत्वावधान में शहर के बिराटपुर स्थित ज्ञान कुंज विद्यालय के सभागार में एक काव्य-संध्या का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता



शब्दाक्षर बिहार के प्रदेश संगठन मंत्री विनय मामूली बुद्धि तथा संचालन जिला संगठन सचिव अनिल कुमार ने किया. गोष्ठी का शुभारंभ मंत्रध्वनि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया.

शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-प्रसारण प्रभारी डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र 'पद्मनाभ' ने शब्दाक्षर औरंगाबाद के इस साहित्यिक आयोजन पर हार्दिक खुशी व्यक्त करते हुए जिला समिति के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं. 'शब्दाक्षर' के कुटुंबा प्रखंड अध्यक्ष कुमार सानू मौर्य ने सरस्वती वंदना के साथ कवि-गोष्ठी की विधिवत शुरूआत की.श्री मौर्य की 'मत हंसा कर अश्कों पर कभी किसी के, आंसू हमेशा दर्द के सबूत ना होते।' अनिल अनल की "वारि वायु की बातें करे क्या कोई, जब प्रदूषित यहां आदमी हो गया है .सिसकती खड़ी आदमीयत कहीं, आदमी में यहां आदमी खो गया", उपाध्यक्ष जनार्दन मिश्र जलज की "ज्ञान ज्योति का पर्व है, हृदय करो उजियार। मन का दीपक जब जले, जगमग जग संसार" पंक्तियों पर तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर गुंजित हो गया. नागेंद्र कुमार केसरी की प्रस्तुति- "एक नन्हा बच्चा सोया था, मीठे सपनों में खोया था" पर दर्शक व श्रोता भाव-विह्वल होकर आंसू पोंछते नजर आये.नवोदित शायर हिमांशु चक्रपाणि की गजल "जब किसी रोज मेरे दिल की गली तू आई, तो लगा जैसे किसी बाग से खुशबू आई", कवि अनुज बेचैन की 'प्रेमचंद तुम्हारी याद आती है आज भी' पंक्तियां काफी प्रशंसित हुईं। शब्दाक्षर औरंगाबाद जिलाध्यक्ष धनंजय जयपुरी की श्रृंगार रस से ओत-प्रोत कवित्त -"द्वार खड़ी इक सुन्दर नार लगे जस मन्मथ की यह जाया, है कच रम्य कपोल सुरम्य कुचादि अनन्य व कंचन काया" ने उपस्थित जन सामान्य के मन में प्रेम रस का संचार कर दिया.अध्यक्षीय उद्बोधन में मामूली बुद्धि ने उक्त संस्था के माध्यम से लोगों को साहित्यिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया. गोष्ठी में सुरेश विद्यार्थी, राहुल कुमार, अनिल कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, मोहम्मद परवेज आदि अनेक साहित्यानुरागी उपस्थित थे.

# छात्र राजद प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे देव,सूर्य मंदिर किया पूजा अर्चना।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव**
**जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 7नवंबर 2023:-**

औरंगाबाद जिले के सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में सोमवार को छात्र राजद के द्वारा छात्र संवाद का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव एवं छात्र राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत कुमार मौजूद थे ।कार्यक्रम के बाद वे छात्र राजद के विभिन्न कार्यक्रम में शिरकत करते हुए रात्रि में औरंगाबाद अतिथि गृह में ठहरे ।उसके बाद ठल 19 के माध्यम से बुधवार की दोपहर देव मोड़ पहुंचे जहां मदनपुर छात्र



राजद प्रखंड अध्यक्ष गुंजन अहिराना के नेतृत्व में सैंकड़ो की संख्या में छात्र राजद के कार्यकताओं ने स्वागत किया ।उसके बाद देव नरची गेट पहुंचे जहां विक्रम कुमार के नेतृत्व में स्वागत करते हुए कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए देव सूर्य मंदिर ले गयें ।प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव को देव नगर पंचायत के वार्ड पार्षद पंकज कुमार यादव ने ऐतेहासिक देव सूर्य मंदिर के प्रतीक चिन्ह देकर देव की महिमा और ऐतेहसिकता के बारे में विस्तृत रूप से बताया ।उसके बाद विधि विधान से सूर्य सूर्य मंदिर में मौजूद पुजारी ने पूजा पाठ करवाया ।इस दौरान उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले के छात्रों की समस्या को निदान करने के बात कही। गगन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में कई विषयों की पढ़ाई नहीं होती है इसको लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के समक्ष बात रखेंगे साथ ही साथ सभी समस्याओं का समाधान होगा ।छात्र राजद मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा की छात्र संवाद से पूरे बिहार में एक अलग ही मैसेज जाएगा ।छात्र राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि छात्र राजद हमेशा छात्र हित की बातें करता है ।विकाश यादव सदर प्रखंड अध्यक्ष, सुशील कुमार ,गुंजन अहिराना,चन्दन यादव ,वार्ड पार्षद पंकज कुमार यादव, संतोष, मंजीत,विक्रम , निस्कांत,शत्रुघ्न, गुलशन, अभिषेक, विक्रम, रवि, विवेक , रौशन ,सुनील सहित अन्य छात्र राजद के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महिला और किशोरीयों ने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया शपथ!

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)बाल विवाह, बाल उत्पीड़न , बाल तस्करी एवं बाल शोषण मुक्त बनाने को लेकर गोह प्रखंड के पंचायत सरकार भवन पर मंगलवार को बलहित धारकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन दीप ज्योति कल्याण संस्थान सह सहयोगी कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार के अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।प्रशिक्षण में उपस्थित सभी बाल हित धारकों का स्वागत अभिनंदन सामुदायिक सोशल वर्कर जिग्यासा कुमारी और बिंदु कुमार के द्वारा किया गया । कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे कल्याण पदाधिकारी ने अपने संबोधन में राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और बाल विवाह के खिलाफ चल रहे मुहिम तथा बिहार महादलित विकास मिशन के बारे में विस्तारपुर्वक बातें रखा जिससे उपस्थित लोग बहुत लाभांवित हुए ।जिला समन्वयक मनोज कुमार निराला ने, कैलाश सत्यार्थी का देश व्यापी अभियान बाल संरक्षण और बाल सुरक्षा तथा बाल विकास के मुहिम पर विस्तार पुर्वक बातें रखा। उन्होंने कहा कि देश के 300 जिलों में बाल विवाह मुक्त भारत का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें औरंगाबाद भी शामिल है। अब तक बहुत बड़े पैमाने पर बाल विवाह, बाल श्रम बाल तस्करी और बाल यौन शोषण से बहुत सारे बच्चों को




बचाया जा चुका है। इसी क्रम में हम और हमारी टीम ने भी अब तक चार बच्चों को रेस्क्यू करा कर बचाई है। आगे पंचायत के पंचायत समिति और विकास मित्र ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानूनन अपराध है और यह समाज के लिए घोर अभिशाप है। यह समाज को खोखला और बच्चों के अधिकारों का हनन करता है। इसलिए इसे जल्द से जल्द खत्म करने की आवश्यकता है। सामुदायिक सोशल वर्कर बिंदु कुमार ने बोला कि बाल विवाह मुक्त भारत मुहिम का लक्ष्य है 2030 तक बाल विवाह को खत्म करने का लक्ष्य है । मौके पर उपस्थित रितेश कुमार ने बाल यौन उत्पीड़न के बारे में बताया और यह भी कहा कि हमारे देश में हर चौथा अपराध बच्चों से जुड़ा हुआ होता है, इसलिए बच्चों के हितों की रक्षा करना परम कर्तव्य है। उपेंद्र दास ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित परवरिश योजना और स्पॉन्सरशिप योजना आदि के बारे में जानकारी दिया। सरिता कुमारी जी ने बाल तस्करी के बारे में बताते हुए कहा कि यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है और हर 8 मिनट पर एक बच्चा गायब हो जाता है। बाल तस्करी बच्चों के शोषण यौन उत्पीड़न अंग व्यापार वेश्यावृत्ति भिक्षावृत्ति हाउस मेट अन्य कई कामों के लिए किया जाता है। बच्चों से संबंधित अन्य कई मुद्दों पर पंचायत के समाजसेवी और वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा और यह निश्चय किया गया की अपने पंचायत में कोई भी बच्चा के साथ किसी भी तरह का समस्या हो तो उसे रोकने का काम किया जाएगा। अध्यक्षता कर रहे प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्री अशोक कुमार जी के अगुवाई में बाल विवाह, बाल शोषण, बाल श्रम और बाल तस्करी को रोकने और रुकवाने के लिए शपथ ग्रहण कराया गया और अंत में लोगों के प्रश्नों का उत्तर देकर माननीय अध्यक्ष महोदय के द्वारा सभा का समापन किया गया। इस मौके पर विकास मित्र, शिक्षक, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, पंच, सरपंच, जीविका दीदी, बिहार महादलित विकास मिशन अंतर्गत किशोर किशोरी समूह के सदस्य, ग्राम कचहरी सचिव और न्याय मित्र तथा अन्य बाल हित धारकों सहित आम ग्रामीण जनता ने सफलतापूर्वक भाग लिया।

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वाधान में जल जीवन हरियाली दिवस का किया गया आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**
**वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग गया के तत्वधान में जल जीवन हरियाली दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया गया. जिसका दीप प्रज्वलित कर अमित कुमार निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क एवं मिशन निदेशक अजीत कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि जल जीवन हरियाली एक अभियान है ,जो जन मानस को संयुक्त करना है. 15 विभाग के द्वारा जल जीवन हरियाली योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है. इसके तहत 11 अवयवों की जानकारी बैठक में दिया गया है. उन्होंने आगे कहा कि जल जीवन हरियाली अभियान मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है. जिसका



सभी माध्यमों से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के अधिकारियों के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है. वही सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग कि संयुक्त सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जल जीवन हरियाली अभियान को सफल बनाने के लिए जन जागरूकता जरूरी है.विभाग के द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, होर्डिंग एवं फलैक्स, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है.कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार पाठक, एवं सहायक निदेशक ने द्वारा किया गया .जल जीवन हरियाली कार्यक्रम में 11 विभागों के पदाधिकारी ने कृत कार्यों के संबंध में प्रकाश डाला . तथा जल जीवन हरियाली अभियान को सफल बनाने के लिए जन सहभागिता जरूरी है. इस अभियान को जन-जन से जोड़ने में मीडिया की अहम भूमिका रही है.आज विभाग द्वारा आयोजित जल जीवन हरियाली अभियान का सीधा प्रसारण किया गया .इस अवसर पर गया जिला के जिला जन संपर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव, सूचना लिपिक रघुवंशमणि वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित रहे.

# मां तारा नगरी केसपा की प्रथम महिला शिक्षिका एवं नारी सशक्तिकरण की प्रतीक स्वर्गीय कमला देवी का मध्य विद्यालय केसपा में श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**
**वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार) - गया जिला के टिकारी अनुमंडल अंतर्गत माँ तारा नगरी केसपा की प्रथम महिला शिक्षिका एवं नारी सशक्तिकरण की प्रतीक कमला देवी के निधन के उपरांत आज मध्य विद्यालय केसपा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया.कमला देवी का निधन उनके पटना स्थित आवास पर 30 अक्टूबर की रात्रि में हुआ था. उन्होंने अपने जीवन का नब्बे वसंत पूरा कर लिया था.उनके निधन के उपरांत शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा.क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार एवं उनके पारिवारिक सदस्य सह पूर्व विधायक नरेन्द्र कुमार, सेवानिवृत्त क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन विभाग डॉ उपेन्द्र नारायण शर्मा सहित अनेकों लोगों ने उनके पटना स्थित आवास पर उनके पुत्र संजय कुमार को सांत्वना प्रदान किया. कमला देवी ने अपना सम्पूर्ण जीवन मध्य विद्यालय केसपा को समर्पित कर दिया. उन्होंने



शिक्षक के रूप में सैदव अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन किया.आज मध्य विद्यालय के प्रांगण में ग्रामीणों के सौजन्य से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया.सभा मे उपस्थित सभी लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए योगदान को याद किया.जिस दौर में बेटियों को घरों से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती थी,उस दौर में कमला देवी ने सरकारी शिक्षक के रूप में योगदान दिया एवं समाज में नारी शिक्षा का प्रसार किया.उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नही किया एवं सैदव एक स्पष्ट वक्ता के रूप में जानी जाती रही.इस सभा की अध्यक्षता व संचालन समाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने किया.इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार, शिक्षक मृत्युंजय कुमार पुष्पा कुमारी मालती देवी कौशल्या देवी पूर्व जिला पार्षद सत्येंद्र नारायण डॉ मृत्युंजय कुमार ,पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, श्री धरणीधर प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य ललन शर्मा, बृजमोहन शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार,सरपंच प्रतिनिधि राहुल कुमार,नागेन्द्र सिंह, कामता शर्मा,अरुण शर्मा, विक्रम कुमार, सिद्धेश्वर शर्मा, सुनील पाठक, संजय अथर्व सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। सभा के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन व्रत रखा गया,एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया .

# एनएमओपीएस की बिहार इकाई ने आगामी 10 दिसंबर को पटना में पुरानी पेंशन मानवाधिकार महारैली का आयोजन को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री को सौपा ज्ञापन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**
**वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

पटना( बिहार):-एनएमओपीएस (पुरानी पेंशन बहाली हेतु प्रतिबद्ध राष्ट्रीय संगठन) की बिहार इकाई के तत्वाधान में मंगलवार को दिन बिहार के मुख्यमंत्री को पुरानी पेंशन लागू करने को लेकर ज्ञापन सौपा . तथा बिहार के मुख्यमंत्री को आगामी 10 दिसंबर 2023 को पटना में पुरानी पेंशन मानवाधिकार रैली हेतु आवेदन दिया गया, जिसकी प्रतिलिपि मुख्य सचिव बिहार तथा जिला पदाधिकारी पटना को भी दी गई. उक्त जानकारी एनएमओपीएस के प्रदेश अध्यक्ष वरुण पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही. उन्होंने आगे कहा कि रैली में बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 01 लाख पेंशन विहीन पदाधिकारी/ कर्मचारियों के भाग लेने की संभावना है. उन्होंने आगे कहा



कि राज्य स्तरीय टीम का पुनर्गठन कर सभी संघो के सरकारी सेवकों को रैली में शामिल होने हेतु अनुरोध किया गया. उन्होंने आगे कहा कि इस रैली में एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं अन्य प्रदेश की कार्यकारिणी के सभी सदस्य भाग लेंगे.प्रदेश महासचिव शशि भूषण कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु हम लोग लगातार संघर्षरत हैं और चरणबद्ध आंदोलन के अगले क्रम के रूप में 10 दिसंबर को पटना में एक विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सरकार के समक्ष हम पुरानी पेंशन बहाली की मांग को और मजबूती से रखेंगे .प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव तिवारी द्वारा राज्य के सभी एनपीएस से आच्छादित सरकारी सेवकों से इस रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई. प्रदेश मुख्य प्रवक्ता संतोष कुमार द्वारा उम्मीद जताई गई कि यह रैली अभूतपूर्व होगी और सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करना ही होगा.प्रदेश विधिक सलाहकार सह कोषाध्यक्ष शंकर पटेल द्वारा रैली की सफलता हेतु राज्य में कार्यरत सभी सेवा संगठनों से सहयोग और समर्थन हेतु अपील किया है.

# पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार 6 से 8 नवंबर 2023 तक विश्व पर्यटन बाजार (डब्ल्यूटीएम) 2023, लंदन में भाग ले रहा है

पर्यटन मंत्रालय, यात्रा संचालक और राज्य पर्यटन विभागों समेत विभिन्न हितधारकों के साथ 6 से 8 नवंबर 2023 तक डब्ल्यूटीएम, लंदन में भाग ले रहा है। पर्यटन मंत्रालय ने विश्व पर्यटन बाजार (डब्ल्यूटीएम) 2023, लंदन में अतुल्य भारत मंडप के लिए 650 वर्ग मीटर की जगह ली है, जिसमें 'अतुल्य भारत! भारत भ्रमण वर्ष 2023" थीम के तहत भारत आने वाले लोगों के लिए विभिन्न पर्यटन उत्पादों और परिवर्तनकारी अनुभवों की श्रृंखला का प्रदर्शन किया जाएगा।

भारतीय मंडप का औपचारिक उद्घाटन गोवा सरकार के पर्यटन मंत्री श्री रोहन खौंटे की उपस्थिति में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की सचिव सुश्री वी. विद्यावती और ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त महामहिम विक्रम दोराईस्वामी ने किया। भारतीय मंडप का उद्घाटन रिबन काटने, दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना और पर्यटन मंत्रालय की सचिव तथा ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ। उद्घाटन के बाद, भारतीय प्रतिनिधिमंडल और प्रतिभागियों ने भारतीय मंडप और विभिन्न प्रतिभागी राज्यों और अन्य हितधारकों के बूथों का दौरा किया। पूरे दिन, अतुल्य भारत ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रदर्शन, मेंहदी और योग सत्रों का आयोजन किया। पर्यटन मंत्रालय की सचिव ने एलिवेट स्टेज पर आयोजित 'युवा और शिक्षा के माध्यम से पर्यटन में बदलाव' विषय पर आयोजित यूएनडब्ल्यूटीओ-डब्ल्यूटीटीसी पर्यटन मंत्रियों के शिखर सम्मेलन में भाग लिया। पूरे दिन, पर्यटन सचिव ने यूके बाजार के महत्वपूर्ण यात्रा संचालकों, मीडिया और महत्वपूर्ण हितधारकों से मुलाकात की। डब्ल्यूटीएम 2023 के तहत यात्रा संचालन कंपनियों/डीएमसी, दिल्ली, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर, बिहार, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, असम के राज्य पर्यटन विभाग तथा भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) समेत कुल 47 प्रतिभागी अतुल्य भारत मंडप में भाग ले रहे हैं, जबकि केरल, कर्नाटक, लद्दाख, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात के राज्य पर्यटन विभागों ने अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने और संभावित ग्राहकों और भागीदारों से जुड़ने के लिए अपने स्वयं के मंडप निर्मित किए हैं। अपनी भागीदारी के दौरान पर्यटन मंत्रालय यात्रा और पर्यटन उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े पेशेवरों को एक साथ लाने के लिए डब्ल्यूटीएम 2023, लंदन का उपयोग एक मंच के रूप में करना चाहता है। प्लेटफॉर्म का उपयोग नेटवर्किंग, व्यावसायिक अवसरों, विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए किया जाएगा, क्योंकि यह कार्यक्रम ट्रैवल एजेंसियों, यात्रा संचालकों, एयरलाइंस, होटल व्यवसायियों, क्रूज लाइन, पर्यटक प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, पर्यटन बोर्डों सहित यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों को आकर्षित करता है।

# एसडीजेएम ने अधिवक्ताओं से किया सहयोग की अपील.

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर के अधिवक्ताओं ने अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में एसडीजेएम आफताब आलम से मिलकर कई बिंदुओं पर उनसे बात की और पटना हाई कोर्ट के न्यायाधीश एवं औरंगाबाद जिले के निरीक्षी न्यायाधीश राजीव राय का निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न होने पर उन्हें बधाई दी।-



विधिक संघ के शिष्टमंडल में अध्यक्ष उमेश सिंह, महासचिव धर्मेंद्र सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष शशि भूषण सिंह शामिल रहे ।बताया गया कि एसडीजेएम ने अधिवक्ताओं के साथ बातचीत करते हुए उन्हें निरीक्षी न्यायाधीश द्वारा दिए गए दिशा -निदेशों से अवगत कराया और सहयोग की अपील की ।उन्होंने कहा कि न्यायालय और बार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करना है। ताकि आम लोगों को सुलभ न्याय मिल सके ।कोर्ट परिसर के साथ-साथ विधिक संघ परिसर को भी स्वच्छ एवं सुंदर बनाने पर चर्चा की गई ।साफ सफाई पर बल दिया गया।

# सप्त दिवसीय श्री कृष्ण कथा का होगा आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)सप्त दिवसीय श्री कृष्ण कथा का आयोजन स्थानीय श्री हनुमान मंदिर में किया जाएगा ।साथ ही यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा ।हनुमान मंदिर के पूजा व्यवस्थापक प्रमुख पप्पू गुप्ता ने बताया कि आचार्य पंडित लाल भूषण मिश्रा गया धाम गया के सानिध्य में 21 नवंबर से कथा यज्ञ की शुरूआत होगी ।21 नवंबर को कलश पूजन किया जाएगा। साथ ही गौरी गणपति पूजन, सर्व देव पूजन एवं कथा प्रारंभ किया जाएगा. कार्तिक शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 27 नवंबर को हवन एवं पूणाहुति की जाएगी ।आचार्य पं. देवशरण मिश्रा द्वारा कथा वाचन किया जाएगा ।इसकी तैयारी हनुमान मंदिर में जोर-जोर से की जा रही है।

# आधार जमाबंदी से लिंक करवा लें रैयत

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर प्रखंड के सभी रैयत अपना- अपना आधार और मोबाइल नंबर अपने जमाबंदी से लिंक करवा लें। ताकि सभी सरकारी लाभ उन्हें मिल सके इसका कार्य जारी है ।जानकारी देते हुए राजस्व अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि जमाबंदी से आधार लिंक करने के लिए अपने क्षेत्र के हल्का कर्मचारी के पास लगान रसीद की छाया प्रति जमाबंदी एवं रैयत का मोबाइल नंबर जमा करना है। उन्होंने सभी रैयत एवं किसानों से अपील करते हुए कहा कि उनके जमाबंदी को आधार एवं मोबाइल नंबर से लिंक किया जा रहा है, ताकि भविष्य में यदि कोई अन्य व्यक्ति उनके जमाबंदी से छेड़-छाड़ या किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा करता है तो इसकी सूचना जल्द से जल्द पहुंचाई जा सके। यदि कोई जमाबंदी रही है जिनके नाम से जमाबंदी रैयत जिनकी मृत्यु हो चुकी है तो ऐसी स्थिति में भी उनके सभी पुत्र का आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर से आधार लिंक करवाना होगा। उन्होंने रैयतों से जल्द से जल्द यह कार्य कर लेने की अपील की है।

# समाजसेवी स्व: राम नरेश शर्मा का 10 वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड अंतर्गत देवहरा पंचायत के नगाईन गांव निवासी एवं समाजसेवी सह गरीबों के मसीहा स्व राम नरेश शर्मा का 10 वीं पूण्यतिथी मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रेम चंद तिवारी तथा संचालन प्रमोद शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम



के मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरविंद शर्मा एवं राजद नेता श्याम सुंदर यादव , डॉ राम नरेश शर्मा,मोहन शर्मा,जगनारायण शर्मा , सुनील शर्मा सतीश शर्मा , पूर्व प्रमुख मुन्ना चंद्रवंशी ने स्व शर्मा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस नेता अरविंद शर्मा ने स्व शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि शर्मा समाज हित, जनहित एवं लोकहित में सदा तत्पर रहते थे ।वे प्रत्येक वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने का कार्य किया करते थे। इस मौके पर आचार्य प्रफुल्ल जी , मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, रणधीर पासवान , सुनील प्रसाद, राकेश रोशन, सुरेन्द्र शर्मा , सत्येंद्र शर्मा, बुटन शर्मा , सच्चितानंद शर्मा, संजीव शर्मा, पंकज शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# नबीनगर को शीघ्र पुलिस अनुमंडल बनाया जायेगा

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 7 नवंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड को बिहार सरकार ने पुलिस अनुमंडल बनाने की स्वीकृति दे दी है। जदयू के जिला प्रवक्ता व काराकाट के सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन सिंह उर्फ राजा बाबू ने बताया कि औरंगाबाद के पूर्व सांसद व नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने एमएलए रहने के दौरान विधानसभा में सवाल उठाया था। इसी के आलोक में राज्य सरकार ने नबीनगर को पुलिस अनुमंडल बनाने की स्वीकृति दे दी है। नबीनगर में शीघ्र ही अनुमंडल पुलिस मुख्यालय आरंभ होने जा रहा है। इसके लिए वीरेंद्र कुमार सिंह को जदयू नेता मुकेश कुमार सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष महावीर मेहता, जदयू जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष विभूति पांडे, जदयू जिला महासचिव रणजीत सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष नबीनगर कमलेश कुमार सिंह, जदयू नेता बिंदेश्वरी सिंह, रणजीत सिंह, जिला सचिव केसर अली, भंडारी सिंह, जदयू किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बृजमोहन मेहता, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष राकेश सिंह सहित अन्य ने बधाई दिया है।



# किशनगंज जिले में हर्षोल्लाष पूर्वक मनाया गया स्काउट गाइड फॉउंडेशन डे

**दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

स्काउट गाइड के 74 वे स्थापना दिवस के अवसर पर जिला संगठन आयुक्त किशनगंज सुशिल कुमार गुप्ता ने किशनगंज जिले के सभी स्काउट गाइड के बच्चों को स्टिकर लगाकर एवं कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर हर्षोल्लाष पूर्वक स्थापना दिवस मनाया। जहां इस संदर्भ में जानकारी देते हुए जिला संगठन आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड सुशिल कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्ष 1907 में स्काउट का जन्मदाता बेडेन पावेल ने स्कॉउटिंग कि शुरूआत कि । वहीँ उन्होंने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग कार्यक्रम विभिन्न राज्यों में अलग अलग नामों से संचालित किया जा रहा था जिसका एकीकरण करते हुए इसका नाम सात नवम्बर 1950 को भारत स्काउट और गाइड का नाम दिया गया। उसी तिथि को पुरे भारत वर्ष में स्काउट -गाइड के छात्र छात्राओं एवं अधिकारीयों के द्वारा उसे स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में आज ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र के उच्च विद्यालय चुरली, आदर्श मध्य विद्यालय पौआखाली, बहादुरगंज प्रखंड क्षेत्र के रसल हाई स्कूल बहादुरगंज एवं पोठिया प्रखंड के सिंघारी उच्च विद्यालय गोबिंदपुर में स्काउट गाइड के प्रशिक्षकों के द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर एक दूसरे को स्टिकर लगाकर एवं रंगारंग कार्यक्रम कि प्रस्तुति कर स्थापना दिवस मनाया।



# भरगामा में बिना लाइसेंस के चल रहे कई आरा मिल।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया । एक तरफ सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे बांटने व लगाने का काम कर रही है। ताकि प्रकृति का विदोहन होने से बचा जाए व गिरते जलस्तर पर रोक लग सके। वहीं दुसरी ओर भरगामा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कथित रूप से बगैर लाइसेंस के आरा मिल बेरोक-टोक चलाई जा रही है। बताया जाता है कि अवैध आरा मिलों में हरा-भरा पेड़ कटवाकर चिरान किया जाता है। जानकार बताते हैं कि बगैर लाइसेंस के आरा मिल संचालित किये जाने से सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। जबकि दूसरी ओर बगैर लाईसेंसधारी आरा मिल संचालक क्षेत्र के हरा-भरा पेड़ चिरान कर मालामाल हो रहे हैं। सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों भरगामा प्रखंड क्षेत्र के खजुरी पंचायत के वार्ड 10 में,शंकरपुर पंचायत के वार्ड 05 में,सिमरबनी पंचायत के बाजार स्थित बगैर लाईसेंस के आरा मिल चला रहे हैं। जिसकी भनक विभागीय अधिकारियों को भी है, परंतु इस पर कार्रवाई करने में हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। इससे अवैध लकड़ी तस्करों को हरी-भरी लकड़ी तस्करी करने का हौसला मिल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक आरा मिल में अवैध लकड़ियों का भण्डारण रात्रि को किया जाता है। जबकि गुप्तचर बताते हैं कि अवैध लकड़ी तस्कर जंगल से हरी-भरी लकड़ी कटाई कर लाते हैं और इन्हीं आरा मिल संचालक से हरी-भरी लकड़ी चिरान कर बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी खपाई करते हैं। लोगों ने इस अवैध लकड़ी कारोबारी पर रोक लगाने की विभाग से मांग की है। इस मामले में डीएफओ मेघा यादव से जब बात किया गया तो उन्होंने बताया कि जल्द हीं टीम भेजकर जांच की जायेगी। अगर नियमों के विपरीत कार्य चल रहा होगा तो कठोर कार्रवाई भी की जायेगी।



# बाल विवाह रोकथाम को लेकर आज फारबिसगंज में एएनएम दीदी के साथ बैठक का आयोजन।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

अररिया। मंगलवार 07 नवंबर 2023 को प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी फारबिसगंज डॉ० राजीव कुमार बसाक के अध्यक्षता में फारबिसगंज प्रखंड के ए एन एम के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक का आयोजन जागरण कल्याण भारती फारबिसगंज एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन नई दिल्ली के सहयोग से एएनएम दीदी को जानकारी दी गई, कि आप सभी पंचायत में गठित बाल संरक्षण समिति की सदस्य है। बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौनशोषण, मानव तस्करी मुक्त बनाने मे आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। बैठक में मौके पर उपस्थित मो० अश आलम, दीपक पासवान, सईद उज्जमा,आदित्य कुमार, रोहित, राधेवेंद ने भी दीदीयों को विस्तार से जानकारी दी।



# जिले में 07 से 14 नवंबर तक होगा नि:शुल्क कैंसर रोग परामर्श सप्ताह का आयोजन

-राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के मौके पर स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष शिविर आयोजित

-जन जागरूकता के लिये जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र भ्रमण के लिये किया रवाना



**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

अररिया। जिले में 07 से 14 नवंबर तक निःशुल्क कैंसर रोग परामर्श सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के मौके पर आयोजित रोग परामर्श सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे। शिविर के माध्यम से कैंसर के खतरे व इससे बचाव संबंधी उपायों के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कैंसर स्क्रीनिंग व जरूरी चिकित्सकीय परामर्श संबंधी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। कैंसर रोग परामर्श सप्ताह के प्रति आम लोगों को जागरूक के उद्देश्य से निकाले गये जागरूकता रथ को जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र भ्रमण के लिये रवाना किया। गैर संचारी रोग विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान डीपीएम एड्स अखिलेश कुमार सिंह, प्रभात कुमार, मजहर आलम सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

**स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित होगा विशेष शिविर –**

डीआईओ डॉ मोईज ने बताया कि निःशुलक कैंसर रोग परामर्श सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित शिविर मुंह, स्तन गर्भाशय सहित अन्य कैंसर के स्क्रीनिंग का इंतजाम किया जायेगा। इसमें कैंसर के संभावित कारण इसके लक्षण व बचाव संबंधी उपायों प्रति आम लोगों को जागरूक किया जायेगा। शिविर के माध्यम से चिह्नित कैंसर के संभावित मरीजों को राज्य के प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालय होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, राजधानी पटना स्थित इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान व महावीर कैंसर रोग संस्थान बेहतर इलाज के लिये रेफर किया जायेगा।

**शुरूआती दौर में रोग की पहचान से पूर्ण इलाज संभव–**

एसीएमओ डॉ राजेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान से इसका पूर्ण इलाज संभव है। रोग के लक्षणों के आधार पर रोगी अपने स्तर से भी रोग के खतरों के प्रति सचेत हो सकते हैं। पखाना-पेशाब या योनि मार्ग से खून आना, शरीर में किसी फोडा व जख्म का नहीं भरना, स्तन में गांठ या खून का रिसाव, मुंह के अंदर या जीभ पर सफेद चकता, चमड़े पर तिल या गांठ के आकार में अप्रत्याशित वृद्धि रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव व योनि मार्ग से रिसाव में दुर्गंध कैंसर के प्रारंभिक लक्षण हो सकते हैं।

**तंबाकू का सेवन कैंसर का एक प्रमुख कारण–**

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि समय पर रोग की पहचान व उपचार जरूरी है। उन्होंने बताया कैंसर के खतरों के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना कैंसर रोग परामर्श सप्ताह का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। साथ ही कैंसर स्क्रीनिंग सहित जरूरी उपचार व चिकित्सकीय परामर्श लोगों को उपलब्ध कराया जा सकेगा। ताकि समुदाय को रोग के खतरों के प्रति सचेत व जागरूक किया जा सके।

# ठाकुरगंज: बंदरझूला पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत बन्दरझूला पंचायत के भट्टा चौक/हाट में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना जियाउर रहमान कास्मी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम,राजद प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया इकरामुल हक, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि नजरूल हक पंचायत समिति सदस्य सीमाज, जदयू जिला उपाध्यक्ष डा नौशाद आलम,अबु तालिब नेनस , जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार,सरपंच तैयब आलम, शमशाद आलम युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष, मास्टर अब्दुल मलिक, पूर्व समिति सदस्य असीरो, मिस्टर राही,हाशिम आलम, असलम,हबेबुल,मेमबर शाहनवाज, पूर्व सरपंच मेराज, मास्टर सलाहुद्दीन सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।मंच संचालन सलाहुद्दीन ने किया। जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने अपने संबोधन में बिहार में महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। बिहार पूरे देश में एक ऐसा प्रदेश है जहां 02 नवम्बर 2023 को 120336 शिक्षको की एक साथ नियुक्ति पत्र देने वाला देश का एक मात्र राज्य है। फिर दिसम्बर में 70000 शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। बिहार में दस लाख नौकरी और दस लाख रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।जिस पर सरकार तेजी से काम कर रही है।आज माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के प्रयास से बिहार देश का तेज गति से तरक्की करने वाला राज्य बन गया है। नीतीश कुमार ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली पर अभूतपूर्व कार्य किया है। राजद प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया इकरामुल हक ने अपने संबोधन में पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम को 2024 लोक-सभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाने की पुरजोर मांग की है। वहीं जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया नजरूल हक ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे लोकसभा के लोगों की मांग है कि मुजाहिद आलम को लोक-सभा चुनाव का उम्मीदवार बनाया जाए। वहीं जदयू जिला उपाध्यक्ष डा नौशाद आलम ने पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम द्वारा क्षेत्र एवं जनता के लिए किए गए कार्यों पर विस्तृत चर्चा की और आगे कहा कि अगर उन्हें इंडिया गठबंधन का उम्मीदवार बनाया जाता है तो पूरे देश में सबसे अधिक वोटों से जनता उन्हें जिताने का काम करेगी।



# 1 किलो 900 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**उत्तम सिंहः संवाददाताःदैनिक समाज जागरणःब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग):**


भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 8वीं वाहिनी के बाह्य सीमा चौकी बरामनीरामजोत समवाय कमांडर सहायक कमांडेंट सिकंदर कुमार ने आसूचना के आधार पर अन्य 05 बल कर्मियों की एक विशेष गश्त दल गठित कर गाँव बुध्दकरण जोत के पास भारत नेपाल स्तंभ संख्या 87/03 के नजदीक गश्त के लिए रवाना हुए जहाँ गश्ती के दौरान एक संधित व्यक्ति के पास से 1.900 कि0ग्रा0 गांजा जब्त किया गया जो कि नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश किया था। उक्त पकड़े गए व्यक्ति से पूछ-ताछ के दौरान अपना परिचय मोहमद सफीक बताया जो की झापा (नेपाल) के रहने वाला है। उक्त व्यक्ति के कागजी कार्यवाई पूरा होने के बाद नजदीकी पुलिस स्टेशन नक्सलबाड़ी को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपूर्द कर दिया गया है।



# भारत स्काउट एंड गाइड्स का स्थापना दिवस मनाया गया

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में मंगलवार को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा 74 वां स्थापना दिवस मनाया गया । सर्वप्रथम सभी स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने अपने स्काउट कार्यालय में स्काउट ध्वज फहरा कर कार्यकर्म की शुरूवात की।हमारे देश में पहले स्काउट और गाइड अलग अलग नाम से जाना जाता था, 7 नवंबर 1950 को उन सभी का विलय कर भारत स्काउट एंड गाइड्स की स्थापना की गई। राष्ट्रीय मुख्यालय भारत स्काउट्स एंड गाइड्स नई दिल्ली की ओर से एक स्टीकर ( फ्लैग ) हर वर्ष जारी किया जाता है। इस स्टीकर को स्काउट गाइड के सदसयगण सभी विशिस्ट अतिथियों और संस्था के सुभ चिंतकों को लगाते है।दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स और गाइड्स के सदस्यों ने अपने अध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक, मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति , वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,वरिष्ठ मंडल भंडार प्रबंधक, मंडल अभियंता (दक्षिण ), सहायक मंडल अभियंता , सहायक मंडल वित्त प्रबंधक , सहायक मंडल विद्युत अभियंता एवं अन्य अधिकारीयों से मिलकर स्टीकर लगाया।मंडल रेल प्रबंदक महोदय ने सभी को स्काउट गाइड्स को 74 वे स्तथापना दिवस पर हार्दिक सुभकामनाएँ दी।इस कार्यकर्म में स्काउट गाइड के लीडर्स ,स्काउट्स, गाइड्स रोवर्स रेंजर्स ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



# स्वास्थ्य केंद्रों में हुई नि:शुल्क कैंसर रोग परामर्श सप्ताह की शुरुआत

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिले के सदर अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मंगलवार को कैंसर रोग परामर्श सप्ताह की शुरूआत हुई। सदर अस्पताल से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसे सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर एवं जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झड़ी दिखाई गयी। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि व्यक्ति में कैंसर, खराब एवं अनियंत्रित दिनचर्या, शराब एवं तंबाकू का सेवन, शरीर पर रेडिएशन का प्रभाव, अंग प्रत्यारोपण आदि से हो सकता है। व्यसनों से दूरी, नियंत्रिते दिनचर्या एवं सजगता ,कैंसर से बचने का सबसे सरल एवं सुगम तरीका है। साथ ही गैर संचारी रोगों की जांच के लिए आए सभी लोगों के कैंसर की संभावित लक्षणों की जांच करने के साथ ही चिकित्सकों द्वारा इससे सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है। लोगों को जानकारी दी रही कि कैंसर जैसी भयावह बीमारी भी अब लाइलाज नहीं है। समय पर इसकी पहचान होने पर इसका इलाज किया जा सकता है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित गैर संचारी रोग (एनसीडी) क्लीनिक में लोग कैंसर की जांच करा सकते हैं । रिपोर्ट पॉजिटिव मिलने पर उसे बेहतर चिकित्सा के लिए उत्कृष्ट मेडिकल अस्पताल भेजा जाएगा, जहां लोग निःशुल्क अपना कैंसर का इलाज करवा सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में एएनएम स्कूल की प्रिंसिपल , सदर अस्पताल उपाधीक्षक, स्वास्थ्य प्रबंधक , स्वास्थ्य कर्मी एवं एएनएम स्कूल की छात्रा उपस्थित हुई।



# टीबी उन्मूलन अभियान की सफलता के लिये प्राइवेट नोटिफिकेशन में लायें तेजी।

*तीन सदस्यीय केंद्रीय टीम ने की जिले में टीबी उन्मूलन संबंधी प्रयासों की समीक्षा।*

*निबंधित निजी चिकित्सकों से मिल कर प्राइवेट नोटिफिकेशन बढ़ाने की करें पहल।*




**रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया। जिले में टीबी उन्मूलन के प्रयासों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन सदस्यीय विशेष केंद्रीय टीम ने अपने जिला परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्तरों पर संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की। तीन सदस्यीय टीम में सेंट्रल टीबी डिवीजन के डॉ रंजीत प्रसाद व एसटीएसयू के डॉ संजय कुमार सिन्हा, मो हारूण रशीद शामिल थे। विशेष टीम ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित टीबी यूनिट का निरीक्षण किया। विभागीय कर्मियों के साथ बैठक करते हुए उन्होंने टीबी उन्मूलन के प्रयासों की मजबूती के लिये प्राइवेट नोटिफिकेशन की संख्या बढ़ाने के लिये खासतौर पर निर्देशित किया। समीक्षात्मक बैठक में सीडीओ डॉ वाईपी सिंह, जिला टीबी समन्वयक दामोदर शर्मा, टीबी डिर्पाटमेंट के सभी एसटीएस, एटीएलएस, डीपीएस सहित अन्य उपस्थित थे।

**प्राइवेट नोटिफिकेशन बढ़ाने पर जोर –**

केंद्रीय टीम के अधिकारियों ने संबंधित अधिकारी व कर्मियों को टीबी संबंधी मामलों प्राइवेट नोटिफिकेशन में तेजी लाने का निर्देश दिया। अररिया व फारबिसगंज में टीबी मरीजों की संख्या अधिक देखते हुए संबंधित दोनों एसटीएस को इस दिशा में कारगर पहल सुनिश्चित कराने के लिये निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सभी एसटीएस संबंधित क्षेत्र में निबंधित प्राइवेट चिकित्सकों से मिल कर प्राइवेट नोटिफिकेशन बढ़ाने की दिशा में जरूरी पहल करें। प्राइवेट नोटिफिकेशन किस चिकित्सक के माध्यम से किया गया है। इसकी सूची अविलंब जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। ताकि संबंधित चिकित्सकों को ससमय प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा सके। विशेष टीम द्वारा अररिया शहरी क्षेत्र के निबंधित कई चिकित्सकों के क्लिनिक का विजिट करते हुए उनसे प्राइवेट नोटिफिकेशन बढ़ाने का अनुरोध किया गया। इसी तरह फारबिसगंज पहुंच कर टीम ने सीबी नेट, ट्रूनेट लैब, माइक्रोस्कोपिक लैब का निरीक्षण किया व संबंधित कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मियों को प्राइवेट नोटिफिकेशन संबंधी निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में कारगर पहल करने के लिये निर्देशित किया गया।

**अधिकारियों के सुझाव का होगा शत प्रतिशत अनुपालन**

समीक्षात्मक बैठक की जानकारी देते हुए जिला टीबी समन्वयक सह निक्षय मित्र योजना के नोडल अधिकारी दामोदर प्रसाद ने बताया कि जिला परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत अररिया पहुंचे विशेष टीम द्वारा टीबी उन्मूलन के प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने के लिये जरूरी दिशा निर्देश दिये गये हैं। इसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराना विभागीय प्राथमिकताओं में शुमार है। जिले में टीबी उन्मूलन को लेकर विभिन्न स्तरों पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय टीम द्वारा प्राइवेट टीबी नोटिफिकेशन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि वर्ष 2020 व 2021 में विभाग से संबंद्ध किसी एनजीओ द्वारा प्राइवेट नोटिफिकेशन का कार्य किया जा रहा था। उस दौरान मामले में जिले की उपलब्धि बेहतर थी। लेकिन बाद में इसकी जिम्मेदारी एसटीएस पर सौप दी गयी। इसके बाद से इसकी संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। वर्तमान में जिले में प्राइवेट नोटिफिकेशन संबंधी मामले में जिले की उपलब्धि महज 13।5 फीसदी है।

**टीबी उन्मूलन को प्रभावी बनाने का प्रयास जारी–**

सीडीओ डॉ वाईपी सिंह ने कहा कि जिले में टीबी उन्मूलन को लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत चिह्नित पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने की पहल की जा रही है। इसके अलावा निक्षय मित्रों के माध्यम से टीबी मरीजों तक हर जरूरी सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही निक्षय पोषण योजना का लाभ सभी टीबी मरीजों तक पहुंचा कर टीबी उन्मूलन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# किशनगंज के सांसद और विधायक पटना श्राद्धकर्म में पहुंचे

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सांसद डॉ मो. जावेद आजाद और किशनगंज के विधायक इजहारूल हुसैन, ने पटना में बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक श्रीमती भावना झा के ससुर स्व. काशीकांत झा के श्राद्धकर्म में शामिल होकर दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री शकील अहमद, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पुर्व अध्यक्ष मदन मोहन झा, कांग्रेस नेता अरशद अब्बास आजाद ,सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी साथ मौजूद थे।



# साढ़े चार वर्षों से फरार, करोड़ों रुपए का गबन के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

विगत साढ़े चार वर्षों से फिरार चल रहे जिला सहकारिता पदाधिकारी रामनाथ प्रसाद दास, जो बहादुरगंज थाना कांड सं-114/19 में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त था और करोड़ों रुपए गबन के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसंधान के क्रम इनका पाकुड़ (झारखण्ड) में होने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक (परि० ) - सह - थानाध्यक्ष, बहादुरगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम गिरफ्तारी हेतु पाकुड़ (झारखण्ड) रवाना हो गयी। तत्पश्चात नगर थाना, पाकुड़ के सहयोग से जिला सहकारिता कार्यालय, पाकुड़ में छापामारी किया गया, जहाँ से उक्त अभियुक्त फरार पाये गये। तत्पश्चात अभि.रामनाथ प्रसाद दास के बैंक कॉलनी पाकुड़ स्थित किराये के मकान से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। चूँकि अभि. जिला सहकारिता पदाधिकारी, पाकुड़ के पद पर कार्यरत हैं इसलिए नियमानुसार जिला आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ को विधिवत करते हुए अभियुक्त के परिजन को भी सूचना दी गयी तथा न्यायालय, पाकुड़ में अभियुक्त का उपस्थापन कराते हुए ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर मार्गरक्षी दल के साथ 02.11.23 को अभियुक्त रामनाथ प्रसाद दास को बहादुरगंज थाना लाया गया तथा कांड में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।



# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई शहरी विकास की समीक्षा,बुडको एलएईओ एवं चारों नगर निकाय के साथ संयुक्त बैठक

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

07 नवंबर। किशनगंज जिलाधिकारी, तुषार सिंगला की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में शहरी विकास की समीक्षा बैठक संयुक्त रूप से बुडको, एलएईओ एवं चारों नगर निकाय के साथ आहूत की गई।

बैठक में बहुत सारे भवन/घर में शैचालय, जो उपयोग नहीं हो रहे है उसका डाटा बनाने का निदेश दिया गया। हर घर नल-जल निश्चय योजना 99.08% पूर्ण है। इसमें 20843 घर शामिल है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी घरों में शैचालय का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की तैयारी की जा रही है। नाली-गली निश्चय योजना शत प्रतिशत पूर्ण हो गया है। शहरी क्षेत्र में जर्जर सड़को की मरम्मती करवाने का निदेश दिया गया। शहरी क्षेत्र में राजस्व संग्रहण को बढ़ाने तथा इससे सम्बन्धित विभाग को गाइडलाइन निर्गत करने हेतु निदेश दिया गया। शहर के चौक- चौराहे को स्वच्छ तथा सुन्दर करने का निर्देश दिया गया।



# पुलिस प्रशासन ने छापेमारी कर नकली खाद बनाने के कारोबार का किया भंडाफोड़।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया।फारबिसगंज के भदेश्वर में मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने छापेमारी कर नकली खाद बनाने के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। वहीं भारी मात्रा में नकली खाद भी बरामद हुआ है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर आज कृषि विभाग की टीम के साथ फारबिसगंज एसडीओ और डीएसपी ने संयुक्त रूप से नकली खाद के गोदाम पर पहुँचे जहां से भारी मात्रा में नकली खाद बरामद हुआ, हालांकि छापेमारी से पहले ही गोदाम में काम कर रहे मजदूर और कारोबारी फरार हो गए थे। पुलिस ने भारी मात्रा में नकली खाद के साथ-साथ हजारों बोरे और प्लास्टिक बैग भी जब्त किए हैं। मौके से नकली खाद बनाने में प्रयुक्त होने वाले केमिकल समेत सिलाई मशीन और वजन मशीन भी बरामद हुआ है। गोदाम और जमीन कुंदन ठाकुर के नाम से बताया गया है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

**क्या कहते हैं जिला कृषि पदाधिकारी संजय शर्माः–**

जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा गुप्त सूचना मिली थी कि भदेश्वर में नकली खाद बनाया जा रहा है। सूचना के आलोक में छापेमारी की गई जिसमें भारी मात्रा में नकली खाद समेत अन्य सामग्री बरामद हुआ हैं। उन्होंने ने खेतों को नकली खाद से नुकसान होता है। इसलिए किसानों से अपील है, कि सरकार द्वारा निबंधित खाद दुकानों से ही खाद खरीदे और रशीद जरूर लेंः-जिला कृषि अधिकारी संजय शर्मा।



# मां दुर्गा विसर्जन के उपलक्ष्य भंडारा का हुआ आयोजन

**के०के०दुबे,वरीय सवांददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिले के दिनारा प्रखण्ड अंर्तगत नटवार में जहां मां दुर्गा विसर्जन के उपलक्ष्य में काली मन्दिर के प्रांगण में विशाल भंडारा का अयोजन हुआ, जिसमें नगरवासी के साथ-साथ अगल बगल के ग्रामीणों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार जयसवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मां दुर्गा विसर्जन के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा का अयोजन किया जाता है। इस भंडारा में समिति के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



# केंद्रीय भूमि जल बोर्ड ने मोहनपुर में सेमिनार का किया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड ने एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक डा. संतोष कुमार मिश्र ने स्वागत भाषण से किया। सेमिनार में बोर्ड के प्रतिनिधि इमाम हसन और ऋतिक दास ने जल संरक्षण और संवर्धन की विस्तार से जानकारी ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं को दिया। साथ हीं पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जल संरक्षण और संवर्धन से होने वाले लाभ के संबंध में बताया। मौके पर पूर्व मुखिया बिनोद सिंह, श्रीनिवास सिंह, रामनाथ सिंह, सुधीर कुमार पाण्डेय, शेख कादिर सहित कई लोग थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया।

# मोटरसाइकिल समेत शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ थाने की पुलिस ने मलियाबाग मलई बराज के समीप



से 40 पीस एटपीएम फ्रुटी लगभग 07 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक बाइक बरामद किया है। जबकि पुलिस को देख शराब धंधेबाज भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर थाने के एसआई नितेश कुमार ने पुलिस बल के जवानों के साथ मलियाबाग से मलई बाराज की ओर भाग रहे काले रंग के हीरो पैसन प्रो बाईक सवार युवक का जब पीछा किया तो बराज के समीप बाईक छोड़कर युवक भागने में सफल रहा। तब बाईक जब्त कर उसकी डिक्की जॉच किया गया तो उसमें रखे 08पीएम 180 एमएल अंग्रेजी शराब 40 पीस जिसकी कुल मात्रा 07.2 लीटर है, जिसको लेकर फरार बाईक मालिक को चिन्हित कर उसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कारवाई शुरू किया गया है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रमण किशोर चौबे, जिला सवांददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिला अंतर्गत नोखा थाना क्षेत्र के भलुआही गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक भलुआही गांव के संजीत शाह बताए जाते है। घटना के बारे में बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर में सासाराम से आरा जा रही डीएमयू मेमू ट्रेन की चपेट में आने से भलुआही गांव के पास संजीत साह की मौत हो गई।घटना की सूचना पर नोखा पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है।

# नहर किनारे चाट से अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

**रमन किशोर चौबे जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिला अन्तर्गत नटवार थाना क्षेत्र निरंजनपुर गांव के समीप स्थित नहर के चाट से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद होने से स्थानीय क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों की काफी संख्या में भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने थाना को इसकी सूचना दी। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाना लाने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान निरंजनपुर गांव निवासी दशरथ यादव के 42 वर्षीय पुत्र संजय यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि संजय सोमवार को बाइक से कहीं घूमने के लिए गया। देर रात तक वापस नहीं आने पर घर वाले परेशान होकर खोजबीन करने लगे लेकिन कुछ भी जानकारी नहीं मिली। वहीं मंगलवार को जब स्थानीय लोग नहर के तरफ गए तो नहर किनारे चाट में मोटरसाइकिल के साथ शव देखा। जिसके बाद इसकी सूचना नटवार थाने को दी गई। घटना स्थल पर पहुंच पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत ही मामले का खुलासा हो पाएगा। घटना कैसे घटी फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

# 35 लीटर देशी शराब के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार, एक कारोबारी फरार

**रमण किशोर चौबे जिला सवांददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 35 लीटर देशी शराब के साथ पति-पत्नी को गिरफ्तार किया। मामले में एक शराब कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से हुआ फरार। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बलिहार रमई नगर में धड़ल्ले से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस चिन्हित स्थल पहुंच 35 लीटर देशी शराब के साथ जगनारायण चौधरी उर्फ मुखिया पासी एवं उनकी पत्नी मालती देवी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उक्त स्थल से मामले में संलिप्त एक कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से भागने में सफल रहा। मामले में संलिप्त फरार कारोबारी को भी बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार दोनों कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।'

# हमारे वतन को अंग्रेजों ने गुलामी के जंजीरों में बांध रखा था:- प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

मंगलवार को शेख बहुआरा उर्दू मध्य विद्यालय में चंदन है इस देश का माटी कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए नम आंखों से याद किया। उर्दू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा वतन बहुत दीर्घकाय है। हमारे वतन को अंग्रेजों ने गुलामी के जंजीरों में कैद कर रखा था जो हमारे वतन के वीरो ने आजाद कराया है।उन्होने ने कहा वीर बहादुर एवं वीरांगनाओ को सम्मान देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रधानाध्यापक ने चंदन है इस देश की माटी को दशार्ते हुए कहा कि इस देश की माटी चंदन के समान है, प्रत्येक एवं तपस्या भूमि है हर लड़की देवी की स्वरूप है तो हर लड़का राम है। प्रत्येक शरीर एक मंदिर की तरह है हर व्यक्ति परोपका-



री है, जहां शेर खिलौने बन गए और गाय को प्रिय के रुप मे पूजा जाता है। याह हर सुबह शंख बजती है और हर शाम लोरी गाती है। जहां किसी का भाग उसके कर्मों से बनता है, वही कर्म के प्रति समर्पण उसका पवित्र कर्तव्य है। कवी त्याग और तपस्या की गाथा गाते हैं। इस भूमि का ज्ञान और विवेक गंगा के पानी की तरह शुद्ध और बारहमासी। इसके सैनिक युद्ध के मैदान में पवित्र भागवत गीता का जाप करते हैं, तो वही एक खेत में सीता हल के नीचे खेलती हुई मिलती है, जहां मानव जीवन का लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति से कम नहीं है। हमारे देश में परमेश्वर का धाम पग पग पर है ऐसे मे धन्य है। हमारा देश कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षिका नेहा कुमारी व अर्चना कुमारी ने पूर्ण रूप से सहयोग करते हुए मार्गदर्शन किया।

# प्राथमिक विद्यालय चिल्हा में चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सरकारी विद्यालय में निरंतर चोरी रुकने का नाम नही ले रहा है। प्राथमिक विद्यायल चिल्हा में चोरी होने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक लाल बहादुर पाल ने स्थानीय थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में चोरी 5 नवंबर की रात्रि में कुछ अज्ञात चोरों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था। रात्रि में विद्यालय का खिड़की तोड़कर अज्ञात लोग भंडारगृह में घुसकर 250 केजी चावल की बोरी की चोरी कर ली गयी।बतातें चलें कि वहीं महीने भर में काराकाट थाना क्षेत्र में कई बार चोरी की घटना घट चुकी है। श्रीनगर प्लस टू सुकहरा में भी कुछ समय पहले तीन बार चोरी हुई थी, इटवां के सरकारी विद्यालय में भी अनाज चोरी के घटना का मामला सामने आया था। ऐसे ही कई बार चोरी सरकारी विद्यालयों में होते आ



रहा है। इस पर स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त थाना क्षेत्र में चोरी की घटना पर अंकुश लगेगा या फिर निरंतर चलता रहेगा। उनसभी का कहना है कि अगर स्थानीय थाने की पुलिस थोड़ी सी भी अपनी सक्रियता को दिखाती तो शायद इस पर विराम लग सकता था।

# बुढ़वल विद्यालय प्रांगण में बी.डी. सिंह मेमोरियल ट्रस्ट छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

बी.डी. सिंह मेमोरियल ट्रस्ट शिक्षा सम्मान के तीसरा छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया। उच्च माध्यमिक विद्यालय बुढ़वल में आयोजित समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों को राशि 15 हजार की छात्रवृत्ति वितरित की जाती है। छात्रवृत्ति वितरण समारोह प्रत्येक वर्ष नवंबर माह में स्व.बंशीधर सिंह की पुण्यतिथि आयोजित होता है, जिसमें प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। समारोह के शुरूआत में सभी आगंतुक तथा विद्यालय के शिक्षक गणों ने स्व० वंशीधर सिंह के लगे फोटो पर फुलार्जन किया। वही विद्यालय शिक्षक उपेंद्र कुमार ने छात्रवृत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर बताया कि स्व० वंशीधर सिंह गरीब व मेधावी बच्चों जिनकी आर्थिक स्थिति बेहतर ना हो उनके साथ हमेशा खड़े रहते थे। अपने जीवन काल में बहुत कृतिमान को स्थापित किया था, उन्हें विदेश जाने की ख्याति प्राप्त है। जहां जाकर पढ़ा और विद्यालय का नाम ऊंचा किया वह अपने जीवन काल में कई बहुमूल्य किताबें लिखी जो विद्यालय के पुस्तकालय में भी उपस्थित है। वही पूर्व मुखिया व वर्तमान पैक्स अध्यक्ष मिथलेश सिंह ने संबोधन में बताया कि स्व. वंशीधर सिंह का उद्देश्य था कि यह प्रोत्साहन उन बच्चों अंदर उत्साह बढ़ाएगा जिन्होंने मेहनत किया और सभी में टॉप किया है। इससे और भी बच्चों में प्रतियोगिता भावना देखने को मिलेगी तथा सभी बच्चों में अवल होने की होड़ मचेगी जिसे शिक्षा में विस्तार देखने को मिलेगा। अंत में उन्होंने विद्यालय निर्माण में अहम भूमिका चाचा राम निहारा सिंह व मंगल प्रताप सिंह के सौजन्य से महान कार्य के लिए श्रद्धासुमन अर्पित किये। वहीं दसवीं में विद्यालय अपने मेहनत और लगन से सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले एक छात्र बुढ़वल का ग्राम से आकाशदीप कुमार पिता दीपक साह एवं एक छात्रा चांदी ग्राम से निक्की कुमारी पिता पिन्टू सिंह विद्यार्थियों को निर्धारित प्रोत्साहन राशि 15 हजार तथा बी डी सिंह मेमोरियल ट्रस्ट प्रमाण पत्र से सम्मानित भी किया गया। उच्च विद्यालय वर्तमान प्रधानाध्यापक जितेंद्र पांडेय इन दोनों बच्चों को खूब सराहा, आगे के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में मौजूद स्व.



बंशीधर सिंह के परिवार से संजीव कुमार को धन्यवाद किया। वहां उपस्थित बुढ़वल पंचायत पूर्व मुखिया व वर्तमान पैक्स अध्यक्ष मिथलेश सिंह, बीडीसी जितेन्द्र पाल, प्रधानाध्यापक जितेंद्र पांडेय, विद्यालय के शिक्षकगण व शिक्षिकागण प्रतिमा तिवारी, उपेंद्र कुमार, सावित्री कुमारी, मोहम्मद अजमल अंसारी, मनीष कुमार,रंजीत कुमार, विभाष कुमार, मोहम्मद इकराम,कुंदन कुमार श्रीवास्तव,प्राणो कुमारी लिपिक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मालपुरा प्राथमिक विद्यालय के दो शिक्षक आपस में भिडे.12 बजे हुआ स्कूल बंद

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड के सोनवर्षा पंचायत से बड़ी ही शर्मनाक खबर प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार मालपुरा प्राथमिक विद्यालय में दिन सोमवार दिनांक 6 नवम्बर को आपस में दो शिक्षक आपस में किसी बात को लेकर भीड़ गए और जमकर झगड़ा किए और स्कूल को सुबह 12 बजे ही छुट्टी देकर सभी शिक्षक अपने अपने घर चले गए। जिससे वहा पढ़ाई करने आए सभी छात्र छात्राएं भी अपने घर चले गए। शिक्षक और रसोइया से जब मामले की जानकारी लिया गया तो उन्होंने साफ साफ कुछ भी बताने से बचते नजर आए। लेकिन रसोइया से बंद कैमरा जानकारी लिया गया तो उन सभी के द्वारा बताया गया की दो शिक्षक की आपसी रंजिश के कारण कल पूरा दिन विद्यालय का पढ़ाई लिखाई बाधित रहा और टिफिन से पहले ही एक शिक्षक ..और एक शिक्षिका ... आपस में भिड़ गए। मामला बढ़ता देख सभी शिक्षक अपने घर चले गए। जिसके बाद रसोइया और पढ़ाई करने आए सभी छात्र, छात्राएं भी बिना खाना खाए अपने अपने घर चले गए। वही जब विद्यालय के छात्र छात्राओं से इस मामले की जानकारी लिया गया तो पता चला की सभी शिक्षक अपने टाइम से स्कूल तो आए लेकिन किसी बात लेकर झगड़ा करने लगे और अपने अपने घर बिना कुछ बोले निकल गए। जिसके बाद सभी बच्चें भी जैसे विद्यालय में कई मामले सामने आए लेकिन काराकाट प्रखंड के अधिकारियों की मिली भगत के वजह से सारी मामला लीपा पोती होते ही नजर आ रहा है। जिसपर क्षेत्र के लोगों में भी काफी नाराजगी




स्कूल से अपने घर चले गए। वही इस मामले में विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र, छात्राओं के अभिभावकों से पूछा गया तो उन्हों बताया की स्कूल की व्यवस्था शिक्षकों की आपसी रंजिश के कारण खराब हो रहा है। लेकिन इसपर किसी भी विभागीय अधिकारियों का नजर नहीं है। ज्ञात हो की काराकाट प्रखंड क्षेत्र में विद्यालय में एक से बढ़ कर एक खबर देखने को मिलते रहता है। बीते दिनों प्राथमिक विद्यालय चिकसिल, रघुनाथपुर, जयश्री, इटवा, देखी जा रही है। क्षेत्र के लोगो का कहना है की अगर प्रखंड के विभागीय अधिकारी किसी भी मामला को लीपा पोती कर रहे है तो इन सभी पर रोहतास जिला के अधिकारी क्यों नहीं संज्ञान ले रहे है। सभी लोगो का जिले में बैठे अधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा की काराकाट प्रखंड के शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोषियों पर सख्त से सख्त करवाई करें। जिससे काराकाट प्रखंड के शिक्षा व्यवस्था सुधर जाए।

# 12 अक्टूबर को मनाया जायेगा स्वच्छता व प्रकाश का पर्व दीपावली

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

स्वच्छता एवं प्रकाश का पर्व दीपावली हिंदुओ का प्रमुख त्योहार है। मान्यता के अनुसार कार्तिक मास के अमावस्या तिथि को दीपावली का महापर्व मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों को दीप से सजाते है और खुशियां मनाते हैं। कथाओं के अनुसार इस दिन ही प्रभु श्रीराम 14 साल के वनवास के बाद वापस अयोध्या लौटे थे। तब उनके अयोध्या आने की खुशी में अयोध्यावासियों ने पूरे अयोध्या को दीपों से सजाया था। बस तभी से दीपावली मनाई जाने लगी। इस संदर्भ में आचार्य पंडित हरिशरण दुबे एवं अक्षयवर पांडेय ने बताया कि इस साल दीपों के उत्सव का यह पर्व 12 नवम्बर 2023 को मनाया जाएगा। इसके पहले 10 नवम्बर को धनतेरस और 11 नवम्बर को छोटी दीपावली होगी। दीपावली को दिवाली भी कहा जाता है। इस दिन भगवान श्री गणेश और माता लक्ष्मी के पूजन का भी विधान है।उन्होंने कहा कि पंचाग के अनुसार इस साल दीपावली पर श्री गणेश व माता लक्ष्मी की पूजा के लिए सबसे शुभ मुहूर्त शाम 6 बजकर 11 मिनट से शुरू होगा जो रात 8 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। इन समय में पूजा से माता लक्ष्मी के साथ भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद भी भक्तों को मिलेगा। दीपावली के साथ ही त्योहारों का पूरा सप्ताह जारी रहता है। दीपावली के पहले धनतेरस,छोटी दीपावली जैसे पर्व होते है तो इसके बाद अन्नकूट, गोवर्धन पूजा,भाई दूज का पर्व मनाया जाता है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल तेंदुनी चौक बिक्रमगंज के परिसर में बच्चों ने उकेरी अपनी कला कौशल

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

शिक्षा जगत में ख्याति प्राप्त शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल आरा रोड तेंदूनी चौक बिक्रमगंज के परिसर में मंगलवार को " रंगकृति " के माध्यम से बच्चों ने उकेरी अपनी कला कौशल , कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्रा , शिक्षक-शिक्षिका व मुख्य अतिथि हुए शामिल। " रंगकृति " कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डीएवी पब्लिक स्कूल आरा-सासाराम रोड सेमरा बिक्रमगंज के प्राचार्य प्रेमचंद त्रिपाठी, उक्त विद्यालय की प्राचार्या कुमारी प्रिया, कार्यक्रम की जजमेंट के रूप में आए हुए स्थानीय शहर के छायाकार सह पत्रकार कौशलेश पांडेय, छायाकार सह पत्रकार राजू रंजन दुबे सहित विद्यालय के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। तत्पश्चात उक्त विद्यालय की प्राचार्या कुमारी प्रिया ने कार्यक्रम के दौरान आए हुए आगत अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत की। उसके



उपरांत इस कार्यक्रम में अपनी कला कौशल को उकेरने को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं , आगत अतिथियों सहित सभी कर्मी भी उत्साह पूर्वक भाग लिए। उक्त दौरान सभी के चेहरों पर खुशियों की झलक देखने को मिल रही थी। सभी लोगों ने अपनी कला कौशल को दिखाने के लिए एक दूसरे के प्रति कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। सभी लोगों ने अपनी कला को उकेरने के उपरांत अपने अनुसार रंगो को सजाया। आपको बताते चले कि जब विद्यालय के परिसर में सभी लोगों ने फर्श पर बैठकर अपनी कला कौशल को उकेर रहे थे, उस दौरान का माहौल कुछ अलग ही दिख रहा था। सभी लोगों में यही होड़ लगी थी कि मेरा रंगकृति सबसे बेहतर हो।

# ब्लड कैंसर से पीड़ित को फर्स्ट वीक केयर फाउंडेशन के सदस्यों ने किया रक्तदान

**रमण किशोर चौबे,जिला सवांददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिला अंतर्गत नगरपरिषद बिक्रमगंज के वार्ड 8 धनगाईं निवासी जवाहर सिंह के ब्लड कैंसर पीड़ित सुमन कुमार को फर्स्ट वीक केयर फाउंडेशन के सदस्यों ने बिक्रमगंज से बनारस जाकर रक्तदान किया। बताया जाता है कि पीड़ित को ब्लड की आवश्यकता थी और बनारस के सभी ब्लड बैंक एवं संस्थाओं ने हाथ खड़ा कर दिया। सूचना मिलने पर फर्स्ट वीक केयर फाउंडेशन के मेंबर सह वार्ड नंबर 08 पार्षद राजा



बाबू, गोलू काश्यप के साथ अन्य ने 7 यूनिट रक्तदान किये। ये निजी वाहन से काराकाट के बजरंगी यादव, गुड्डू अली,धनगाई निवासी रकेश कुमार,मोहन कुमार, सनोज कुमार,दिनारा निवासी राकेश कुमार सिंह और हरेंद्र कुमार राजा बाबू और गोलू कश्यप के कहने पर बनारस पहुंचे तथा रक्तदान किया। राजा बाबू ने बताया कि हमारी संस्था फर्स्ट वी केयर संस्था सभी रक्तवीर समाज सेवी भाइयों को इस अनोखी कार्य के लिए तहे दिल से धन्यवाद करती है।

# उपलब्धि : किसानों के विकास के लिए रीगल ने खोले दरवाजे

- बिहार में मक्के का हब बना ठाकुरगंज व बहादुरगंज
- आसपास के 100 गाँवों में कंपनी उपलब्ध करायेगी की मूलभूत सुविधाएं
- रीगल ने आयोजित की किसान मैत्री सम्मेलन सह मेगा पुरस्कार वितरण समारोह
- बिहार का इकलौता स्टार्च कंपनी किशनगंज जिला के गलगलिया में है स्थापित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया (किशनगंज)। गलगलिया स्थित बिहार का इकलौता स्टार्च कंपनी रीगल रिसोर्सेज लिमिटेड के प्रांगण में मंगलवार को सीमांचल के किसानों का एक किसान मैत्री सम्मेलन सह मेगा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित की गई । उक्त किसान मंत्री सम्मेलन सह मेगा पुरस्कार वितरण समारोह रीगल रिसोर्सेज लिमिटेड कंपनी के प्रबंध निदेशक अनिल किशोर पुरिया के पहल पर किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी । इस दौरान सीमांचल के काफी संख्या में किसानों ने इस सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कंपनी के प्रबंध निदेशक अनिल किशोर पुरिया,



ठाकुरगंज के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष देवकी अग्रवाल, विवेक लील्हा, नरेश शर्मा, सुरेश मोर, पीआरओ आदित्यनाथ झा आदि ने दीप प्रज्वलित कर किसान मैत्री सम्मेलन सह मेगा पुरस्कार वितरण समारोह का विधिवत उदघाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक अनिल किशोर पुरिया ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि आपलोगों के सहयोग के कारण आज कंपनी पूरे बिहार में एक पहचान बनाई है । चुकि यह बिहार का इकलौता स्टार्च फैक्ट्री है । सरकार को करोड़ों टैक्स के साथ किशनगंज जिले के सैकड़ों परिवारों को रोजगार से जोड़ा गया है । ठाकुरगंज और बहादुरगंज आज मक्के का हब बन गया है ।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रबंध निदेशक अनिल किशोर पुरिया ने कहा कि इंडस्ट्रीज के आने से इस क्षेत्र की काफी उन्नति हो रही है । आने वाले समय में और भी उन्नति होगी । किसानों के सुविधा के मद्देनजर अगले वर्ष से रीगल आपके द्वार पहुंचकर मक्का की खरीदारी करेगी । उन्होंने कहा कि किसानों के हित को देखते हुए मार्च तक 46 लाख टन मक्का स्टोर



करने हेतु सायलो तैयार होगा । जिससे किसानों को मक्का अनलोड करने में जो समय की बबार्दी होती थी, अब नहीं होगी । इसके अलावे कंपनी ढाई लाख टन मक्का स्टोर करने हेतु गोदामों का निर्माण करवा रही है । उन्होंने बताया कि किसानों के सहयोग से मक्का की खपत 34 हजार टन से बढ़कर 56 हजार टन हो चुकी है । अब आगामी वित्तीय वर्ष के लिए ढाई लाख टन का टारगेट रखा गया है । आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले कंपनी की उत्पादन क्षमता 600 टन के आसपास थी, जो अब बढ़कर 750 टन हो चुकी है । समारोह को पूर्व चेयरमैन देवकी अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

बताते चले कि कंपनी की ओर से समय-समय पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों को भी किया जाता रहा है । अब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोलकाता फाउंडेशन के जरिए ट्रेनिंग सेंटर खोला जा रहा है, जिसकी शुरूआत 1 दिसंबर से होगी । जिसके माध्यम से यहां के सैकड़ों महिला एवं युवतियों को आने वाले समय में आत्मनिर्भर बनाया जाएगा । साथ ही हमारे फैक्ट्री सीमावर्ती क्षेत्र के 100 गांव का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं में जो कमी है, उसे पूरा करने का काम भी किया जाएगा ।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कंपनी के प्रबंधक निर्देशक अनिल किशोर पुरिया ने कहा की कि हमने 4 फरवरी को किसान



मैत्री महासम्मेलन आयोजित कर आसपास के किसानों के लिए चार प्रकार की योजना का लॉन्च किया गया था कि हमारे किसान भाई अब सीधा मक्का फैक्ट्री को देंगे तो उन्हें हमारी फैक्ट्री के द्वारा मेघा किसान सम्मान से सम्मानित करेगी उसी क्रम में आज उन सभी किसान भाइयों को सम्मानित किया जाएगा । मद्देनजर किसान मेघा पुरस्कार सम्मान समारोह में सीमावर्ती क्षेत्र के कुल 54 किसानों को यह सम्मान देकर सम्मानित किया गया । प्रथम पुरस्कार पाने वाले किसान आकाश कुमार भगत को ट्रैक्टर वहीं जलालुद्दीन, अफाक आलम, अजहर आदि किसान को मोटरसाइकिल देकर उनका हौसला बढ़ाया गया । साथ ही दर्जनों किसान के बीच अन्य सामग्री का वितरण एवं नगद राशि का चेक देकर सम्मानित किया गया ।

# राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के आरा सदर अस्पताल के जी.एन.एम. भवन परिसर में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. के.एन. सिन्हा, ए.सी.एम.ओ. और डॉ. प्रवीण कुमार सिन्हा एन.सी.डी.ओ. भोजपुर, प्राचार्य ए. एन. एम. स्कूल, आरा डॉ. स्नेहिल स्नेहा एवं डॉ. सुहानी भारद्वाज ने सम्मिलित रूप से किया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण कुमार सिन्हा ने बताया कि हमारे देश में कैंसर के मरीजों को बढ़ते हुए देश के केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्स वर्धन द्वारा सितम्बर सन् 2014 में एक उच्च स्तरीय बैठक के उपरांत सर्वसम्मति से 7 नवंबर को देश में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाने की प्रक्रिया शुरू हुई, तब से हर वर्ष इस दिन को कैंसर जागरूकता के रूप में मनाया जाता है। कैंसर एक जान लेवा बिमारी है, एक बार हो गया तो समय के साथ दिन व दिन बढ़ता ही जाता है। इसका इलाज भी काफी खचीर्ला होता है और अनेकों प्रकार का शारीरिक पीड़ा दे जाता है। आयोजन का मुख्य आकर्षण ए.एन.एम. स्कूल की छात्राओं ने पेन्टिगं कर



सभी प्रकार के कैंसर को प्रदर्शित किया। मुख्य मुख्य लक्षण, कारण एवं इलाज के संबंध में लिखा और माईक द्वारा सभी को अवगत कराया। डॉ. प्रवीण कुमार सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों को एक-एक खूबसूरत कलम गिफ्ट स्वरूप भेंट कर सबों का हौसला अफजाई कीया। छात्राओं के जोश से पूरा पंडाल उत्साहित हो गये। इस अवसर पर डॉ. सुहानी भारद्वाज एवं डॉ स्नेहिल स्नेहा ने कैंसर स्क्रीनिंग पर जोर देते हुए शुरूआती दौर में कैंसर का डायग्नोसिस कराने की सलाह दी। इस अवसर पर ए.एन.एम. की शिक्षिका श्रीमती रिन्सी ने भी कैंसर के संबंध में जानकारी साझा किया।

# जनता की समस्याओं का त्वरित होगा निदान बीडीओ विजय कुमार

**कृष्ण कुमार रंजन जन समाज जागरण संवाददाता कोईलवर भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत कोईलवर प्रखंड क्षेत्र के कायमनगर पंचायत के बजरंगबली परिषर में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को लोक जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मुखिया पिंकी देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।संचालन पंचायत रोजगार सेवक संजीव कुमार रेड्डी ने किया।इस दौरान बीडीओ बिजय कुमार मिश्रा ,सीओ संजय कुमार सिंह समेत अन्य सभी 18 विभागों के अधिकारी व कर्मियों ने जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए आम जनों की समस्याओं से रूबरू हुए व इसके त्वरीत निदान की ओर कार्य करने का भरोसा दिया। बीडीओ ने कहा कि विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आमजनों को जानकारी प्राप्त करने,उनके सुझाव एवं प्रतिक्रिया जान कर निराकरण करने के उद्देश्य से जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि सारे पदाधिकारी सरकार की समस्याओं को रख रहे हैं और समाधान निकाल रहे हैं। कायमनगर में मजार हटाने और फिर से उसे नहीं बनने पर उठे सवाल के जवाब में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि इसके लिए वे ठलकऔर जिला पदाधिकारी महोदय को लिखेंगे। इस संबंध में सीओ संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से आम जनों से सीधा संवाद होने से पाता चलता है कि कहां कौन सी समस्या है और उसके निराकरण कैसे किया जा सकता है। उन्होंने आपसी सहमति से पारिवारिक बंटवारे पर बल दिया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मिश्रा ने कहा की जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य योजनाओं का लाभ जनता को देना है जनता के कल्याण की कौन-कौन सी सरकार की योजनाएं चल रही है जनसंवाद के माध्यम से जनता के बीच में बताना इस जन संवाद का मुख्य उद्देश्य है । मुखिया पिंकी देवी ने कहा कि जन संवाद में आए हुए आवेदनों के आलोक में कायमनगर पंचायत में जल जमाव की समस्या को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक दूर कर लेने का प्रयास किया जाएगा । मुखिया ने आगे कहा कि कायमनगर पंचायत को स्वच्छ निर्मल एवं पूर्ण रूप से विकसित बनाने का कार्य मेरे द्वारा किया जाएगा ।कृषि विभाग की योजनाओं को जब रखा जा रहा था तब किसान विमल सिंह ने इस




समस्या को उठाया की किसान सलाहकार आम जनता को पहचानते नहीं है व आम जनता भी किसान सलाहकार को 10 वर्षों से नहीं जानती है ।जैसे कृषि से संबंधित सभी कार्य और योजनाएं धरातल पर आम किसानों तक नहीं पहुंच पाती हैं। श्रम पदाधिकारी सुमिता कुमारी ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को निबंधित होने के लिए लोगों से अपील की। जनकल्याण पदाधिकारी ने बताया कि अनुसूचित जाति के बच्चों को दसवीं से ऊपर आरा के मौला बाग के हॉस्टल में रहना खाना फ्री में मिलता है। विद्युत विभाग की ओर से कनीय अभियंता कौशल कुमार मिश्रा ने लोगों को बताया कि आज सुविधा एप आ जाने से लोग घर बैठे नए विद्युत कनेक्शन के लिए अप्लाई कर लेते हैं और उनको नए कनेक्शन की सुविधा घर बैठे मिल जाती है। सहकारिता पदाधिकारी मनोज प्रभाकर ने बताया कि 15 नवंबर से धान अधिप्राप्ति की जाएगी ग्रेड वन के धान 2203 और साधारण धारण 2183 रुपए खरीदा जाएगा।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुषमा कुमारी ने बताया कि हमारे विभाग की ओर से मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं प्रधानमंत्री प्रथम मातृत्व योजना व परवरिश योजना चलाई जाती है जिसका लाभ आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से आम जनता को उठाना चाहिए। पशुपालन पर्यवेक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कृत्रिम गभार्धान जो पशुओं को निजी संस्थानों पर 1200 रु में होता है वह सरकार के द्वारा अनुदान पर मात्र ढाई सौ रुपए में होता है। कायमनगर गांव के वकील राम ने सरकारी जमीन पर बसे होने के बावजूद उनका पर्चा नहीं काटे जाने का मामला कार्यक्रम में उठाया। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के पर्यवेक्षक ने बताया कि गरीबों को आवास बनाने के लिए 120000 रुपया दिया जाता है मनरेगा से ₹20000 मजदूरी का और शौचालय बनाने का ₹12000 अलग से दिया जाता है। आवास सूची में नाम रहने के बावजूद जमीन नहीं होने पर ₹60000 भूमिहीन को जमीन खरीदने के लिए भी दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की बात रखते हुए डॉ उमेश कुमार ने बताया कि 126 प्रकार की दवाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर में उपलब्ध है हालांकि जब वह स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को जनता को बता रहे थे इस समय कायमनगर प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र बंद रहने की बात वहां ग्रामीणों ने जोर-जोर से उठाई। इस पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर उमेश कुमार के द्वारा आश्वासन दिया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र को जल्द से जल्द खोला जाएगा। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय सहारा में छपी खबर रोड पर सब्जी मंडी बाजार लगाने से सड़क संकरी होने व दुर्घटना होने की संभावना को भी जन संवाद में उठाया। जिला परिषद सदस्य रविंद्र राम ने बताया की जितनी भी समस्याओं को जन संवाद कार्यक्रम में उठाया गया है उन सब का निदान अधिकारियों के संग मिलकर करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने में उत्पन्न हो रही समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा।साथ ही आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं को जमा भी किया।श्रम पदाधिकारी सुमिता कुमारी ने बताया कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का निबंधन होने की स्तिथि में 60 वर्ष की आयु होने पर पेंशन दिया जाता है। आज की बैठक की अध्यक्षता मुखिया पिंकी देवी उपस्थित लोगों में अंचलाधिकारी संजय कुमार सिंह जिला परिषद सदस्य रविंद्र कुमार राम प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आकाश कुमार कृषि पदाधिकारी मोहम्मद मुस्तफा श्रम प्रवर्तन सुनीता कुमारी कन्या विद्युत अभियंता कौशल कुमार मिश्रा पंचायत रोजगार सेवक संजीव कुमार रेड्डी ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक रिपु दमन पैक्स अध्यक्ष सुनील जी मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार व उप मुखिया पिंटू कुमार राय मुख्य रूप से शामिल रहे।

# पूर्व शिक्षित बेरोजगारों के लिए आई-पीएचडी का शुभारंभ, यह विज्ञान पीएचडी में उद्योग से जुड़ी अकादमिक डिग्री होगी: डॉ. जितेंद्र सिंह

केंद्रीय केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि पूर्व के शिक्षित बेरोजगारों के लिए हम आई-पीएचडी डिग्री की शुरूआत कर रहे हैं। इसके साथ ही शिक्षित रोजगार योग्य विज्ञान उद्यमियों के युग में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह पीएचडी डिग्री उद्योग से संबद्ध होगी। डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली में वैज्ञानिक और नवोन्मेषी अनुसंधान अकादमी (एसीएस-।आईआर) के 7वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह अकादमी एक अद्वितीय शैक्षणिक मंच है जो विज्ञान में डिग्री प्रदान करता है, रोजगारोन्मुख है और उद्यमिता से जुड़ी बारीकियां पाठ्यक्रम में शामिल हैं।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक और नवोन्मेषी अनुसंधान अकादमी (एसीएसआईआर) की स्थापना 2011 में हुई थी। मात्र 12 वर्ष की अवधि में ही यह अकादमी देश में डॉक्टरेट शिक्षा प्रदान करने वाले सबसे बड़े संस्थान के रूप में उभरी है।

उन्होंने कहा कि यह अकादमी न केवल संख्या की दृष्टि से ही बड़ी नहीं है, बल्कि उत्कृष्टता की दृष्टि से भी समृद्ध है। गुणवत्ता साथ-साथ नवाचार के मानकों को बनाए रखती है और विज्ञान के विभिन्न वर्गों की एक विस्तृत श्रृंखला को समाहित करती है। यह उत्कृष्ट, अभिनव और बहुमुखी भी है।"

वैज्ञानिक और नवोन्मेषी अनुसंधान अकादमी भारत में डॉक्टरेट अनुसंधान के लिए सबसे बड़ा शैक्षणिक संस्थान है। इस संस्थान ने वर्ष 2022 में 577 पीएचडी डिग्री प्रदान की हैं और वर्तमान में 7,000 से अधिक विद्यार्थी पीएचडी के लिए पंजीकृत हैं। वर्तमान में, भारत में शैक्षणिक संस्थानों के बीच अनुसंधान श्रेणी में एसीएस-।आईआर को "स्किमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग" (2022) में तीसरा, "नेचर इंडेक्स" (2021-22) द्वारा 11वां और नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) (2023) द्वारा 12वां स्थान प्रदान किया गया है। हमारे वैज्ञानिक प्रयासों के साथ उद्योग के जुड़ाव को संस्थागत बनाने का आह्वान करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, इससे इससे सतत स्टार्टअप बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, "हमें देश में इस स्टार्टअप प्रक्रिया को बनाए रखना होगा। देश में 1 लाख से अधिक स्टार्टअप को बनाए रखने के लिए हमारे पास एक बहुत सुदृढ़ उद्योग का आधार होना चाहिए।" डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अरोमा मिशन और लैवेंडर खेती और अंतरिक्ष क्षेत्र को खोलने जैसी विभिन्न पहलों के साथ एक अनुकूल वातावरण प्रदान किया है। उन्होंने कहा, ह्लशुरू से ही, हमें उद्योग को एक हितधारक के रूप में रखने की आवश्यकता हैड्ढ और जहां भी स्टार्टअप के परिणाम आकर्षक पाए गए, यह देखा गया कि कॉर्पोरेट क्षेत्र के कई युवा अपनी नौकरियां छोड़कर उनके साथ जुड़ गए। मुझे प्रसन्नता है कि एसीएसआईआर में शुरू किए गए आई-पीएचडी और इसी तरह के पाठ्यक्रम उद्योग के साथ वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के जुड़ाव को संस्थागत बनाने की दिशा में एक कदम हैं।

# कुरमुरी पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत कचरा अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट का किया गया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण : नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखण्ड के कुरमुरी पंचायत मे लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन तरारी बीडीओ अशोक कुमार जिज्ञासु ,कुरमुरी मुखिया गौरी शंकर , तरारी मध्य जिला परिषद सदस्य गिरिश नन्दन उर्फ राकेश सिंह,मनरेगा पीओ रामानुज सिंह,चकिया मुखिया मुन्ना सिंह , रामईश्वर यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित व फीता काट कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम उद्घाघाटन के बाद सभी अतिथियों को अगं बस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही अपशिष्ट ढोने वाली इ-रिक्शा व ठेला को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कुरमुरी पंचायत को स्वच्छ रखना है। प्रत्येक वार्ड में एक ठेला दिया गया,जिसमें 6 डब्बा,तीन सूखा और तीन गीला के लिए। वहीं एक इ-रिक्सा जो कि सभी कचरे को समुचित जगह पर लाकर रखेगा। मौके तरारी मध्य जिला परिषद सदस्य गिरिश नन्दन उर्फ राकेश सिंह ने पंचायत के ग्रामीणों से अपील की गाँवो को स्वच्छ रखने के उदेश्य से ही सरकार ने पंचायत स्तर पर कचरा अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शुरू किया है जो स्थानीय लोगों के सहयोग ही सफल हो सकता है। वही मुखिया गौरी शंकर ने कहा कि हम चाहते है कि मेरा पंचायत स्वच्छ रहे। मौके पर प्रखण्ड समन्वयक कृष्णा सिंह , मुनि सिंह ,बिनोद कुमार ,पंचायत पर्यवेक्षक, सहित पंचायत के सभी कमीयो समेत हजारो ग्रामीण मौजूद थे।



# मध्य विद्यालय अखगांव के प्रांगण में प्रोजेक्ट बेस्ट लर्निंग प्रदर्शनी का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के संदेश प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय अखगांव के प्रांगण में प्रोजेक्ट बेस्ट लर्निंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भोजपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद अहसन ने दीप प्रज्वलित कर किया।भारत की नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बच्चों को प्रोजेक्ट बेस्ट लर्निंग पर विशेष ध्यान देने की योजना बनाई गई है ताकि बच्चे कबाड़ से जुगाड करके विज्ञान विषय में जानकारी प्राप्त कर सकें। इसी मद्देनजर आज मध्य विद्यालय अखगांव में विज्ञान शिक्षक राजेश कुमार एवं विजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में वर्ग छः से आठ के बच्चों ने दर्जनों प्रोजेक्ट बनाकर विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया जिसमें 20 प्रतिभागियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद अहसन के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें प्रथम आदित्य कुमार, सिमरन, खुशी द्वितीय विकास कुमार, भावना,अलिना एवं तृतीय समीक्षा एवं अंजली समेत 20 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की आने वाला समय विज्ञान का युग होगा और आज हम सभी जो कल्पना करते थे की चांदा मामा दुर के लेकिन वैज्ञानिकों ने उसके पास भी चन्द्रयान को भेजकर नजदीक कर दिया। इसलिए नई शिक्षा नीति में संशोधन कर बचपन से ही विज्ञान के प्रति बच्चों को जागरूक करने की जरूरत है। इसमें बच्चों एवं शिक्षकों को ईमानदारी से कार्य करने पर भी बल दिया। मंच संचालन कुमार गौरव एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार सिंह ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित राजेश रौशन, शैलेन्द्र सिंह, जीतेन्द्र सिंह, अमृता कुमारी, प्रियंका कुमारी, चंद्रशेखर सिंह,आशिया बेगम,रजिया,प्रिया, इरशाद,गुफराना,रिहा, घनश्याम,अनुराग,शिवम,प्रमिला देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# चांदी पुलिस ने चोरी की बाइक सहित दो चोरों को किया गिरफ्तार

**कृष्ण कुमार रंजन दैनिक समाज जागरण संवाददाता कोईलवर भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत चांदी थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के खनगांव गांव के पास से चोरी के बाइक के साथ दो चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरा जयपाल निवासी मंजी सिंह के पुत्र मिथुन सिंह और नीरज सिंह के पुत्र पवन सिंह के रूप में हुई। चांदी थाना के अपर थानाध्यक्ष राजविजय सिंह यादव ने बताया कि गस्ती के दौरान एक बाइक पर दो लोग आ रहे थे। और पुलिस को देख भागने लगे पुलिस ने दोनों को खड़ेकर पकड़ा और पूछताछ की तथा बाइक की कागजात की मांग की गई।इसके बाद दोनों ने कागजात दिखाने से इनकार कर दिया।उस दौरान पुलिस दोनों को पकड़ थाने लाई। और पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि बाइक चोरी की है।इसके बाद पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि बाइक सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र से मई 2022 में चोरी हुई थी। जिसकी प्राथमिक भी स्थानीय थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस के द्वारा की जा रही इस कार्रवाई अवैध धंधे में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है.



# चोरों का बढ़ता आतंक, जनता रो हाउस के बंद क्वार्टर से ताला तोड़ चोरों ने किया हाथ साफ

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 07 नवंबर 2023:ञ्आरआईटी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर बंद क्वार्टर को निशाना बनाया है और ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. इस घटना को लेकर क्वार्टर में रहने वाले लोगो में दहशत है. वर्तमान में चोरों ने आरआईटी थाना क्षेत्र के भोला अखाड़ा जनता रो हाउस के क्वार्टर नं 108 में अज्ञात चोरों ने क्वार्टर का ताला तोड़कर ज्वैलरी व नगद सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गया.

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जनता रो कॉलोनी निवासी सूरज प्रधान अपनी क्वार्टर नं- 108 को बंद करके रोज की तरह टीएमएच अस्पताल अपने पिता की देख रेख के लिए अस्पताल आना जाना करते थे इस बीच सूरज अपनी मां को रात मोशी घर छोड़ आता था. वही मंगलवार सुबह मोशी घर से जब वह अपने क्वार्टर पहुंचे तो देखा घर का ताला टूटा हुआ घर का सभी सामान बिखरा हुआ है. चोरों ने घर का ताला तोड़कर सभी सामान और नगद 8 हजार और ज्वैलरी लगभग 2 लाख की चोरी कर ली. चोरों ने क्वार्टर का मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर का मेन स्विच को ऑफ कर दिया था.



इस संबंध में सूरज प्रधान ने बताया कि क्वार्टर में हम तीन लोग ही रहते है, पिता को टाटा मुख्य अस्पताल में इलाजरत हेतु सप्ताह भर से हम सब अस्पताल में ही रहते है जिस कारण क्वार्टर में कोई रह नहीं पाता है, इसी का फायदा उठाकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया. घटना के बाद सूरज प्रधान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ आरआईटी थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है. बता दे क्वार्टर निवासी सूरज प्रधान ने आरोप लगाते हुए कहा मुझे यकीन है की कुंदन राय, अमन व राजेश ठाकुर जो दिनचर्चा है कि लोगो के घर में चोरी व छिनतई जैसे घटना को अंजाम देते है. सूरज प्रधान ने जांच कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया है.

# मानसिक एवं मिर्गी रोगियो के शिविर मे 88 लाभान्वित

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य करिकार के संयुक्त तत्वाधान मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माचा, पटमदा मे हर माह की भाँति इस माह भी मानसिक रूप से बीमार एवं मिर्गी रोगियो के निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मनोचिकित्सक डॉ दीपक कुमार गिरि के द्वारा जाँचोउपरांत नि- शुल्क दवाई वितरण किया गया। इस शिविर मे पटमदा, बोडाम , काटिन, नीमडीह, पश्चिम बंगाल से आये हुए कुल 88 मरीजो जिसमे पुराने 78 एवं 10 नये का इलाज हुआ। मालूम हो यह शिविर हर अंग्रेजी महीने के प्रथम मंगलवार को आयोजित होती है, शिविर का अगला तारीख 5 दिसंबर को आयोजित होगा। शिविर के सफल आयोजन मे डी एम एच पी के डॉ दीपक कुमार गिरि एवं सहायक तंजीन कुल्लु डालसा के पी एल वी शिब शंकर महतो, नंदा रजक, निताई चंद्र गोराइ का योगदान रहा।



# बीज वितरण में धांधली को लेकर किसानों ने किया हंगामा

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन मंगलवार को बीज वितरण के दौरान अचानक रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। विभागीय कर्मियों और किसानों के बीच तू-तू, मैं-मैं से शुरू हो गई।किसानों के द्वारा बताया गया कि दूसरे प्रखंडों में निर्धारित मूल्य पर ही बीज का वितरण किया जा रहा है लेकिन चरपोखरी प्रखंड के ई-किसान भवन में किसानों को 10 रुपये प्रति किलो ज्यादा मूल्य पर दिया जा रहा है इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंभू शरण से फोन के द्वारा संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो पाया जिसकी ज्यादा जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई।



# चरपोखरी प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का अधिकारियों ने लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

लोक आस्था के महापर्व कार्तिकी छठ को लेकर अधिकारी काफी मुस्तैद है।छठ के दौरान चरपोखरी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों पर जुटने वाली छठ व्रतियों की भीड के मद्देनजर देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनिका कुमारी,थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा,चरपोखरी राजद अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,सियाडीह पंचायत के मुखिया लालमुक्ति पासवान के द्वारा छठ घाटों का दौरा कर भौतिक स्थिति का जायजा लिया गया।जिसमें धनौती, नगरी, चरपोखरी, सियाडीह,बरनी सहित अन्य छठ घाटों का जायजा लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया उस दौरान राजद के प्रधान महासचिव हरि यादव, कृष्ण मुरारी,अजय कुमार, विकास कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।



# पुलिस ने देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चांदी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी



कर बाइक पर लदे देसी महुआ शराब के साथ एक शराब कारोबारी को धर दबोचा। गिरफ्तार शराब करबारी की पहचान बहीरों गांव निवासी अंबिका यादव का पुत्र पप्पू कुमार के रूप में हुई अपर थानाध्यक्ष राजविजय सिंह यादव ने बताया कि सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के रामडीहल टोला गांव से एक शराब कारोबारी बाइक पर शराब लेकर आ रहा पुलिस ने सलेमपुर मोड़ से उसे 40 लीटर देसी महुआ शराब की गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब कारोबारी के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेज दिया गया।

# शराब के मामले में तरारी से तीन युवक गिरफ्तार

## *पुलिस ने एक बाइक को भी किया जप्त*

**दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड क्षेत्र के सिकरहटा थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया की छापेमारी अभियान के दौरान शराब के नशे में दो युवक को गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि फतेहपुर बाजार से शराब के नशा में हंगामा करते कुरमुरी गांव निवासी सुनील कुमार और डिबरा टोला गांव निवासी रंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया। वही इमादपुर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बाइक सवार युवक को 40 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। इमादपुर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पूर्वी इंग्लिश पुल के समीप से कंचन टोला गांव निवासी सुनील कुमार को 40 लीटर महुआ शराब के साथ बाइक जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।

# काला पट्टी बांध कर डाटा एंट्री कर्मियों ने किया कार्य

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड मुख्यालय पर तैनात डाटा इंट्री कर्मियों ने बाजू पर काला पट्टी बांध कर विरोध जताते हुए काम किया। बिहार राज्य डाटा इंट्री ऑपरेटर संघ के दिशा निर्देश पर सहार के डाटा इंट्री कमीयो ने काला पट्टी बांधकर शांति पूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया है। बता दें कि




बिहार सरकार से सरकारी कर्मी का दर्जा एवं मानदेय के साथ अन्य मांगों को ले कर डाटा इंट्री कर्मी द्वारा शांति पूर्ण ढंग से बिहार सरकार का विरोध किया। डाटा एंट्री कर्मियों द्वारा कहा गया कि जब तक मांग पूर्ण नहीं होगा तब तक सभी डाटा इंट्री कर्मी विद्युत प्रदर्शन करेगा और जरूरत पड़ी तो अनिश्चित कालीन धरना पर जा सकते हैं। मौके पर अजय कुमार कुशवाहा,संदीप कुमार, सूरज कुमार मृत्युंजय कुमार, तारा बाबू, सुमन कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

# जदयू युवा उपाध्यक्ष बने अजय रजक

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला के एकवारी निवासी अजय रजक को सहार जदयू के उपाध्यक्ष बनाया गया तथा एकवारी निवासी बबलू कुमार को जिला सचिव संगठन विस्तार कार्यक्रम के दौरान मनोनित किया गया है जिसकी घोषणा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। मनोनित किए जाने पर सहार प्रखंड प्रमुख अनिल राय,ग्रामीण विकास मंत्री अशोक चौधरी,पूर्व विधायक विजेंद्र यादव सहित अन्य गण्यमन लोगों ने बधाईया दी ।

# विमुक्त घुमंतू जनजाति विकास परिषद फिरोजाबाद का जिला सम्मेलन हुआ संपन्न।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। विमुक्त घुमंतू जनजाति विकास परिषद उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ डी आर वर्मा ने विशाल विचार व्यक्त करते हुए कहा की प्रदेश में निवास करने वाले 06 करोड आबादी के विमुक्त जनजातीय को जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहे हैं और जहां पर प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं उनके आधार पर शिक्षा में प्रवेश नहीं लिया जा रहा है इस घोर अन्याय को आखिर कब तक बर्दाश्त किया जाएगा जिसके लिए संपूर्ण उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में विमुक्त जनजाति के अंतर्गत आने वाली 84 जातियां को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में फिरोजाबाद जनपद का यह सम्मेलन आयोजित किया गया है विमुक्त घुमंतू जनजाति कल्याण विकास परिषद भारत सरकार के सदस्य श्री भारत भाई पटनी सर भारत सरकार द्वारा सरकारी यात्रा पर गुजरात से लखनऊ पहुंच रहे हैं 6 नवंबर को समाज कल्याण अधिकारियों की बैठक लेंगे एवं 7 नवंबर को कानपुर स्थित विमुक्त एवं घुन्तू समुदाय की बस्तियों का निरीक्षण करेंगे वहां पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की वार्ता के साथ-साथ कानपुर पहुंचकर इस समाज की बस्तियों का अवलोकन करेंगे तत्पश्चात 8 नवंबर को राजभवन पहुंचकर महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को सारी परिस्थितियों से अवगत कराएंगे जनपद फिरोजाबाद में निवास करने वाली विमुक्ति जनजातियां लोध, मल्लाह ,कहार, ,गुर्जर, गडरिया, बंजारा ,घोशी, खुरपलटा ,नट, भद्डरी, जोशी ,खटीक ,बहेलिया आदि को विमुक्त जनजाति का प्रमाण पत्र मिलना चाहिए जो जारी नहीं किया जा रहे हैं इसके लिए अनेकों बार जिलाधिकारी को ज्ञापन में दिए जा चुके हैं उत्तर प्रदेश सरकार दुआरा जारी शासनदेश के आधर पर जिलाधिकारी द्वारा एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा समस्त तहसीलदार उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तत्काल विमुक्ति जाति प्रमाण पत्र जारी करें उसके बावजूद प्रमाण पत्र



जारी नहीं किया जा रहे हैं इसको लेकर समस्त विमुक्ति एवं घुमंतू और अर्थ घूम्न्तू जनजातीयां शांति सत्याग्रह आंदोलन करेगी एवं जनपद की पांच विधानसभा सीटों पर इन लोगों का 10 लाख वोट बैंक है अगर सामाजिक न्याय नहीं दिया गया तो सरकार के विरोध में मतदान किया जाएगा अथवा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा या नोटा पर बटन दबाया जायेगा प्रतिनिधि सम्मेलन को मुख्य अतिथि प्रोफेसर सनिल कुमार वर्मा प्रिंचीपल लोक रास्ट्रीय महाविद्यालय जसराना बुद्धिस्ट वरिष्ठ समाजसेवी राधेश्याम कुशवाहा, प्रेमचंद कुशवाहा, विकास परिषद के जिला अध्यक्ष संजय सिंह निषाद एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष फतेह सिंह लोधी बेधड़क, सेवानिवृत अध्यापक कैलाश बाबू, नंदलाल वर्मा ,प्रदीप नारायण राजपूत, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश नायक आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम का शुभारंभ देश को आजाद करने वाले विमुक्त जनजातियों के भूले बिसरे क्रांतिकारियों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर सनिल कुमार वर्मा के द्वारा किया गया एवं प्रसिद्ध बांसुरी वादक डॉक्टर पुरुषोत्तम वर्मा ने बांसुरी की धुन के द्वारा देश की आजादी के विमुक्त घुमंतू जनजाति समुदाय के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की प्रतिनिधि सम्मेलन के उपरांत एक विशाल कवि सम्मेलन का भी आयोजित किया गया जिसमें महाकवि वेदराम वेद एडवोकेट ठाकुर साहब एटा, कवि सरोज सौदामिनी, कवि पहुंची लाल विषधर ,फतेह सिंह बेधड़क,कवि निर्दोश कवि अनेग सिंह कवि कुशवाह ने काव्य पाठ किया इस अवसर पर सभी कवियों को सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्र भेट कर स्वागत किया गया अंत में कार्यक्रम संयोजक विमुक्त घुमंतू जनजाति विकास परिषद के जिला संयोजक पहुंची लाल धनकर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत के मामले में चिकित्सक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण - बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना लाइन पर क्षेत्र में उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत के मामले में चिकित्सक के खिलाफ हत्या सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले के जांच कर रही हैं। आजाद नगर निवासी 45 वर्षीय निहाल सिंह पुत्र खूबी लाल कि मंगलवार की शाम तबीयत खराब हो गई थी। उसे सर्दी जुकाम खांसी हो गई थी। परिवार की लोग उसे पड़ोस के ही चिकित्सक उदयवीर सिंह की क्लीनिक पर ले गए।

चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाने को कहा। आरोप है चिकित्सक ने मना करने पर भी इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही निहाल सिंह की मौत हो गई।

उसके बेटे का आरोप है पिता की मौत होने के बाद चिकित्सक ने गाली गलौज की। धमकी देने के बाद चिकित्सक क्लीनिक बंद कर वहा से भाग गया। उसके बेटे अमित ने थाने में चिकित्सक उदयवीर निवासी आजाद नगर के खिलाफ 302 323 504 506 में मुकदमा दर्ज कराया है।



पुलिस ने हत्या सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। विदित हो निहाल सिंह की मौत के बाद गुस्सा आए लोगों ने क्लीनिक के सामने शव को रख करीब 4 घंटे तक धरना दिया था। चिकित्सक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गुस्साए लोग चिकित्सक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उनका आरोप था चिकित्सक की लापरवाही के चलते ही निहाल सिंह की मौत हुई है। इधर सूचना मिलते ही अधिकारियों के साथ कई थाने का पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गया जिन्होंने गुस्साए लोगों को समझाने का प्रयास किया परंतु उनकी समझ में नहीं आया इधर प्राइवेट चिकित्सक के यहां उपचार के दौरान रोगी की मौत होने की जानकारी मिलते ही एसीएमओ मौके पर पहुंच गए उन्होंने चिकित्सक की दुकान सीज कर दी पुलिस ने मृतक के पुत्र अमित द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई जहां मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सौंप दिया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मजदूर की मौत हो गई। वह सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

थाना नारखी के क्षेत्र कोटला निवासी 42 वर्षीय हेतम पाल पुत्र खुशीराम बेलदारी करता था। वह धातरी के एक ठेकेदार के यहां काम करता था।

वह सोमवार की शाम इटावा से काम कर लौट रहा था। वह ठेकेदार के साथ धातरी पर उतर गया। वहां से अपने गांव जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। इस दौरान तेज गति से आ रहे किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे मैं उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई । पता चलते ही उसके परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए। शव को देख उनमें कोहराम मच गया ।

पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# खाता धारकों का पैसा लेकर नहीं जमा करने पर फ्रेंचाइजी संचालक के विरुद्ध हुआ अभियोग पंजीकृत

**दैनिक समाज जागरण अभय प्रताप सिंह**

फतेहपुर। जहानाबाद थाना व कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला कटरा चुनपुज स्थित बैंक आफ बडौदा द्वारा निर्गत किओस कंपनी द्वारा जारी फ्रेंचाइजी के संचालक राकेश कुमार मलिकपुर जहानाबाद आईडी संख्या 1704297 के नाम से जारी होकर अपना कार्यालय खोल रखा था। जिस पर जहानाबाद क्षेत्र में खुली शाखा बैंक ऑफ बड़ौदा के बहुत से खाता धारकों का पैसा जमा व निकालने का काम करते था। जिस पर बीते दो माह पूर्व से पुलिस के पास फ्रेंचाइजी संचालक के विरुद्ध पैसा गमन करने की शिकायतें जा रही थी। जिस पर बैंक ऑफ बडौद्रा के उच्च अधिकारियों द्वारा कियोस कंपनी को नोटिस जारी करते हुए जानकारी एकत्रित किया। जिसमें किओस कंपनी के सुपरवाइजर अतुल पुत्र अजय सिंह निवासी बकेवर फतेहपुर के द्वारा क्षेत्र के कई खाता धारकों में बबीता देवी, सपना देवी, हरिशंकर आदि के लाखों रुपयों को लेकर बैंक में ना जमा करके खाता धारकों को पर्ची पकड़ा कर पैसा जमा होने की बात कहकर वापस करने की बात सामने आई। जिसमें फ्रेंचाइजी संचालक राकेश कुमार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। कस्बा प्रभारी उप निरीक्षक प्रशांत कटियार ने बताया कि फ्रेंचाइजी संचालक राकेश द्वारा खाता धारकों के जमाधान पर धोखाधड़ी किए जाने के विरुद्ध धारा 420, 408 आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है अभियुक्त की तलाश जारी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो साथी गंभीर

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना जसराना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे मैं उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है

थाना जसराना के क्षेत्र मिलावली निवासी 30 वर्षीय अनिल बाबू पुत्र उदयवीर हाल में अपनी ससुराल गोवर्धन नगर मैनपुरी में रहता था। कुछ दिन पहले ही उसके बेटा हुआ था।

वह अपने साथी शिवम तथा सत्यम निवासी गोवर्धन नगर के साथ बाइक से गांव आ रहा था। गांव के समीप ही तेज गति से आ रहे किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके फल स्वरुप उस पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस



मौके पर पहुंच गई तब तक अनिल ने दम तोड़ दिया

। उसके दोनों साथी शिवम तथा सत्यम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। उसके परिवारजन भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया

### *बेटे की ज्यादा खुशी नहीं मान सका*

**फिरोजाबाद। अनिल बाबू बेटे की खुशी ज्यादा दिनों नहीं मना सका। शादी के 8 साल बाद उसके बेटा हुआ था। बेटे का धूमधाम से दष्ठोंन मनाया जा रहा था। उससे पहले ही अनिल बाबू कि हादसे में मौत हो गई। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।**

# आगामी त्यौहार को लेकर जिलाधिकारी व जिला आबकारी अधिकारी द्वारा चलाया गया विशेष अभियान।

**समाज जागरण बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। दीपावली त्यौहार के मद्देनजर अवैध शराब के विक्री एवं निर्माण



पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से। जिलाधिकारी फिरोजाबाद के आदेश के क्रम एवं जिला आबकारी अधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन मे जिले के कई स्थानों पर छापेमारी एवं वाहन चैकिंग स्थानीय पुलिस के साथ चलाया गया। इस क्रम मे आबकारी निरीक्षक नंदलाल चौरसिया अन्य द्वारा थाना सिरसागंज पुलिस के साथ संयुम्ध रूप से गिहार बस्ती में छापेमारी की गयी। इस दौरान जमीन में गढे लहसन को लगभग 300 ॅ को मौके पर नष्ट करते हुऐ। एक अभियुक्त सोनू पुत्र पप्पू निवासी गिहार कालौनी को 20 लीटर अवैध शराब के साथ जेल भेजा गया। वहीं दूसरी टीम में शामिल आबकारी निरीक्षक सदर देवेन्द्र सिंह एवं आबकारी निरीक्षक टूण्डला अशोक कुमार द्वारा मय स्टाफ के टूडला टोल प्लाजा पर वाहनों की सघन चौकिग की गयी। इससे टोल पर वाहन चालको में अफरा-तफरी का माहौला बना रहा। अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

# जिला विज्ञान क्लब ने मनाई सर सी वी रमन की जयन्ती।

दैनिक समाज जागरण

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद द्वारा भारतीय वैज्ञानिक सी.वी.रमन की जन्मजयंती के अवसर पर जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने शत शत नमन करते हुए माल्यार्पण किया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को देश के महान वैज्ञानिक सी.वी.रमन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 07 नवम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में हुआ था। आपके पिताजी चंद्रशेखर अय्यर भौतिकी के प्राध्यापक एवं माताजी पार्वती अम्मल एक सुसंस्कृत परिवार की महिला थीं। उन्होंने शिक्षार्थी के रूप में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। सन 1906 में उनका प्रकाश विवर्तन पर पहला शोध पत्र लंदन की फिलॉसॉफिकेल पत्रिका में आयताकृत छिद्र के कारण उत्पन्न असीमित विवर्तन पट्टियाँ शीर्षक पर प्रकाशित हुआ था। सन 1927 में



उन्होंने एक्स किरणों के प्रकीर्णन पर अध्ययन किया। जिसके अध्ययन में उन्होंने श्रेष्ठ स्पेक्ट्रम चित्र तैयार करके उन्हें मापकर तथा गणित करके उनकी सैद्धांतिक व्याख्या की गई। उन्होंने प्रमाणित किया कि प्रत्येक स्पेक्ट्रम का अंतर पारद प्रकाश की तरंग लंबाइयों में परिवर्तित होने के कारण पड़ता है। रमन प्रभाव विश्व में भौतिकी के लिए एक अद्वितीय खोज है। इसी रमन प्रभाव की खोज के कारण चन्द्रशेखर वेंकट रमन की याद में भारत में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। रमन प्रभाव के लिए उन्हें सन 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त सन 1929 में उन्हें नाईट बैचलर, सन 1954 में भारत सरकार द्वारा भारत रत्न एवं सन 1957 में लेनिन शांति पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। 21 नवम्बर 1970 को बैंगलोर में उनका निधन हो गया।

# संस्कृत प्रवक्ता डॉ. चंचल जी के जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर संपन्न हुई संस्कृत प्रतियोगिताए

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्लॉक संवाददाता**

प्राप्त विगत अनुसार उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद में स्थित बापू इण्टर कालेज की संस्कृत प्रवक्ता डॉ. चंचल जी ने सोशल मीडिया फेसबुक के ऑनलाइन संस्कृतशिक्षणम् नामक फेसबुक ग्रुप में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए अपने जन्मदिन के अवसर पर संस्कृत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई । इस प्रतियोगिता का आयोजन गुजरात से राष्ट्रीय संस्कृत प्रचारक जगदीश डाभी जी ने किया था ।

डॉ. चंचल जी ने बताया कि जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम् इस उक्ति को चरितार्थ करने हेतु गुजरात से राष्ट्रीय संस्कृत प्राचारक जगदीश डाभी महोदय (गुजरात) एवं उत्तराखंड से संस्कृत रसास्वाद संस्था (अमित ओली, शिवा शर्मा) के द्वारा आनलाइनसंस्कृतशिक्षण फेसबुक पटल पर विश्वस्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता आयोजित की जाती है । जो संस्कृतप्रेमियों के सहयोग से ही सम्पन्न होता है । बहुत दिनों से जो सङ्कल्प मेरे अन्तःकरण में चल रहा था आज अर्थात मेरे जन्मदिन के शुभ अवसर पर साकार हुआ। इस सङ्कल्प को साकार करने का श्रेय डाभी महोदय को जाता है अतः भूरि भूरि धन्यवाद एवं आभार। इस प्रतियोगिता




के सम्पन्न होने से पूर्व ही यह सूचना डा. प्रियंका सिंह से प्राप्त हुई थी कि अग्रिम प्रायोजकों की भी सूचना प्राप्त हो गयी है, दिसम्बर, फरवरी एवं अप्रैल की। कभी-कभी तो एक मास में दो या तीन बार प्रतियोगिता सम्पन्न हो जाती है। इससे मात्र प्रतिभागियों की ही संस्कृत के प्रति रुचि नहीं व्यक्त हो रही है बल्कि आयोजक, प्रायोजक बनने हेतु भी सभी इच्छा व्यक्त कर रहे हैं। संस्कृत के प्रति स्वतः सभी के अन्तःकरण में जिज्ञासा जन्म ले रही है तथा ये सभी परस्पर संस्कृतभाषा का प्रचार- प्रसार भी कर रहे हैं। प्रतियोगिता कराने का लक्ष्य मात्र संस्कृतभाषा का ही विकास नहीं अपितु अखिल संस्कृतवाङ्मय का विकास है।

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 188 लोगों ने भाग लिया था । प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बिहार से विवेक मिश्र जी ने प्राप्त किया है, द्वितीय स्थान उत्तर प्रदेश से डॉ. प्रियंका सिंह जी ने तथा तृतीय स्थान उत्तर प्रदेश से अशोक कुमारी जी ने प्राप्त किया है । इस प्रतियोगिता में डॉ. चंचल जी द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा साथ में तीनों विजेताओं को संस्कृत रसास्वाद संस्था (उत्तराखंड) अमित ओली की ओर से प्रमाणपत्र भी दिया जायेगा।

# सिरसागंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हुआ कायाकल्प निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को मरीजों के



गुणवत्तापूर्ण उपचार हेतु क्वालिटी इंश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कायाकल्प अवार्ड योजना के प्रथम चरण के निरीक्षण का कार्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कपिल यादव के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ। शासन स्तर से आई कायाकल्प निरीक्षण टीम में डॉ. सरताज, हॉस्पिटल क्वालिटी प्रबंधक, जिला महिला अस्पताल इटावा एवं श्री अनूप कुमार,एसीपीए, मैनपुरी द्वारा विभिन्न मानकों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसागंज को परखा गया। जिसमें अस्पताल की साफ सफाई, मरीजों की दी जाने वाली सुविधाएं और अन्य सभी थीमेटिक एरिया के मानकों पर अंक दिए।उल्लेखनीय है कि विगत तीन वर्षों से निरंतर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कपिल यादव के दिशा निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसागंज कायाकल्प अवार्ड विजेता रहा है और वर्तमान सत्र में भी विजेता बनने को लेकर समस्त स्टाफ आशान्वित है। निरीक्षण के दौरान जनपद कंसल्टेंट क्वालिटी फिरोजाबाद डॉ. रबीश कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# इटवा में आयोजित हुआ सुभासपा कार्यकर्ता सम्मेलन

***इटवा कस्बा स्थित एक मैरिज हाल में आयोजित हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन***

***प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अमजद खान ने किया सम्मेलन का संचालन।***

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर और अपना अपना जनाधार बढ़ाने के लिए सभी पार्टियों ने जनता को साधने का काम शुरू कर दिया है। चुनावी जुनून चढ़ रहा है प्रत्येक पार्टियां अपना कार्यकर्ता सम्मेलन करके अपने बूथ कैडर को मजबूत करने में लगी है। इसी कड़ी में आज सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी ने अपना कार्यकर्ता सम्मेलन सिद्धार्थनगर के इटवा विधानसभा स्थित एक मैरिज हाल में किया। उक्त सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अमजद खान ने संचालन किया इस कार्यकर्ता सम्मेलन में सुभासपा के प्रदेश अध्यक्ष बच्चे लाल और पार्टी महासचिव विनोद राजभर मौजूद रहे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अगर इस देश में अडानी और बाबा रामदेव का कर्ज माफ हो सकता है तो एक गरीब का छोटा सा कर्ज बिजली का बिल क्यों नही माफ किया जा सकता। इस पर कोई पार्टी बात नही करती। वहीं पर खाद के मुद्दे पर सरकार का बचाव करते हुए माननीय ने प्रेस रिपोर्टर को झूठा तक बना दिया और कहा कि खाद की उपलब्धता पूरे प्रदेश में है कहीं पर भी कमी नहीं है।

# विधायक ने जिला कारागार में महिला बंदियों से किया मुलाकात

**शोहरतगढ़ विधानसभा से अपना दल (एस) के विधायक विनय वर्मा ने महिला के बंदियों का जाना हाल**

**विधायक ने महिला बंदियों को दीपावली त्यौहार के मद्देनजर उपहार भी भेंट किया**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जनपद के शोहरतगढ़ विधानसभा से अपना दल (एस) के विधायक विनय वर्मा ने जिला कारागार जाकर वहां बंद महिला बंदियों से मुलाकात की। विधायक विनय वर्मा अपनी पत्नी बबिता वर्मा के साथ जिला कारागार पहुंचे और वहां उन्होंने कारागार में बंद 50 महिला बंदियो और उनके बच्चों से मुलाकात कर दीपावली की मिठाई और कपड़े भेंट किया। बाद में मीडिया से बात करते हुए विधायक विनय वर्मा ने कहा कि वह और उनकी पत्नी आज जिला कारागार आए और यहां की बंदी महिलाओं को दीपावली पर को देखते हुए कुछ उपहार भेंट किया। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश है कि जिस भी वजह से महिलाएं और उनके बच्चे जेल में बंद है वह भी दीपावली का त्यौहार खुशी खुशी मनाएं इस मौके पर जिला कारागार में बंद एक महिला कैदी जिसकी सजा पूरी हो चुकी है लेकिन आर्थिक दंड न देने की वजह से वह अभी जेल से बाहर नहीं निकल पा रही है उसको लेकर उन्होंने कहा कि उसका जो भी आर्थिक दंड है उसे वह उनकी पत्नी अपनी सैलरी से जमा करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने जेल अधीक्षक से इसके बारे में बात की है और उसका आर्थिक दंड जमा कर उसको रिहा करने का पूरा प्रयास उनके द्वारा किया जाएगा।

# मानक विहीन ओमेगा हॉस्पिटल जहानाबाद कस्बा वासियों मरीजो के लिए बना मौत की दुकान

**सीजर समेत नॉर्मल डिलीवरी के नाम पर तीमारदारो से वसूले जाते हैं हजारों रुपए**

**अवैध ओमेगा हॉस्पिटल में रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक और ट्रेंड स्टाफ का है टोटा**

**फायर एनओसी समेत सुरक्षा के नहीं है कोई पुख्ता इंतजाम, रजिस्ट्रेशन पॉलीक्लिनिक का संचालित होता है अवैध ओमेगा हॉस्पिटल**

**जहानाबाद में संचालक प्रहरुप सचान धड़ल्ले से करता है अवैध ओमेगा हॉस्पिटल संचालित**

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। वैसे तो फतेहपुर जनपद दम तोड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर हमेशा से चर्चा में रहा है, किंतु जैसे-जैसे जनपद का विकास होता गया वैसे-वैसे स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर दुकाने भी खोल दी गई। सबसे हैरत की बात तो यह है कि जब फतेहपुर जनपद को मेडिकल कॉलेज जैसी सौगात केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रदान की जा चुकी है और फतेहपुर जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लाखों करोड़ों खर्च किए गए हैं। उसके बावजूद मरीजों का फतेहपुर शहर से लेकर जहानाबाद कस्बा विभिन्न कस्बो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित ज्यादातर अवैध एवं मानक विहीन हॉस्पिटलों में उपचार कराने का मोह भंग ना होना बड़ी कहानी बयां करता है। सूत्रों की माने तो इन सब के पीछे कहीं ना कहीं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत शामिल है। अगर सिर्फ शहर की बात करें तो नउवाबाग से लेकर लोधीगंज इलाके तक कुकुरमुत्तो की तरह जगह-जगह खुले अवैध नर्सिंग होम यह बयान करता है कि संचालित होने वाले मानक विहीन हॉस्पिटलों के संचालकों की सेटिंग गेटिंग स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से है। आपको बताते चले की जहानाबाद कस्बा में ओमेगा हॉस्पिटल धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। *सूत्र बताते हैं पाली क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन कराकर संचालित किया जाता है ओमेगा हॉस्पिटल इसके अलावा उक्त अस्पताल में विभिन्न रोगों से ग्रसित मरीज को भर्ती करने से लेकर विभिन्न रोगों के ऑपरेशन व उपचार की व्यवस्था होने का दावा किया जाता है। *सूत्र तो यह भी बताते हैं कि इस हॉस्पिटल में मरीजों को पहुंचाने के लिए 24 घंटे एंबुलेंस की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है। जिससे यह साबित होता है कि यह पूरा खेल कहीं ना कहीं सेहत महकमे के अधिकारियों को शामिल करके किया जा रहा है। सबसे अचंभित करने वाली बात तो यह है कि इस अस्पताल का संचालक प्रहरुप सचान नाम के व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा है इनके पास सिर्फ फार्मासिस्ट की डिग्री हासिल की है और ना ही इस हॉस्पिटल में ट्रेंड नर्स एवं वार्ड बॉय हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि जब अवैध ओमेगा हॉस्पिटल जहानाबाद कस्बा वासियों के बीच चर्चा का विषय बना है तो फिर स्वास्थ्य महकमा इस हॉस्पिटल के खिलाफ कब एक्शन के मूड में आता है या नहीं!?

# 11 महिलाओं को चेयरमैन व आजीवन सदस्यों द्वारा हाइजीन किट प्रदान की गई

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर आज इंडियन रेडक्रास सोसाइटी,आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में बहुआ में जलसंरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया।रैली में मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया।सभी बच्चे"पानी बचाओ जीवन बचाओ","जल है तो कल है"के नारे लगाते हुए चल रहे थे।डॉ अनुराग ने मुख्य बाजार में सभी व्यापारियों व दुकानदारों से निवेदन किया कि धूल से बचने के लिए पीने के पानी से सड़को को न सींचे बल्कि धूल रोकने के लिए प्लास्टिक के पर्दे इस्तेमाल करें क्योंकि पीने का पानी बहुमूल्य है और 2040 तक समाप्त होने की कगार पर है।दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में अपने को जीरो डे घोषित किया है।वाटर बेल व आरओ से निकलने वाले वेस्टेड पानी को एकत्र कर बर्तन धुलने में उपयोग करने हेतु जागरूक किया ।मार्ग में दोनों तरफ दुकानदारों को सुरेश श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार द्वारा जल संरक्षण जागरूकता निवेदन पत्रक भी वितरित किया गया।कई स्थानों पर रैली का स्वागत व सभी बच्चों को पानी की बोतल,बिस्कुट,चिप्स नमकीन इत्यादि का वितरण कमलेश गुप्ता,वीरेंद्र गुप्ता,रूपनारायण गुप्ता,विनोद कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया।साथ ही सभासद अरुण कुमार गुप्ता द्वारा चिन्हित अतिजरूरतमंद 11 महिलाओं को चेयरमैन व आजीवन सदस्यों द्वारा हाइजीन किट प्रदान की गई।

# बंदरों के झुंड से कस्बा वासी परेशान

**दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह**

फतेहपुर। जहानाबाद कस्बा क्षेत्र में बीते कई माह से बंदरों की संख्या अधिक हो जाने के चलते कस्बा वासी परेशान नजर आ रहे हैं। जो घरों सहित घरेलू



सामान में नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ लोगों को बंदरों के झुंड द्वारा काटने से घायल हो जाने पर नागरिकों में बंदरों के क्रियाकलापों से भय व्याप्त है। कस्बा के मोहल्ला मलिकपुर, रमचौरा, चौक, पटेल नगर आदि मोहल्ले में बंदरों का कई सैकड़ा झुंड उछल कूद करते हुए आम नागरिकों का नुकसान पहुंचा रहे हैं। मलिकपुर निवासिनी सरोज निषाद (भाजपा नेता) ने बताया कि बीते दिवस बंदरों का झुंड अचानक घर में घुस आया, जिन्हें हकाला तो उनकी तरफ झपटकर बंदरों ने कई जगह काटकर घायल कर दिया। घायल होने के साथ चोट आने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद पहुंचकर उपचार कराया है। इसी तरह मोहल्ले में ही फूल कुमारी, सुमन, नायरा, अनीता, रन्नो, सायरा खातून आदि सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को बंदरों द्वारा काटने से घायल हो चुके हैं। विभागीय जिम्मेवार प्रशासन से उक्त लोगों ने मांग की है कि बंदरों की बढ़ रही संख्या को देख इन्हें सुरक्षित स्थान पहुंचा कर आम नागरिकों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाया जाए।

# फैक्टनेब ने अपनी समस्याओं से अवगत कराने एवं निदान हेतु जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम किया प्रारंभ

पटना ।
संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत लगभग पच्चीस हजार शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का शैक्षणिक सत्र 2014-17 से 2021-23 (कुल सात शैक्षणिक सत्र) तक का परीक्षा परिणाम आधारित मिलने वाली बकाया अनुदान राशि बढ़ी हुई मंहगाई दर पर एकमुश्त भुगतान करने, सम्मानजनक वेतनमान निर्धारित कर प्रतिमाह वेतन भुगतान करने आदि मांगों से संबंधित ज्ञापन जनप्रतिनिधियों को सौंपने का कार्यक्रम प्रारंभ किया ।
बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) द्वारा आज विधान पार्षद भाजपा के डा नवल किशोर प्रसाद सिंह, भाकपा के डा संजय कुमार सिंह, जदयू के डा संजीव कुमार सिंह, भाजपा के जीवन कुमार, निर्दलीय आफाक अहमद, विधायक हम के डा अनिल कुमार, राजद के रेखा देवी एवं सुदय कुमार, भाकपा के राम रतन प्रसाद सिंह,को उनके सरकारी आवास पर ज्ञापन सौंपा गया।
इस कार्यक्रम में फैक्टनेब की ओर से महासंघ के राज्य मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम के साथ पीपीयू के अध्यक्ष डा रामनरेश प्रसाद, प्रो श्रवण कुमार, डा पितृ कुमार , डा शंभुशरण सुमन आदि शामिल रहे।
सभी जनप्रतिनिधियों ने फैक्टनेब के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि आपकी चिरलंबित न्यायोचित समस्याओं का स्थाई समाधान की दिशा में कारगर कदम उठायेंगे।

## नव चयनित एसडीएम रोशन राज को समाजसेवी संजय मिश्रा ने किया सम्मानित

अररिया ।
समाजसेवी संजय मिश्रा द्वारा रोशन राज को उनकी 67वीं बीपीएससी परीक्षा में 48वां रैंक प्राप्त करने पर सम्मानित कियो और उन्होंने एक चांदी कलम, मेडल, और फूलमाला पहनाकर रोशन राज का हौसला बढ़ाया है।बताते चले कि रोशन राज प्रतिष्ठित एसडीएम बनकर जिले को गौरवान्वित किया फिलहाल पंचायत राज विभाग में आडिटर पद के लिए ट्रेनिंग कर रहे हैं। उनके माता-पिता और परिवार का साथ उनकी सफलता में महत्वपूर्ण रोल रहा है। तीन भाई व तीन बहनों से सबसे छोटे रोशन के पिता गोपाल प्रसाद गुप्ता का काली मंदिर चौके कपड़ा का कारोबारी है। जबकि मां फुलमत देवी गृहिणी है। रोशन ने बताया कि वर्ष 2006 में हाईस्कूल अररिया से वे मैट्रिक प्रथम श्रेणी से पास किये थे। इसके बाद अररिया कॉलेज से इंटर पास की फिर ए एन कॉलेज पटना से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इंटर व स्नातक भी वे प्रथम श्रेणी से पास किये। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिजनों, गुरूजनों व दोस्तों को देते हुए रोशन ने कहा कि उनकी इच्छी आईएएस बनने की है।



## जिला एवं सत्र न्यायाधीश अररिया द्वारा तीनों अभियुक्तों को दिए आजीवन कारावास की सजा

अररिया।
अररिया पुलिस एवम अभियोजन शाखा (स्पीडी ट्रायल) के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप जोकीहाट थाना कांड संख्या -85/22, दिनांक 16/02/22, धारा झ 302/201 /120 ()/34 भा० द० वि० के अभियुक्त- (1) मो० इस्तियाक, पिता - मो० फटकन आलम (2) मो० मामुल, पिता मो० स्व० हाफिज (3) मो० इमरान आलम, पिता - मो० शमशाद, तीनों सा०- प्रसादपुर डुमरिया, थाना - महलगांव ओ० पी०, जिला - अररिया को दिनांक 07/11/23 को माननीय न्यायालय (जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अररिया) द्वारा धारा - 302/120()/34 भा० द० वि० के तहत तीनों को आजीवन कारावास एवम 15-15 हजार रुपए जुमार्ना की सजा एवम धारा - 201 / 34 भा० द० वि० के तहत तीनों को 3 वर्ष कारावास एवम 5झ5 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई गई है। जुमार्ना नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

# आस्था हॉस्पिटल के डॉक्टर ने किया गलत ऑपरेशन पीड़ित ने लगाया पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

### *मडियाहूं में आस्था क्लिनिक बना भ्रष्टाचार का अड्डा मरीज का होता है शोषण*

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

जौनपुर-/ जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर मडियाहूं तहसील मुख्यालय पर स्थित आस्था हॉस्पिटल के डॉक्टर लम्बी धन उगाही करके किया गलत ऑपरेशन शिकायत करने पर पीड़ित को दिया जान से मारने की धमकी पीड़ित से ऑपरेशन के नाम पर ₹100000 की मांग किया था जिसमें प्रार्थी ने ₹50000 नगर दे दिया था उसके बावजूद भी डॉक्टर की घोर लापरवाही वी शिथिलता के कारण ऑपरेशन गलत हो गया जिससे पीड़ित परेशान हो गया है उक्त डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार प्राप्त जानकारी के अनुसार शीला देवी पत्नी नन्हे सरोज निवासी ग्राम सभा सेउर थाना मडियाहू जनपद जौनपुर ने आस्था हॉस्पिटल में अपनी पत्नी का ऑपरेशन कराया था दिनांक 26.9.2023 को ऑपरेशन हुआ था सनद हे की पीडित द्वारा थाना कोतवाली मडियाहू को भी लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया था कोई कार्रवाई उच्च डॉक्टर के विरुद्ध ना होता देख आज पुलिस अधीक्षक जौनपुर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है देखना यह है कि डॉक्टर के खिलाफ कब होती है विभागीय कार्रवाई

# लेखपाल व कानूनगोह की मनमानी

**समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। जफराबाद थाना अंतर्गत स्थित गांव सादातमसौढ़ा परगना रारी में दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता रूपेश कुमार पांडे के बाउंड्री वॉल की स्थगन आदेश के बावजूद बगैर सूचना नाप जोख करने पहुंचे कानूनगोह और हल्का लेखपाल की अगुवाई में हौसला बुलंद दबंग एवं विपक्षियों ने अपराध की पराकाष्ठा को लांघते हुए जमकर उत्पात मचाया। डॉ दिनेश कुमार पांडे पुत्र कांति मोहन पांडे मौजा कजगांव परगना रारी तहसील सदर जिला जौनपुर ने अपने अधिवक्ता श्री वशिष्ठ नारायण शुक्ल एडवोकेट के माध्यम से नोटिस जारी करते हुए आरोप लगाया कि 2 नवंबर 2023 को हल्का लेखपाल महेंद्र सिंह कानून गोह संजय सिंह बगैर किसी सूचना के उनकी बाउंड्री वॉल को लांघ विपक्षियों के संग जबरन नाप जोख करने लगे। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और दिव्यांग होने के कारण डॉक्टर दिनेश कुमार पांडे उपरोक्त जिम्मेदारों को अराजी संख्या 511 जिसका दीवानी न्यायालय में लंबितवाद संख्या 1458/ 2001 कांति मोहन बनाम श्री देव आदि में पारित स्थगन आदेश का हवाला देते रहे जिसके बावजूद जबरन हल्का लेखपाल और कानून गोह नाप जोख करने लगे। उपरोक्त राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में अराजक तत्व बाउंड्री में रखी गई स्टेनलेस स्टील की छोटी अलमारी ,स्टेशनरी स्टैंड, वाटर हीटर,ब्रांडेड टिफिन कैरियर इत्यादि सामान उठा ले गए। न्यायालय की अवहेलना के मद्देनजर कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट की कार्यवाही हेतु दीवानी न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वशिष्ठ नारायण शुक्ल ने उपरोक्त को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा।

# राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में बीएनएमयू की दमदार उपस्थिति शोधार्थी प्रसन्ना को चौथा स्थान

रांची/मधेपुरा ।
पड़ोसी राज्य झारखंड की राजधानी रांची में आईएमए हॉल में 5 नवंबर को आयोजित रामचरित मानस में वेदांत विषयक राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में बीएनएमयू ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। यहां के दो शोधार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सर्वेश्रेष्ठ दस में स्थान बनाते हुए एक-एक हजार का नकद इनाम पर भी कब्जा जमाया। अर्थशास्त्र विभाग की शोधार्थी प्रसन्ना सिंह राठौर ने चतुर्थ और इतिहास विभाग के शोधार्थी हर्ष वर्धन सिंह राठौर को आठवां स्थान प्राप्त हुआ। दोनों ने प्रतियोगिता के तृतीय चरण में निर्धारित विषय पर पांच-पांच मिनट की सारगर्भित प्रस्तुति देकर तालियां भी बटोरी। दोनों प्रतिभागियों को रांची उच्च न्यायालय, रांची के न्यायाधीश एस. एन. पाठक सहित अन्य अतिथियों ने प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया।

मिली प्रशंसा
वेदांत रिसर्च सेंटर की निदेशिका सह भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् की अध्यक्षा राजकुमारी सिन्हा ने अपने संबोधन में बीएनएमयू के दोनों प्रतिभागियों की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बीएचयू और पीयू के प्रतिभागियों के बीच एक सुदूर क्षेत्र के विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों की दमदार उपस्थिति सुखद आश्चर्य का विषय है। उन्होंने कहा कि अत्यंत ही जटिल विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के दर्जनों प्रतिभागियों ने भाग लिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान पीढ़ी अपने अतीत की जड़ों से



अंजान नहीं है, बल्कि वह अतीत को जानने-समझने के प्रति काफी गंभीर है।
दोनों प्रतिभाओं ने बढ़ाया इस क्षेत्र का मान स्थानीय आयोजन सचिव सह बीएनएमयू उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ सुधांशु शेखर ने रांची मे बीएनएमयू के प्रतिभागियों की दमदार उपस्थिति पर बधाई दी है। उन्होंने कार्यक्रम आयोजित करने का अवसर देने हेतु सेंटर के अध्यक्ष प्रो. एच. पी. नारायण और निदेशिका सह भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् की अध्यक्षा प्रो. राजकुमारी सिन्हा का आभार व्यक्त किया है।
दो राउंड की प्रकिया के बाद प्रसन्ना और हर्ष वर्धन का हुआ था चयन
डॉ. शेखर ने बताया कि टी. पी. कालेज, मधेपुरा केंद्र पर निबंध प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लगभग पचास प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रथम चरण में प्रसन्ना कुमारी (प्रथम) और हर्ष वर्धन (तृतीय) सहित सर्वश्रेष्ठ पांच निबंध का चयन कर रांची भेजा गया था। दूसरे चरण में रांची में मूल्यांकन समिति ने प्रसन्ना एवं हर्ष वर्धन के आलेख को प्रस्तुति हेतु चयनित किया। संयोग से दोनों पति-पत्नी हैं और दोनों ने एक ही विधा में राष्ट्रीय स्तर पर बीएनएमयू का प्रतिनिधित्व कर एक तरह का रिकॉर्ड भी कायम किया है।

# बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लंदन में डॉ0 सुनील का नाम दर्ज

आलमनगर/डा. रूद्र किंकर वर्मा।
जिनमें कुछ कर गुजरने की क्षमता और जज्बा होती है वो लोग हर परिस्थिति और उम्र में बड़ी सफलता हासिल कर लेते हैं। ऐसा ही कारनामा कर दिखाया कॉमर्स विषय के जाने-माने प्रसिद्ध शिक्षाविद आलमनगर मुख्यालय निवासी डॉक्टर सुनील कुमार सिंह ने।
डॉ सुनील ने लगातार 250 घंटे पढ़ा कर एक नया विश्व कीर्तिमान बना दिया और विख्यात "बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लंदन" में अपना नाम शुमार कर लिया।
डॉ सुनील ने कॉमर्स के विषयों को ऑफलाइन और ऑनलाइन के माध्यम से दिन-रात पढाते हुए 250 घंटे पढ़ा डाला ऐसा करने वाले डॉक्टर सुनील विश्व के पहले व्यक्ति हैं। बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लंदन ने डॉक्टर सुनील को सर्टिफिकेट,




मेडल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ सुनील ने बताया कुछ और भी संस्थाएं हैं जो अपने बुक में इस वर्ल्ड रिकॉर्ड को शामिल करेगी। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित डॉ सुनील ने इस उपलब्धि को अपने परिवार और छात्र-छात्राओं के नाम किया। डॉ. सुनील ने भावुक होते हुए बताया कि स्टूडेंट्स के सहयोग के बिना यह रिकॉर्ड बनना नामुमकिन था।
मालूम हो कि डॉक्टर सुनील कुमार सिंह शैक्षणिक क्षेत्र के साथ-साथ खेल जगत में भी बिहार के लिए जानी-मानी हस्ती है वह भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर से भी सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

## पूर्व शिक्षक बहाली की भांति बीसीए डिग्रीधारकों को बीपीएससी अध्यापक भर्ती में फॉर्म भरने का दें मौका - इन्तेखाब आलम

पटना। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य श्री इन्तेखाब आलम ने बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार और बिहार सरकार शिक्षा विभाग से मांग किया है कि बीसीए कम्प्यूटर साइंस डिग्रीधारकों को पूर्व शिक्षक बहाली के भांति बिहार लोक सेवा आयोग मध्य विद्यालय 6 से 8 अध्यापक नियुक्ति भर्ती में फॉर्म भरने का अनुमति प्रदान करें। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में बीसीए कम्प्यूटर साइंस से स्नातक करने वाले डिग्रीधारी छात्रों का स्पष्ट उल्लेख नहीं रहने के कारण हजारों बीसीए कम्प्यूटर साइंस स्नातक डिग्रीधारी छात्र एवं उनके माता-पिता और उनके अभिभावक बहुत परेशान है। इससे पूर्व की छठा चरण शिक्षक नियमावली एवं बहाली में बीसीए डिग्री का जिक्र था कि बीसीए वाले अभ्यर्थी गणित एवं विज्ञान का शिक्षक बन सकता है और तो और छठा चरण बीसीए कम्प्यूटर साइंस से स्नातक वाले छात्रों का गणित एवं विज्ञान शिक्षक के रूप में बहाली भी हुई है। छात्रों का कहना है कि बीसीए वाले मैट्रिक, आईएससी, बीसीए, बीएड में साइंस के रूप में गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान विषय के रूप में पढ़ा है और तो और सीटीईटी भी गणित एवं विज्ञान विषयों से उत्तीर्ण किया है। कदम-कदम पर बीसीए कम्प्यूटर साइंस वाले छात्रों का गणित और विज्ञान विषयों से नाता है। ऐसे मेधावी छात्रों को बिहार लोक सेवा आयोग अध्यापक नियुक्ति भर्ती से वंचित रखना घोर अन्याय है।

# अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने फीता काट कर किया शुभारंभ

पूर्णियां।
पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का चौथा चरण का अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता जिला स्कूल के इतिहासिक एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में चलता हुआ।
अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " ने की । उन्होंने सहरसा एवं सुपौल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रीय गान गाकर, बैलून उड़ाकर विविधता उद्घाटन किया। उन्होंने उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित खेल, खिलाड़ियों खेल प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर है। इस अवसर का खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। स्वस्थ जीवन शैली के लिए खेल बहुत ही आवश्यक है।
पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के आयोजन पर पूर्व क्रिकेटर श्री हरिशंकर झा एक कविता लिखी है। पूर्व क्रिकेटर श्री हरिशंकर झा ने अपनी लिखी कविता स्वयं सिनियर डिप्टी कलेक्टर सह जिला खेल पदाधिकारी महोदया सुश्री डेजी रानी एवं पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा सर को पढ़ कर सुनाया एवं प्रति भेंट की।
ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का चौथा चरण अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता से शुरू हो गई। अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने को मिलेगा।
मैच परिणाम
सहरसा बनाम सुपौल के बीच मुकाबला खेला गया। सहरसा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आल आउट होकर 155 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें आशीष ने 41 गेंदों 50 रन एवं मो शाहीन अफरोज ने नाबाद 17 गेंदों में 39 रनों का योगदान दिया।
सुपौल की ओर से गेंदबाजी करते हुए जियाउल ने 2 विकेट एवं दिवेश ने 2 विकेट प्राप्त किया।
लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपौल की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 126 रन ही बना सकी। यह सहरसा ने 29 से जीत हासिल कर ली। सुपौल की ओर मोहम्मद भुनेश्वर ने 55 गेंदों 50 रन, मो जियाउल ने 22 गेंदों में 19 रन एवं कृष्ण ने 12 गेदो में 19 रनों का योगदान दिया।
सहरसा की ओर से गेंदबाजी करते हुए गुलजार ने 2 विकेट एवं अमित ने 2 विकेट प्राप्त किया।
पूर्णियां बनाम भागलपुर
================
भागलपुर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 99 रन ही बना पाई। जिसमें साजन ने 39 गेंदों में 29 रन एवं रौशन 23 गेंदों 35 का योगदान दिया।
पूणिया की ओर से गेंदबाजी करते हुए भूपेश ने 3 विकेट एवं सन्नी ने 2 विकेट प्राप्त किया।
जीत के लिए 100 रनों का पीछा करते हुए पूणिया की टीम ने 8 ओवर में 1 विकेट खोकर 103 रन बनाकर 9 विकेट से जीत हासिल कर ली। इस जीत




में शिखर सिंह ने 23 गेंदों 42 रन एवं भूपेश ने 19 गेंदों में नाबाद 33 रन।
भागलपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सूरज ने 1 विकेट प्राप्त किया।
दिनांक 08/11/2026 को खेले जाने वाले मुकाबला
सुबह 9:00 बजे से
अररिया बनाम सहरसा
=================
अपराह्नः- 12:00 बजे से
लखीसराय बनाम वैशाली के बीच मुकाबला खेला जाएगा।
मैच में अंपायरिंग की भूमिका निभा रहे हैंः- एस एस प्रसाद पिंटू, बिमल मुकेश, आदित्य कुमार सिंह एवं अनमोल कुमार सिन्हा। स्कोररः- प्रिंस कुमार।
अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, मो मंजर मोहशिम, सैदय जब्बार हुसैन, मो नैयर अली, जितेन्द्र कुमार सिन्हा"गोपी " , वेदांत कुमार झा , शिवम् राज, हर्ष कुमार झा, रितेश कुमार झा , आशुतोष कुमार सहरसा के टीम प्रभारी श्री कुंदन कुमार सिंह, प्रमोद पंसारी, तोहिन, सागर बर्मन, सुपौल के प्रभारी नरूलाह सागर उपस्थित थे।

# बिहार संगीत योग्यताधारी प्रशिक्षित संघ बिहार के द्वारा सात सूत्री मांग पर पटना में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम 9 को

पटना।
संगीत शिक्षक बहाली हेतु एसटीईटी परीक्षा और इढरउ परीक्षा में अनेक बाधा आने से बिहार संगीत योग्यताधारी प्रशिक्षित संघ बिहार के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मुकेश मिलन ने सभी संगीत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों से आह्वाहन किया है कि 9 नवंबर 2023 को गर्दनीबाग पटना में प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना कार्यक्रम में भाग लेकर धरना को सफल बनाएं साथ ही महिलाओं की भी अधिक भागीदारी हो ।
प्रदेश अध्यक्ष मुकेश मिलन ने कहा कि संगीत शिक्षक अभ्यर्थियों के बीपीएससी परीक्षा आवेदन में संगीत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को संगीत पेपर 1 में 17 एवं पेपर 2 में 8 के अलावा अनिवार्य विषय में भी गलत प्रश्नोत्तर,दस वर्ष उम्र की छूट जो एसटीईटी में दिया गया था और उत्तीर्ण होकर भी इढरउ परीक्षा की आश लगाने के बाबजूद इढरउ परीक्षा के



आवेदन में मौका नहीं दिए जाने,एहर का लाभ नहीं दिए जाने,अपियारिंग कैंडिडेट को मौका नहीं दिए जाने एवं अनेक बाधाये आने के कारण सात सूत्री मांग का ज्ञापन धरना के माध्यम से मुख्यमंत्री को देंगे ।
श्री मिलन ने इस प्रदेश स्तरीय धरना को सफल बनाने हेतु बिहार के तमाम संगीत अभ्यर्थियों और संगीत प्रेमियों को पटना आने का आह्वाहन किया एवं कहा कि इस धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार संगीत योग्यताधारी प्रशिक्षित संघ बिहार के संरक्षक सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा एवं संघ के सम्मानित संरक्षक सह बिहार विधान परिषद के सदस्य नवल किशोर यादव के अलावा बिहार के विभिन्न जिला के संगीत अभ्यर्थीगण और संगीत प्रेमी भाग लेंगे।

# "जल-जीवन-हरियाली अन्तर्गत जागरूकता का प्रसार" विषय पर परिचर्चा आयोजित

अररिया।
जिला जन सम्पर्क कार्यालय, अररिया द्वारा जल जीवन हरियाली दिवस के अवसर पर समाहरणालय स्थित डी.आर.डी.ए. सभागार में "जल-जीवन-हरियाली अन्तर्गत जागरूकता का प्रसार" विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर सूचना जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना द्वारा सूचना भवन पटना स्थित संवाद कक्ष में जल जीवन हरियाली दिवस पर आयोजित कार्यक्रम से लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारी गण जुड़े रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया श्रीमती सोनी कुमारी द्वारा उपस्थित पदाधिकारी को जल जीवन हरियाली दिवस की शुभकामनाएं देते हुए निर्धारित विषय "जल-जीवन-हरियाली अन्तर्गत जागरूकता का प्रसार" पर चर्चा करते हुए विगत वर्षों में विभाग द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारी से अपने-अपने विभाग



अंतर्गत जल जीवन हरियाली अभियान को लेकर संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी जिला प्रशासन अररिया के फेसबुक पेज पर लाइव होकर देने का अनुरोध किया गया, ताकि सोशल मीडिया के माध्यम से भी जल-जीवन-हरियाली अन्तर्गत जागरूकता का प्रसार किया जा सके। जिला मिशन प्रबंधक, जेजेएचएम, अररिया श्रीमती नम्रता राणे द्वारा जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन से अवगत कराया गया।
मौके पर एसीएमओ अररिया डॉ राजेश कुमार, डीएएचओ अररिया श्री राजीव कुमार सिंह, नगर परिषद अररिया से श्री चंदन कुमार एवं मो० नौशाद आलम, नगर परिषद फारबिसगंज से श्री राशिद वाहिद एवं विनोद कुमार सिंह, डीएफओ अररिया से श्री चंदन कुमार, शिक्षा विभाग से श्री आदर्श कुमार, जीविका से श्री नारायण कुमार, नगर पंचायत जोकहाट से श्री अरविंद कुमार, कृषि विभाग से सुश्री निभा कुमारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मोटर साइकिल चोरी करने वाले संगठित गिरोह के कुल 5 अन्य सदस्यों गिरफ्तार

अररिया।
गुप्त सूचना के आधार पर अररिया थाना पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को चोरी की लाल रंग की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया था। पकड़ाए व्यक्ति के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा एवं दो चोरी/ छिनतई किया हुआ एंड्राइड मोबाइल फोन भी बरामद हुआ था। पकड़ाए व्यक्ति का नाम- अमानतुल्ला उर्फ लड्डू पे०- स्व० फारुख, सा०- पुरनदाहा, थाना- सिमराहा, जिला- अररिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के अपराध स्वीकारोक्ति बयान एवं निशान देही के आधार पर पुरनदाहा / सिमराहा / जलालगढ़ (पूर्णिया ) स्थित इनके ठिकानों पर छापेमारी कर चोरी की अन्य चार अपाचे मोटरसाइकिल एवं एक ग्लैमर मोटरसाइकिल को बरामद किया गया तथा मोटर साइकिल चोरी करने वाले संगठित गिरोह के कुल 5 अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से मोटरसाइकिल का लॉक खोलने का कुल 9 मास्टर चाबी भी बरामद हुआ है।
उपर्युक्त संबंध में अररिया थाना कांड संख्या -1073 / 23, दिनांक- 06/11 / 2023, धारा 379 / 556 / 411 /413 / 414 भा0द0वी0 एवं 25 (1-) / 26 शस्त्र अधिनियम अंतर्गत प्रतिवेदित किया गया है। इस कार्रवाई से अंतर जिलास्तरीय संगठित मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा हुआ है। गिरोह के संबंध में अन्य बिंदुओं पर अनुसंधान जारी है। गिरोह के अन्य



सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।
गिरफ्तार अभियुक्त
(1) अमानतुल्ला उर्फ लड्डू, पिता स्व० फारुख, सा०- पुरनदहा, थाना-सिमराहा। (2)- मो० अंजरूल उर्फ फेकना, पिता- मो० लतीफ, सा०- मदारगंज, थाना सिमराहा।
(3)- मो० फुरकान अली, पिता मो० हसन सा०- गैयारी, थाना अररिया, तीनों जिला- अररिया।
(4) - मो० इम्तियाज, पिता- मो० यासीन, सा०- बधुवा, थाना- जलालगढ़। (5) - विकास कुमार, पिता- महेश लाल,सा०- खमेला, थाना अमौर ।
(6)- मो० महफूज, पिता मो0 आरिफ, सा०- मघेली, थाना जलालगढ़, तीनों जिला पूर्णिया।
बरामदगी
(1 ) - चोरी की मोटर साइकिल -05
( 2 ) - देशी कट्टा - 01, जिन्दा कारतूस -01, खाली खोखा - 01
( 3 ) - चोरी का मोबाइल - 03
(4)- मोटर साइकिल चोरी हेतु मास्टर चाभी - 09

# ग्रामीणों में जागरूकता एवम विकास कार्य को बढ़ावा देने हेतु कोशी शरण धरबंधा में जन संवाद कार्यक्रम आज

रानीगंज।
ग्रामीणों को जागरूकता एवं विकास कार्य को बढ़ावा देने हेतु आयोजित जन




संवाद कार्यक्रम में खुद अररिया की जिला पदाधिकारी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। जिला प्रशासन द्वारा आहूत इस कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। इस आशय की जानकारी देते हुए बगुलाहा पंचायत के मुखिया प्रिंस भिक्टर ने बताया कि कार्यक्रम मध्य विद्यालय कोशी शरण धरबंधा में जन संवाद कार्यक्रम 8 नवंबर को है आप सब हजारों-हजार की संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें। सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# महिला थाना प्रभारी निकिता सिंह ने आज दो अलग अलग मामलों में टूटते बिखरते दो परिवार को जोड़ने का सफल प्रयास किया गया।

**समाज जागरण वाराणसी**

एक मामला प्रार्थिनी वसीमा पत्नी कलाम निवासी - कादीपुर, थाना- शिवपुर, वाराणसी की रहने वाली है दिनांक ३१.१०.२०२३ को पड़े प्रार्थना पत्र की जांच करते हुए महिला अपराध प्रभारी निकिता सिंह द्वारा दिनाँक ०६.११.२०२३ को मौके पे जाकर जांच किया गया। जिसमें पति-पत्नी के विवाद का मामला सामने आया । उक्त प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षो को थाने पर बुलाया गया । घंटो बात चीत समझने व समझाने के साथ मनमुटाव दूर कर आपसी सहमति से सुलह समझौता करवाया गया।दोनो पति पत्नी प्रेम पूर्वक एक दूसरे के साथ रहने को राजी होते हुए थाना प्रभारी को धन्यवाद कहते हुए खुशी - खुशी घर गए।



वही एक और मामले में जेबा रियाज पत्नी मोहम्मद शाहिद अंसारी निवासी सनवाली रोड हयात नगर पब्लिक स्कूल मिजार्पुर,पत्नी निवासी रामनगर वाराणसी का 18 महीनों से विवाद चल रहा था दोनो एक दूसरे के साथ रहना नही चाहते थे महिला थाना प्रभारी महोदया निकिता सिंह ने समझदारी दिखाते हुए इस बिखरते परिवार को जोड़ने का प्रयास किया। वही पति पत्नी एक दूसरे से माफी मांगते हुए आपसी रजामंदी से एक दूसरे के साथ रहने का समझौता करते हुए घर वापसी किया।

# देव दीपावली पर अभेद्य किला होगी काशी

- मुख्यमंत्री ने की काशी में देव दीपावली को लेकर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा
- फ्लोटिंग डिवाइडर से गंगा में बनेंगे दो लेन, घाटों की होगी अभूतपूर्व सुरक्षा
- 9 जोन, 11 सेक्टर और 32 सब सेक्टर में बांटे जाएंगे घाट, 7 घाटों पर सबसे ज्यादा उमड़ती है भीड़
- घाटों पर तैनात रहेगी एंटी रोमियो स्क्वॉड की टीमें, हर घाट पर महिला पुलिसकर्मी भी रहेंगी मौजूद

**समाज जागरण वाराणसी**

लखनऊ/वाराणसीः नित्य महोत्सव वाले उत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में कई बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन होने हैं। अयोध्या के दीपोत्सव के बाद काशी की देव दीपावली में भी लाखों की संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देव दीपावली पर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस की सुरक्षा संबंधित तैयारियों की समीक्षा की है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस बार देव दीपावली पर 5 लाख से ज्यादा पर्यटकों के आने का अनुमान है। इसे देखते हुए काशी को अभेद्य किला बनाने की कवायद अभी से शुरू कर दी गई है। काशी के 84 घाटों को 9 जोन, 11 सेक्टर और 32 सब सेक्टर में बांटकर सुरक्षा-व्यवस्था का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है।

**बनारस की गलियों में तैनात होंगी क्यूआरटी की 20 टीमें**

मुख्यमंत्री को वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन और जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बताया है कि काशी में देव-दीपावली के दौरान सात घाटों पर सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ने की संभावना है। इनमें अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट, अहिल्याबाई घाट, राजघाट, चेतसिंह घाट, नमो घाट और पंचगंगा घाट शामिल हैं। घाटों की सुरक्षा के लिए पहले से ही पूरा प्लान वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने तैयार कर रखा है। साथ ही घाटों से लगने वाली संकरी गलियों में भी बड़े स्तर पर फोर्स का डिप्लॉयमेंट किया जाएगा। इसके अलावा अत्यधिक भीड़ वाले घाटों पर क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की 20 टीमें तैनात रहेंगी। साथ ही 11 विशेष टीमें लाउडहेलर के साथ घाटों पर पेट्रोलिंग के लगाई जाएंगी। इतना ही नहीं काशी के 17 प्रमुख घाटों पर एंटी रोमिया स्क्वॉड की टीमें भी होंगी साथ ही साथ हर घाट पर महिला पुलिसकर्मियों की टीम भी मौजूद रहेगी। इसके अलावा 16 गोताखोरों का दस्ता नदी में डूबने से बचाव के लिए उपलब्ध रहेगा।

**महिलाओं की सुरक्षा के लिए 11 पिंक बूथ**

मुख्यमंत्री को बताया गया कि देव दीपावली पर पर्यटकों को घाटों के दिव्य-भव्य नजारे को दिखाने के लिए गंगा में लगभग 1200 नौकाएं संचालित होंगी। इसे लेकर नाविकों के साथ पहले ही बैठक पूरी कर ली गई है और उन्हें आवश्यक दिशानिर्देश भी दे दिये गये हैं। इसके अलावा भीड़ प्रबंधन के लिए शहर के पांच स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग की जाएगी। इनमें मैदागिन, अस्सी, गोदौलिया, भदऊ चुंगी और रामापुरा में बैरिकेडिंग की जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए 11 पिंक बूथ होंगे। वहीं 7 स्थानों राजघाट, नमोघाट, रामनगर के हनुमान मंदिर, बंगाली टोला इंटर कॉलेज, डुमराव बाग, गोदौलिया चौराहा और रामापुरा चौराहा पर इंटीग्रेटेड इमरजेंसी हेल्पडेस्क भी स्थापित किये जाएंगे। इनमें चिकित्सा, पुलिस, ट्रैफिक, फायर ब्रिगेड, संचार कर्मी और खोया पाया के लिए सहायताकर्मी भी होंगे।

**एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड और इंटेलिजेंस की टीमें भी रहेंगी तैनात**

इसके अलावा देव दीपावली पर काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए भी अलग से सुरक्षा रणनीति बनाई गई है। देव दीपावली पर काशी की अभेद्य सुरक्षा के लिए एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड की टीमों की भी तैनाती होगी। सादे वेश में इंटेलिजेंस के जवान भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा दशाश्वमेध घाट और राजघाट पर एनडीआरएफ और नगर निगम की ज्वाइंट टीमें जल एंबुलेंस के साथ मौजूद रहेंगी। साथ ही साथ जल पुलिस की पांच टीमें भी लगातार गंगा नदी में पेट्रोलिंग करती रहेंगी। इनमें ड्रैगन लाइट, लाउड हेलर, बचाव उपकरण और वायरलेस सेट की उपलब्धता रहेगी।

# दीपावली एवं छठ पर्व पर अतिरिक्त बसें चलाएगा परिवहन निगम

## लोक आस्था के महापर्व की विशेष तैयारी

त्योहारों पर घर आने वालों का सफर आसान करेगी योगी सरकार

## *दीपावली के पहले 10 से छठ के बाद 20 नवंबर तक चलेंगी अतिरिक्त बसें*

**समाज जागरण वाराणसी**

लखनऊ, 6 नवम्बरः दीपावली एवं छठ पर्व पर घर आने वालों का सफर परिवहन निगम आसान करेगा। योगी सरकार की तरफ से अतिरिक्त परिवहन की व्यवस्था की गई है। 12 नवम्बर को दीपावली एवं 19 नवम्बर को छठ का पर्व है। इस दृष्टि से प्रदेश के लोगों को अच्छी परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके, इसके लिए परिवहन निगम अपनी तैयारियां कर रहा है।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि 10 से 20 नवम्बर तक अधिक संख्या में बसों के संचालन किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि दीपावली एवं छठ के पूर्व एवं पश्चात की तिथियों में यात्रियों का आवागमन अधिक संख्या में होता है। प्रदेश के लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, परिवहन निगम इसका ध्यान रखेगा। उन्होंने कहा कि बसों के संचालन में वृद्धि सहित कर्मचारियों की उपलब्धता एवं उत्पादकता में वृद्धि हेतु परिवहन निगम इस अवधि में विशेष प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई है। परिवहन मंत्री ने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान यात्रियों को मुख्यतः दिल्ली, जयपुर, कानपुर, लखनऊ आदि नगरों से पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न नगरों में जाना होता है, जिसके लिए पर्याप्त संख्या में बसों के संचालन की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि छठ का पर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश में धूमधाम से मनाया जाता है। लोग दूरदराज से इन क्षेत्रों में पहुंचते हैं। ऐसे यह निर्णय लिया गया है।

# गुरु बनारस में अब वह मजा नही रहा, बनारसगिरी जिंदा रहे यही बड़ी बात है : अभिनेता संजय मिश्रा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। गुरु बनारस में अब पहले वाला मजा नही रहा, यहां के लोग बदल गए है। बनारस में सुधार हुआ है लेकिन यहां का इंसान बर्बाद हो गए है। बनारस गिरी जिंदा रखो यही सबसे बड़ी बात है। यह बाते बनारस की तंग गलियों से अपने अभिनय का लोहा बॉलीवुड में मनवाने वाले अभिनेता संजय मिश्रा ने कही है। मंगलवार को एक फिल्म की शूटिंग के लिए वाराणसी पहुंचे संजय मिश्रा बदलते बनारस पर मीडिया से बात करते हुए बनारसीपन को लेकर अपनी बात रखी।



फिल्म अभिनेता संजय मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए बनारस के बदलते स्वरूप को लेकर कहा कि जब भी समय मिलता है, मैं बनारस आ जाता हूं। पहले के बनारस और अब के बनारस में बहुत बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री ने बनारस में अच्छा विकास किया है, लेकिन अब पहले वाले बनारस की तरफ बात नही रह गई है। अब के बनारस में पहले वाला मजा नही रहा, क्योंकि अब यहां के लोग बदल गए है। बनारस और काशी वाला जो मजा था वह बहुत कम लोगो में दिखती है।

संजय मिश्रा ने कहा कि काशी को आप महशूस कीजिए और साफ सुथरा रखिए इसमें किसी को कुछ कहना नही चाहिए। वही उन्होंने यहां तक कहा कि बनारस गिरी जिंदा रखिए यह बहुत बड़ी बात है। कोई भी शहर पत्थरों से नही होता, बल्कि वहां के रहने वाले लोगो से होता है। बनारस में संगीत है, बनारस एक खूबसूरत शहर है यहां लिट्रेचर है, इसे मेंटेन करके रखी वही काम आएगा। शहर में सबसे ज्यादा ध्वनि प्रदूषण है इस पर रोक लगवाए, ध्वनि के मामले में बनारस बहुत खराब है।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत चलाये गये विशेष प्रवर्तन अभियान

**समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, देवाशीष उपाध्याय ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन के क्रम में आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के भण्डारण/विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष छापामार अभियान के अन्तर्गत 07 नवम्बर 2023 को खाद्य सचल दल द्वारा मई जौनपुर से पेड़ा एवं बरफी, अलीगंज से छेना मिठाई एवं बरफी, लखऊआं से बेसन का लड्डू, लेदुका से मिश्रित दूध, कलाकन्द एवं गुलाब जामुन, शिवगुलामगंज से मिश्रित दूध, बटाऊबीर से पेड़ा, विशेषरपुर से आर.सी.एम. ब्राण्ड के लाल मिर्च पाउडर, हल्दी, अचार एवं नमक, कुत्तूपुर से वेफर, केक, 02 स्नैक्स, छेना की मिठाई, 02 रिफाइण्ड सोयाबीन तेल एवं खोया, कुहियां से पापड़, भुना चना, हल्दी एवं सत्तू, मल्हनी से 03 बिस्कुट एवं कचरी का नमूना जनहित में जांच हेतु संग्रहीत किया गया।



इस प्रकार जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण करते हुए मिलावट के सन्देह के आधार जनहित में विभिन्न खाद्य पदार्थों के 07 नवम्बर 2023 को कुल-30 नमूनें, 06 नवम्बर 2023 को कुल-33 नमूनें जांच हेतु संग्रहीत करते हुए खाद्य विश्लेषक को प्रेषित किया गया।

समस्त खाद्य कारोबारकताओं से अपील किया जाता है कि आप लोग खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार संचालन हेतु अनिवार्य वैध खाद्य पंजीकरण/खाद्य अनुज्ञप्ति अवश्य प्राप्त कर लें तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 एवं सम्बन्धी विनियम-2011 में विहित प्राविधानों का अनुपालन करते हुए खाद्य कारोबार का संचालन करें, अन्यथा कि स्थिति में पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

# बैंक खाता होगा अपडेट तो निशुल्क मिलेगा दो गैस सिलेंडर

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी- उज्जवला गैस कनेक्शन धारकों को प्रथम चरण में नवंबर से दिसंबर तक एक व द्वितीय चरण में जनवरी 2024 से मार्च के बीच एक यानी कुल दो गैस सिलेंडर निशुल्क मिलेगा।



जिलापूर्ति अधिकारी उमेश चंद्र मिश्रा ने सभी कनेक्शन धारकों से अपील की है कि बैंक खाता को आधार से लिंक कराकर संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क कर आधार प्रमाणित करा लें।ताकि इस योजना का लाभ मिल सके। खाता अपडेट नहीं होगा तो निर्धारित योजना की राशि नहीं मिल सकेगी।जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में उज्वला के 2 लाख 31 हजार 468 कलेक्शन धारक है।

# पैसा लेकर भागने वाले कर्मचारी और उसके पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी भेलूपुर थाना क्षेत्र के कामछा इलाके में सिद्धगिरी बाग के रहने वाले विश्वनाथ शाह का मूसाराम नाम से फार्म है।उनके फार्म में महमूरगंज रानीपुर का रहने वाला प्रशांत रंजन काम करता था।बीते 21 अप्रैल को विश्वनाथ 13 लाख रुपए प्रशांत को बैंक में जमा करने के लिए देकर भेजा था।इसके बाद पैसा जमा करने की बजाय प्रशांत पैसा लेकर घर चला तहत। इधर प्रशांत काम पर भी आना बंद कर दिया।24 अप्रैल को बैलेंस चेक करने पर पता चला कि13 लख रुपए प्रशांत जमा नहीं किया था।फोन कर बुलाने पर वह अपने पिता बृजमोहन राय के साथ आया और पैसा लेने के बारे में स्वीकार किया।पैसा वापस करने के लिए स्टांप पेपर पर लिखा पढ़ि किया।जून माह में ₹100000 आरटीजीएस से वापस किया।जिसके बाद फिर पैसा नहीं दिया।भेलूपुर पुलिस आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी अमानत में खयानतका मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।विश्वनाथ का आरोप है कि प्रशांत और उसके पिता ने मिलकर पैसे को सट्टे में लगा दिया।प्रशांत के पिता बृजमोहन राय ने अपना मकान बेचकर पैसा वापस करने के लिए लिखित दिया था।

# नौकरी के नाम पर ठगी में मुकदमे का आदेश

## - एलआईसी में जॉब के नाम पर 2 लाख रुपये हड़पने पर कोर्ट सख्त

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। न्यायालय अपर सिविल जज (जू. डि.)/ जे.एम., कोर्ट सं. 02 ने नौकरी के नाम पर 2 लाख रुपये ठगी के मामले में मंडुवाडीह थाने की पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई लहरतारा निवासी शुभम पराशर की ओर से 156/3 के तहत दाखिल परिवाद पर की गयी है। इसमें लहरतारा निवासी रामधनी सिंह के पुत्र गौरव और काशी शाह के पुत्र हरिद्वार शाह को आरोपी बनाया गया है।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि आवेदक द्वारा कथन किया गया है कि विपक्षीगण ने कहा था कि प्रार्थी की नौकरी भारतीय जीवन बीमा निगम में लगवा देंगें। प्रार्थी ने मुबलिग 2 लाख रुपए और शैक्षणिक प्रमाण पत्र दिया परन्तु विपक्षीगण ने न तो नौकरी लगवाई और न ही रुपए वापस कर रहे है। 14 सितंबर को विपक्षीगण प्रार्थी के घर में घुस आये, गालियाँ दी, तोड़-फोड़ की, मारा-पीटा व जान से मारने की धमकी दी। मेडिकल मुआयना कराने के पश्चात भी पुलिस ने कोई मदद नही की। अतः उपरोक्त प्रकरण में अभियुक्तगणों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की कृपा करें।

कोर्ट ने कहा कि थाने से आख्या प्राप्त है। आख्या में अंकित है कि आवेदक शुभम पराशर की नौकरी लगाने के संबंध में विपक्षीगणो को दो लाख रूपया दिया गया। तथा शेष पांच लाख नौकरी लग जाने के पश्चात क्रय होने के बारे मे आरोप अंकित किया गया है। 14 सितंबर की घटना की विपक्षीगण द्वारा आवेदक के घर में घुस कर गालियाँ देने का, तौड़-फोड़ करने का, मारा-पीटा व जान से मारने की धमकी देने की सूचना थाना स्थानीय पर नहीं है। आवेदक के प्रकरण के संबंध मे कोई अभियोग पंजीकृत होना नहीं पाया गया है। प्रार्थनापत्र के साथ एक मेडिकल रिपोर्ट की मूल प्रति, पुलिस आयुक्त को प्रेषित पत्र की प्रति तथा रजिस्ट्री रसीद संलग्न है।

प्रार्थनापत्र में उल्लिखित प्रकरण संज्ञेय प्रकृति का है। प्रार्थनापत्र, शपथपत्र से समर्थित है तथा बिना विवेचना कराये सत्य को उदभुत किया जाना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थनापत्र अंतर्गत धार 156 ( 3 ) दं.प्र. सं. न्यायहित में स्वीकार किये जाने योग्य है। थाना मण्डुवाडीह को आदेशित किया जाता है कि प्रार्थनापत्र में वर्णित घटना के संबंध में समुचित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना कराया जाना सुनिश्चित करें।

इस मामले को लेकर क्षेत्र में काफी सुगबुगाहट है। कारण-इस मामले के आरोपियों पर पहले से ही ऐसे आरोप हैं कि उन्होने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में दुकान दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले महेन्द्र प्रजापति, रोहनिया थाने से जेल जा चुके मनोज पांडेय जैसे लोगों के साथ मिलकर कथित रूप से रैकेट बना रखा है। इस रैकेट पर लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज करवाकर दबाव बनाने और इसके नाम पर वसूली का आरोप है।

# धोखाधड़ी कूट रचित कर जमीन अपने नाम करने वालों के खिलाफ मुकदमा


**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी डाफी इलाके रहने वाले बिंदु पांडे उर्फ भगवती की मौत वर्ष 2008 में हो गई थी।उनकी दो बेटियां और कोई औलाद नहीं थे।दोनों बेटियां महाराष्ट्र के थाणे इलाके में रहती हैं।भगवती की मौत के बाद संजौली रोहतास बिहार का रहने वाला सरोज कुमार गुप्ता और सीरगोवर्धनपुर के रहने वाला रामअधीन सिंह राजस्व कर्मियों की मिली भगत से इनकी 129 एयर जमीन फर्जी तरीके से अपने नाम कर लिया।और उसे पर काबिज हो गए।इस बात की जानकारी होने पर मुंबई में रहने वाली भगवती पांडे की बेटियां गीता आलोक दिक्षित बहन गौरी अरुण उपाध्याय के साथ जमीन पर पहुंची।अपने वकील के माध्यम से जमीन के बाबत जांच कराई तो पता चला की जमीन कुटरचित कर सरोज गुप्ता रामअधीन सिंह की मदद से आराजी नंबर में धोखाधड़ी कर अपने नाम कर लिया।बीते अप्रैल माह में दोनों बहन अपनी जमीन पर पहुंची तो वहां सरोज गुप्ता अपने 10 ,12 अज्ञात साथियों के साथ उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने के लिए तैयार हो गया।इसकी शिकायत लंका पुलिस से करने के बावजूद भी मुकदमा नहीं दर्ज किया गया।घटना की शिकायत संयुक्त पुलिस आयुक्त से मिलकर गीता आलोक दीक्षित ने किया।संयुक्त पुलिस आयुक्त के निर्देश पर लंका पुलिस सरोज कुमार गुप्ता और रामअधीन सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी मारपीट धमकी कूट रचित सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया तहत।

# काशी में अब नहीं भटकेंगे पर्यटक, एक क्लिक से मिलेगी पर्यटन स्थलों की सारी जानकारी

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। काशी आने वाले पर्यटक पर्यटन स्थलों को ढूंढने और इसके बारे में जानकारी के लिए किसी पर आश्रित नहीं रहेंगे। पर्यटन विभाग स्मार्ट सिटी की मदद से एक पोर्टल तैयार करा रहा है। इसके माध्यम से एक क्लिक पर पर्यटकों को काशी व पर्टयन स्थल के बारे में समस्त जानकारी मिलेगी। वहीं पर्यटक आनलाइन बुकिंग, एक टिकट पर पर्यटन स्थलों की सैर भी कर सकते हैं। पार्किंग की भी सुविधा मिलेगी। पर्यटन विभाग के अधिकारियों की मानें तो पर्यटकों की सुविधा में पिछले पांच सालों में दोगुना से अधिक की वृद्धि हुई है। उनकी सुविधा के लिए पोर्टल बनाया जा रहा है। इससे पर्यटकों को सारी जानकारी मिल जाएगी। पर्यटक एक पोर्टल पर अपनी यात्रा के जरूरी संसाधन बुक करा सकते हैं। इससे पर्यटकों से कोई भी मनमाना किराया वसूल नहीं सकेगा। इसमें सभी सुविधाओं की रेट लिस्ट भी होगी। पर्यटक होटल से लेकर वाहन, गंगा में सुबह-ए-बनारस और नाव की जानकारी ले सकेंगे।



**आनलाइन भुगतान कर सकेंगे**

काशी आने वाले पर्यटक एक टिकट लेकर पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। पर्यटक आनलाइन भुगतान भी कर सकेंगे। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों की मानें तो पर्यटकों को बेवसाइट पर जाकर अलग-अलग लिंक पर सुविधाओं का चयन करना होगा। पैकेज में शामिल सुविधा के लिए आनलाइन भुगतान कर सकेंगे।

# सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल

**वाराणसी समाज जागरण ब्यूरो**

वाराणसीचौबेपुर थानांतर्गत क्षेत्र के जाल्हूपुर बाजार के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार पचरांव गांव के ग्राम प्रधान फूलचन्द राम क्षेत्रीय लेखपाल आशीष सिन्हा सोमवार को दोपहर बाद बाइक पर बैठकर जाल्हूपुर बाजार से पहड़ियां की ओर जा रहे थे। बाजार से आगे बढ़ते ही बाइक कुत्ते से टकरा गयी जिससे दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्राम प्रधान को ग्रामीणों के सहयोग से पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके एक पैर में फ्रैक्चर बताया जाता है। उल्लेखनीय है कि फूलचन्द राम पूर्व में जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान रह चुके हैं। जख्मी लेखपाल के परिजन घर ले गये।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

मिजार्मुराद। क्षेत्र के बहेड़वा गांव के सामने रेलवे लाइन पर मंगलवार की सुबह लगभग सात बजे के आसपास वाराणसी से कानपुर जा रही ट्रेन संख्या (15004) चौरी चौरा एक्सप्रेस की सामने आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई।रेलवे जीआरपीएफ की सूचना पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी सचिन पटेल ने युवक के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास में जुट गए।पुलिस ने अनुसार खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि युवक रेलवे लाइन के किनारे घूम रहा था तभी वाराणसी के तरफ से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया।चौकी प्रभारी ने बताया कि युवक की उम्र लगभग (40) साल के आसपास रही होगी व युवक व्हाइट शर्ट व मेहंदी कलर का लोअर पहना हुआ था।युवक के जेब में सिर्फ माचिस मिला।

# डेंगू व बुखार के रोगीयो की संख्या में वृद्धि

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

काशी विद्यापीठ /शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (काशी विद्यापीठ) पर मंगलवार को ओपीडी के दौरान बुखार से पीड़ित 43 रोगियों ने पहुंचकर उपचार कराया साथ ही नौ डेंगू व 12 मलेरिया के रोगी भी पाजिटीव मिले। करीब एक सप्ताह से ओपीडी में बुखार के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिसमें शिवदासपुर, महेशपुर, मंडुवाडीह आदि जगहों के रोगी शामिल हैं। तो वहीं दूसरी ओर सीएचसी मिसिरपुर में ओपीडी के दौरान प्रतिदिन 40 से 50 बुखार से पीड़ित रोगी इलाज कराने पहुंच रहें हैं। हलांकि डेंगू से पीड़ित एक-दो रोगी ही यहां मिले हैं मंगलवार को दफ्फलपुर गांव का डेंगू पीड़ित एक रोगी भर्ती था। अस्पताल में दवा की उपलब्धता बतायी जा रही है।

# जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार


**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी चोलापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। बीते वर्ष हुए 2022 में जमकर मारपीट के दौरान आरोपी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 147, 323, 504, 352, 427, 307 के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर वांछित राजू यादव पुत्र सीता राम यादव उर्फ नान्हू यादव निवासी ग्राम गोसाईपुर मोहाव बारा थाना चोलापुर को मोहाव चौराहा (चोलापुर) से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी टीम में उनि.अरविन्द यादव, हेका. सुरेश सरोज, हेका. जगजीवन राम शामिल रहें।

# वाराणसी : ह्वाट्सएप पर करिये शिकायत, नगर निगम तीन दिन में करेगा निस्तारण

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। काशीवासी ह्वाट्सएप पर शिकायत करें। नगर निगम तीन दिन के अंदर इनका समाधान करेगा। वहीं मोबाइल पर शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने नगरवासियों से अपील किया है कि 7800000900 पर ह्वाट्सएप मैसेज भेजकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। शिकायतों का तीन दिन के अंदर निस्तारण कर दिया जाएगा। शिकायतकर्ता के मोबाइल पर फोन कर इसका फीडबैक लिया जाएगा।




नगर निगम हर माह इसकी समीक्षा करेगा। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की पहल से लोगों को काफी सहूलियत होगी।

# मारपीट में मासूम व महिला घायल, चार पर मुकदमा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी मिजार्मुराद। क्षेत्र के ठठरा गांव में बीते रविवार की शाम रास्ते से पेड़ की डाल काट कर छोड़ने पर हटाने के लिए कहने पर गांव के ही राजकुमार, प्रमिला, शिवकुमार व बासमती ने पड़ोसी सरोजा देवी व सरोजा देवी के एक वर्षीय पुत्र आदर्श को गाली गलौज देने के बाद मारपीट कर घायल कर दिए।भुक्तभोगी महिला ने सोमवार की शाम मिजार्मुराद थाने पहुंच तहरीर दी।मिजार्मुराद पुलिस ने तहरीर के आधार पर गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

# फर्जी तरीके सेविद्यालयप्रबंध का सदस्य बन कमरा कब्जा करने वालों पर केस

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी भेलूपुर थाना क्षेत्र के बड़ी गैबी इलाके में स्थित भारशिव मंगल विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार चौरसिया की शिकायत पर 11 नामजद और एक आज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी कूटरचित 120 बी के तहत मुकदमा भेलूपुर थाने में दर्ज किया गया ।पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विजय चौरसिया की शिकायत पर शिव नरेश रामनरेश गुलाब चंद सुलाब मुन्ना राजभर अवधेश कुमार उर्फ पप्पू राजभर निवासी घोखली पोस्ट नेहिया वाराणसीके रहने वाले हैं. महेंद्र प्रताप निवासी चितौरा सलमपुर वाराणसी रामसेवक इमलिया भैया लाल शिवरामपुर रतनपुर केराकत जौनपुर राजकुमार कामच्छा सब्जी मंडी भेलूपुर योगेंद्र पिथौरा फूलपुर रहने वाले हैं।आरोपियों ने श्री भारशिव मंगला विद्यालय का फर्जी तरीके से सदस्य बन गया।और विद्यालय के दो कमरों में ताला बंद करके कब्जा कर लिया।

# गृह कलह के चलते शराबी युवक ने ट्रेन के सामने कूद कर दी जान

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी सेवापुरी उत्तर रेलवे के कपसेठी सेवापुरी रेलवे स्टेशन के मध्य घोषिला गांव के सामने मंगलवार की अल सुबह नई दिल्ली से वाराणसी जा रही काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के सामने कूद कर एक युवक ने अपनी जान दे दी ।। ।।बताया जाता है कि कपसेठी थाना क्षेत्र के घोसिला गांव निवासी गौतम सिंह 35 शराब पीने का आदी था जिसको लेकर पत्नी से आए दिन किच-किच होती थी जिससे वह नाराज होकर यह आत्मघाती कदम उठा लिया परिजनों की सूचना पर पहुंची कपसेठी पुलिस ने सव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था तथा एक पुत्र एक पुत्री का पिता बताया जाता है घटना के बाद से परिवार में मातम छाया है पत्नी उर्मिला सिंह का रो-रो कर बुरा हाल है ।।

# विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव ने कराया वृक्षारोपण

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी ।कैन्ट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने भाजपा कार्यकताओं व सामाजिक संस्था सृजन के सानिध्य में शिवाजी नगर पार्क और तुलसीपुर सामुदायिक केन्द्र के प्रांगण में पौधरोपण कराया ।मुख्य रूप से नीम, आंवला, सदाबहार, सहजन, शमी, अजवाइन आदि के पौधे लगाए गए ।विधायक सौरभ ने कहा कि निरंतर पौधरोपण करना और उन पौधों का पालन पोषण करना हम सभी का सृष्टि के प्रति दायित्व है। ऐसा कर हम अपने भविष्य को बेहतर करेंगे। हम सभी को अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड अम्बेसडर अनिल कुमार सिंह, पूर्व महामंत्री सौरभ सिंह पटेल, पूर्व पार्षद भरत जायसवाल, राजू खरवार, वीरू यादव, आदित्य शर्मा, सृजन संस्था के सदस्य एन एन सिंह और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे '

# शिवपुर- कठौतिया रेलवे साइडिंग में अपराधियों की गोलीबारी के दौरान कंस्ट्रक्शन कंपनी का एक कर्मी घायल ।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)07 नवंबर 2023:-जिले के टंडवा मे सोमवार को शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाईन निर्माण कार्य कर रही मिलेनियम नामक कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर दहशत फैलाने का प्रयास किया गया। जिसमें अपराधियों के फायरिंग से कंपनी के सर्वेयर अमित झा को एक गोली हांथ में लग गई जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हजारीबाग रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो एक स्पलेंडर बाइक में सवार होकर अपराधियों द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया है। सूत्रों की मानें तो रक्सी गांव में निमार्णाधीन ब्रिज संख्या 99 के समीप अपराधियों ने कंपनी के अधिकारियों को टारगेट कर फायरिंग किया गया है । बहरहाल घटना की सूचना मिलते हीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह दल- बल के साथ मौके पर पहुंच कर घटनास्थल से खोखा को बरामद कर समुचित अनुसंधान शुरू कर दिये हैं। वहीं इंस्पेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जल्द हीं अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।



# झामुमो के युवा नेता गौरव पटेल ने किया विद्युत ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन.

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 7 नवम्बर 2023 :- विष्णुगढ़ प्रखंड के पंचायत कुशुंभा टोला अलखरी में 25 ङश का ट्रांसफार्मर बीते कई दिनों पहले जल गया था। झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल के प्रयास से इसे उपलब्ध कराया गया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधिवत नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया गया।



ग्रामीणों में काफी उत्साह का माहौल देखकर असीम सुख की अनुभूति हुई ! ग्रामीणों ने श्री पटेल को माला पहनाकर स्वागत किया ! इस अवसर मुख्य रूप से कुसुंभा पंचायत मुखिया दुलारचंद पटेल , टिपुलाल महतो , पवन पासवान , नारायण महतो कैलाश महतो ,फूलचंद सोरेन ,राजू बेसरा ,दिलीप सिंह ,लाला सोरेन, बबन मुर्मू ,महेंद्र सोरेन , समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे !

# सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से तारा दोहर गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 07 नवंबर 2023:- जिले के कुन्दा प्रखंड के तारादोहर गाँव के लोग पिछले कई माह से ट्रांसफार्मर के जल जाने से अंधेरे में रहने को विवश थे ।उक्त गाँव के ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को सांसद सुनील कुमार सिंह को अवगत कराया था। सांसद के सौजन्य से मंगलवार को 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगया गया जिसका उदघाटन सांसद प्रतिनिधि सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया ।सांसद प्रतिनिधि ने बताया की सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से उक्त गांव में ट्रांसफार्मर मुहैया कराया गया है ।वहीं गांव में नए ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों ने सांसद के प्रति आभार जताया है ।मौके पर भीम महतो,विजय यादव,रामस्वरूप यादव, विकास कुमार,समेत कई लोग मौजूद थे।

# आदिवासी सेचेद आखड़ा- सामाजिक संगठन बलियापुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय धरना प्रदर्शन में हुए शामिल

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा**

बाघमाराः आदिवासी सेचेद आखड़ा धनबाद आदिवासियो पर शोषण अत्याचार के खिलाप हमेशा खड़ा होते आया है और कंधे से कंधे मिलाकर आदिवासियो समाज के साथ शोषण अत्याचार के खिलाप डट कर खड़ा हुआ है ऐसे ही आदिवासी सेचेद आखड़ा धनबाद के टीम जैसी ही पता चला बलियापुर अंचल सह प्रखंड अंतर्गत में आदिवासी भूमि को लेकर विवाद समस्या उत्पन्न हुई है, वो तत्काल अपने टीम के साथ मंगलवार को बलियापुर पंचायत के खेरटाड़ गांव के ग्रामीण भूमि विवाद 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन में हुए शामिल ।



# मरीज को समय पर दुर्लभ रक्त समर्पण एक नेक पहल संस्था के सदस्य ने प्रदान किया

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

संस्था सूचना प्राप्त हुई कि बोकारो के वेलमार्क अस्पताल में साठ वर्षीय महिला मरीज सिंधु देवी ईलाजरत जिनके शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई हैं घर वालों ने एक यूनिट की व्यवस्था पहले की हैं परंतु दुर्लभ रक्त होने के कारण इन्हें दुबारा रक्त मिलने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के सक्रिय सदस्य नियमित रक्तदाता अनिल कुमार बिना समय व्यर्थ किए रेड क्रॉस सोसाइटी बोकारो ब्लड बैंक पहुंचे और मरीज के अपना दुर्लभ रक्त बी नेगेटिव दान किया, संस्थापक दिपेश चौहान ने बताया कि रक्तवीर अनिल कुमार बड़े भाई समान हैं जो संस्था के साथ स्थापना काल से जुड़ कर लोगों की सेवा करते आ रहे हैं वे स्वयं एक नियमित रक्त दाता हैं और अब तक दर्जनों बार अपना दुर्लभ रक्त दान कर मरीजो की सहायता की हैं और हमेशा तत्पर रहते हैं किसी भी जरूरतमंद को रक्तदान करने के लिए, इतना कह कर दिपेश चौहान ने अनिल कुमार को पूरी संस्था को ओर से धन्यवाद दिया '



# गाजा फिलिस्तीन में इजरायल द्वारा ताबड़तोड़ हमले से बेकसूर लोगों की मौत पर बगोदर में भाकपा माले ने निकाला मार्च

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 7 नवंबर 2023 :- गाजा-फिलिस्तीन में इजराईल द्वारा युद्ध के एक महीने पूरे होने पर भाकपा माले ने बगोदर में देशव्यापी फिलिस्तीन एकजुटता दिवस के आह्वान पर किसान भवन से मार्च निकाला जो समूचे बाजार भ्रमण के पश्चात बस स्टैंड स्थित शहीद महेंद्र सिंह गोलम्बर के समीप नुक्कड़ सभा मे तब्दील हो गया ।मार्च में शामिल लोग"गाजा में युद्ध बन्द करो","युद्ध के नाम पर गाजा - फिलिस्तीन में बच्चों-महिलाओं व आम लोगों का नरसंहार बन्द करो","राहत-शिविरों-अस्पतालों पर बम बरसाना बन्द करो","साम्राज्यवादी इजराईल-अमरीका का गठजोड़ मुदार्बाद,"मोदी सरकार इजराईल-परस्ती बन्द करो", जैसे नारे लगा रहे थे।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के वरिष्ठ नेता परमेश्वर महतो ने कहा कि बीते एक महीने से इजराईल ने गाजा-फिलिस्तीन में बर्बर तरीके से युद्ध के सारे अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों व नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अब तक दसियों हजार फिलिस्तीन जनता का नरसंहार कर दिया है । जिसमें बच्चों व महिलाओं की संख्या सबसे अधिक है ।मानवता को शर्मसार करते हुए इजराईल ने राहत-शिविरों,अस्पतालों,स्कूल- कॉलेजों में भी युद्धक विमानों से बमों को बरसा रहा है ।उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों को अविलंब पहल करके उक्त युद्ध को रोकने की दिशा में आगे बढ़ना ही सच्ची मानवता होगी ।उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद से ही अपनी मुक्ति और आजादी के लिए संघर्ष कर रही फिलिस्तीन जनता के पक्ष में भारत सरकार और उनकी विदेश नीतियां रही है पर आज मोदी सरकार बर्बर तरीके से युद्ध के जिम्मेवार इजराईल परस्ती कर रही है। उक्त मार्च व नुक्कड़ सभा मे भाकपा माले प्रखण्ड सचिव पवन महतो,उप प्रमुख हरेंद्र कुमार सिंह,पूर्व जिप सदस्या पूनम महतो व सरिता महतो, पुरन कुमार महतो, तेजनारायण पासवान,खूबलाल महतो,राजकुमार दास, वीरेंद्र पटेल, रामदेव कुमार महतो, बासुदेव विद्यार्थी, अशोक प्रमाणिक, चंद्रदेव महतो,हेमलाल महतो, बासुदेव महतो, राजेश रविदास, गांगों दास,भुनेश्वर महतो,पंस टेकनारायन साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# प्रखंड में भ्रष्टाचार एवं अफसरशाही के खिलाफ झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने धरना देकर फूंका बिगुल

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 7 नवम्बर 2023 :- विष्णुगढ़ प्रखंड धरना स्थल पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने विष्णुगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अफसर शाही के खिलाफ एकदिवसीय स-ांकेतिक धरना दे कर बताने का प्रयास किया कि अब बहुत हो चुका , जनता के खिलाफ शोषण बर्दास्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिप० सदस्य जय प्र-काश सिंह पटेल व संचालन उप प्रमुख सरयू साव ने किया। इसके बाद भी भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा चरणबद्ध तरीके से बृहद पैमाने पर आंदोलन करेगा । वक्ताओं ने अंचल कार्यालय में पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र बनाने, आवासीय, जाति, एलपीसी बनाने , जमीन का रसीद निर्गत करने के नाम पर आए दिन परेशानी को झेलते हैं । स्थानीय प्रतिनिधि मौन हैं , 15 वें वित्त एवं मनरेगा में मनमाने लूट के खिलाफ वक्ताओं ने जमकर बरसा । वक्त-ाओं ने अपने सम्बोधन में जोर देकर कहा कि सरकारी कर्मचारियों के द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को केस मुकदमों में फंसा कर परेशान करना बंद करे । पुलिस प्रशासन को आडे हाथ लेते हुए कहा कि बालू के नाम पर अवैध वसूली करना बंद करे। समेत 10 सूत्री मांग पत्र राज्यपाल के नाम वीडियो को ज्ञापन सौंपा गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिपङ्कसदस्य विष्णुगढ़ पूर्वी सरयू पटेल, पूर्व जिपङ्कसदस्य विष्णुगढ़ पश्चिमी जय प्रकाश सिंह पटेल, उप प्रमुख सरयू साव, पूर्व प्रमुख अशोक गुप्ता, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, अधिवक्ता रोशन पटेल, उमेश कुमार महतो, डॉङ्क गुलाब महतो, सत्यनारायण महतो, सुशील महतो, कैलाश महतो, प्रेमचंद महतो, टहल महतो, जीतन महतो, सनी कुमार, प्रदीप शौर्य, माही बाबू, सनी कुमार, रामचंद्र राम, गंगा भाई, नंदलाल महतो, जानकी महतो, सुरेंद्र राम, डिलेश्वर कुमार, रतिलाल महतो, सुरेश कुमार, दुलारचंद साव, नारायण महतो, बैजनाथ साव, महुद्दीन अंसारी, बासुदेव महतो, विनोद सिंह, सरफराज अंसारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# झूठा आश्वासन और धोखा छोड़कर बीसीसीएल प्रबंधन ने आज तक ग्रामीणों को कुछ नहीं दिया – सुरुंगा के ग्रामीण

**समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

बीसीसीएल के मनमानी रवैया से आहत होकर ग्रामीणों ने मासस के बैनर तले तिसरा वर्क शॉप का मुख्य गेट को जाम कर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया । मालूम हो कि सुरूँगा के सैकड़ों रैयतों को मुआवजा राशि दिये बगैर बीसीसीएल के द्वारा रैयती जमीन पर ओबी गिराया जा रहा है। जब भी रैयत के द्वारा इसका विरोध किया जाता है तब बीसीसीएल के तरफ से झूठा आश्वासन दिया जाता है और फिर धोखा देकर पूर्ण काम चालू कर दिया जाता है और यह बार-बार लगातार होता चला आ रहा है। जिसके बाद वहीं के ग्रामीण प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी के अगुवाई में अपने सैकड़ों ग्रामीण के साथ रैयतों को न्याय दिलाने तिसरा बीसीसीएल का वर्क शॉप का मुख्य गेट जाम कर दिया। बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ तीन राउंड वार्ता होने के बावजूद रैयतों के पक्ष में कोई निर्णय नही निकल पाया। अन्ततः मासस के वरिष्ठ नेता सबुर गोराई मासस के केंद्रीय सचिव चन्द्रदेव महतो ,युवा मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष जगदीश रवानी जिला परिषद सदस्य श्वेता कुमारी माले के वरिष्ठ नेता भजोहरी महतो ने ग्रामीण के साथ मुख्य गेट पर डटे हुए हैं। मासस नेता चन्द्रेदेव महतो का कहना है कि बीसीसीएल मनमानी कर दबंगई से ग्रामीणों का जमीन कब्जा करना चाहती है। लेकिन बीसीसीएल ये भूल गई है कि मासस के रहते हुए बीसीसीएल का मनमानी न कभी चली है और न कभी चलेगी। बीसीसीएल से ग्रामीणों को सिर्फ और सिर्फ नुकसान हुआ है। जमीन गई कौड़ी के भाव में बाकी बचा हुआ जमीन पर भी कब्जा जमा रही है। ग्रामीणों के वातावरण में प्रदूषण ही प्रदूषण फैला दिया गया है। पानी को प्रदूषित कर, हवा को प्रदूषित कर लोगों को कई तरह की बीमारियों के खाई में ला खड़ा कर दिया है। अब रैयतों की पीड़ा किसी हालत में बर्दाश्त नहीं होगा। बीसीसीएल से ग्रामीणों को न्याय दिला के रहेंगे। इसके लिए हम सब ग्रामीण एकजुटता के साथ डटे हुए हैं मौके पर राजू महतो मासस के सिंदरी के वरिष्ठ नेत्र सीमा देवी देवाशीष पांडे सुनील महतो चेतू महतो राधेश्याम रजक शीतल दत्ता कृष्णा दा अरुण रजक, मंसा-राम महतो, राजू बाउरी, विश्वजीत रजक, नारद कालिंदी, आमोद बावरी निमाई रजक, गौतम भुइंया, लखीचरण बाउरी, चुटुनुनी देवी, लीला देवी अनिल महतो चंदन भूमिहार अजमल खान दिनेश महतो युधिष्ठिर महतो काजल महतो विजय राम संतोष रवानी मुकेश सिंह प्रेम महतो संजय रजक मिहिर महतो लखीराम रजवाड़ संजय महतो सहित सैकड़ो रयत एवं ग्रामीण इस धरणा में मौजूद थे





# पुलिस ने चोरी की सात मोटरसाइकिल किया बरामद , दो अपराधी गिरफ्तार।

**समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार झारखंड / शीतल दत्ता वरीय संवाददाता, धनबाद।**

धनबाद (झारखंड) 7 नवंबर 2023 :- पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी की सात मोटरसाइकिल बरामद की है। उपरोक्त संबंध में ड-ीएसपी हेडक्वार्टर 1 अमर कुमार पांडेय ने बताया कि बीती रात लगभग 11:30 बजे वरीय पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार उनके नेतृत्व में मैथन ओपी के सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार ओझा द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रहा था। इस दौरान बिना नंबर के एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को जांच के लिए रुकवाया गया। परंतु पुलिस को देखकर वह भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसको पकड़ लिया।

पूछताछ में उसने अपना नाम प्रदीप नाग उर्फ सुदीप और निरसा का रहने वाला बताया। साथ में यह भी बताया कि उसने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल की चोरी कर बेच दिया है।



पुलिस ने प्रदीप की निशानदेही पर उसके अन्य सहयोगी शेख अफाजुद्दीन उर्फ हाफिज को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में हाफिज में अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर धनबाद के अलग-अलग क्षेत्र से मोटरसाइकिल की चोरी कर और उसे मोडिफाइड करके कोयला चोरी करने वाले अपराधियों को तथा अन्य व्यक्तियों को बेचा है।

दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थान से चोरी की सात मोटरसाइकिल बरामद कर जप्त किया है।

डीएसपी हेडक्वार्टर -1ने बताया कि अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। साथ ही बताया कि प्रदीप पर चिर-कुंडा के गलफरबाड़ी ओपी में पूर्व से कांड अंकित है। वहीं अपराधियों की निशानदेही पर 2 बिना रजिस्ट्रेशन की हीरो होंडा सीडी डीलक्स, हीरो स्प्लेंडर प्लस जेएच 10 एपी 8435, हीरो पैशन प्रो जेएच 10 एएफ 4527, बिना रजिस्ट्रेशन की दो हीरो स्प्लेंडर तथा एक हीरो पैशन प्रो बरामद की गई है।

छापामारी दल में डीएसपी हेडक्वार्टर 1 अमर कुमार पांडेय, मैथन ओपी प्रभारी विकास यादव, सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार ओझा, मधुसूदन महतो तथा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# संयूक्त मोर्चा के द्वारा एमडीओ मोड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

तिसरा। किसी भी कीमत पर नॉर्थ साउथ एकीकृत जिनागोरा परियोजना को निजी मालिकों के हाथों में सौपने नहीं देंगे उक्त बातें संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने नॉर्थ तीसरा परियोजना कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन सभा में कहीं प्रदर्शन सभा के बाद परियोजना पदाधिकारी को मांग पत्र सोपा गया। चेतावनी दी गई थी फरमान वापस ले ले नहीं तो छठ पुजा के बाद अनिश्चितकालीन धरना देंगे। नेताओं का कहना था कि एक साजिश के तहत निजी कंपनी आउटसोर्सिंग को फायदा पहुंचाने के लिए यह सब किया गया है जबकि डिपार्टमेंटल परियोजना से कोयला उत्पादन बेहतर होता था एमडीओ इस परियोजना को किया जाता है जिस परियोजना में उत्पादन नहीं हो रहा है वर्षों से बंद है वैसे परियोजना को हम एमडीओ में दे सकते हैं लेकिन यह चालू परियोजना को और मुनाफा कमाने वाली परियोजना को प्रबंधन अपने फायदे के लिए निजी क्षेत्र में धकेल रहा है जिसका पूरा विरोध होगा नॉर्थ तीसरा से लड़ाई शुरू हुई है जो कोयला भवन तक जाएगी और जरूरत पड़ने पर चक्का जाम कर दिया जाएगा ऊपरी नेताओं से भी अनुरोध किया गया की उच्च प्रबंधन के पास इसका कोई जोर विरोध किया जाए यदि परियोजना बंद हुआ तो यहां के मजदूर का स्थानांतरण निश्चित है आखिर मजदूर कहां जाएंगे। विरोध करने वालों में अनिल कुमार सिंह मनोज कुमार पासवान कन्हाई सिंह सुजीत मंडल रितेश निषाद सुनील राय सत्येंद्र गुप्ता योगेश यादव सत्येंद्र सिंह बंटी सिंह गणेश पासवान उज्जवल कुमार डे, उमाशंकर प्रसाद फागु नापित आदि थे।

# नवंबर क्रांति दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

धनबाद, 7 नवंबर मार्क्सवादी समन्वय समिति धनबाद जिला कमेटी ने आज मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में 7 नवंबर समाजवादी क्रांति दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया. विचार गोष्ठी को मुख्य अतिथि मासस के केंद्रीय महामंत्री हलधर महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि पूंजीवाद का विकल्प समाजवाद है और नई दलित क्रांति ही समाजवाद का एकमात्र रास्ता है ' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीति अमेरिका प्रस्त है ' देश की अस्मिता आज कॉर्पोरेट की गुलाम है जिसका नतीजा महंगाई, बेरोजगारी, जाति, सांप्रदायिक दंगे मोदी सरकार की तानाशाह नीति से मजदूर किसान आम जनता त्रस्त है ' बाजारवादी शक्तियों का वर्चस्व चरम पर है ' उन्होंने कहा कि इसलिए कॉमरेड ए के राय का विचार ही एकमात्र रास्ता है कि राज्य मिला पर राज नहीं मिला ' इसलिए बिरसा से लेनिन के मार्ग पर चलकर नई दलित क्रांति द्वारा ही भारत में समाजवाद का स्थापना की जा सकती है ' मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि आज सत्ता नहीं व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई तेज करने की जरूरत है ' उन्होंने कहा कि मासस का इतिहास हमेशा चरित्र के साथ विचार को लेकर आगे बढ़ा है आज इसी संकल्प को दोहराने की जरूरत है ' मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि आज युवा वर्ग को नवंबर क्रांति से प्रेरणा लेकर समाजवादी क्रांति की लड़ाई को तेज करने की जरूरत है '

विचार गोष्ठी की अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने की एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष सुभाष चटर्जी ने किया ' गोष्ठी में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, आनंद मयीपाल, हीरालाल महतो, सुखलाल महतो, भगत राम महतो, विजय पासवान, राणा चटराज, विश्वजीत राय, रामप्रवेश यादव, मनीष यादव, वेद प्रकाश सिंह, राजेश बिरुआ, भगवान पास-ावान, टुन्नू गुप्ता, हरेंद्र निषाद, जगदीश साव, चौधरी भुईया, संजय पासवान, चिंटू रवानी, चंद मौली पांडे आदि उपस्थित थे




# लालमणी वृद्धा सेवा आश्रम के 17वें स्थापना दिवस में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य, पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

वरीय संवाददाता धनबाद (झा-रखंड):- 07 नवंबर2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत आसन डाबर स्थित लालमणि वृद्धाश्रम का 17वा स्थापना दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया । टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आसन डाबर, कदैयारोड लालमणी वृद्धाश्रम के 17 वें स्थापना दिवस के अवसर पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह, किन्नर समाज की छमछम देवी सहित समाजसेवी, गणमान्य, पत्रकारों सहित बड़ी संख्या मे लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात लालमणी वृद्धा आश्रम के अध्यक्ष सह संस्थापक नौशाद गद्दी व पुरी टीम द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल हूए सभी लोगों ने वृद्ध लोगों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ की जानकारी ली। समाजसेवी नौशाद गद्दी सहित पुरी टीम द्वारा संस्था के प्रति किऐ जा रहे कार्यो की सबने मुक्त कंठ से सराहना किया और आभार जताया। गीत संगीत के साथ वृद्धजनों संग केक काट कर स्थापना दिवस समारोह पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं धनबाद जिले के विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, समाज सेवियों, पूर्व सैनिकों एवं आश्रम के सहयोगी जनों, संगठनों, उपस्थित पत्रकारों समेत जन प्रतिनिधियों को आश्रम संचालकों द्वारा शाल, मोमेंटो एवं तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मथुरा महतो ने कहा इस वृद्धा आश्रम में आने के बाद समझा जा सकता हैं कि समाज के लोगों मे अपने जन्म देने वाले माता -पिता के प्रति कितनी घृणित मानसिकता है, जो सही नहीं है. जिप अध्यक्षा शारदा सिंह ने नौशाद गद्दी सहित संस्था के सभी लोगों का आभार ब्यक्त किया और सराहना करते हुए कहा कि आश्रम में रह रहें सभी वृद्धों का आप लोग एक परिवार की तरह देख भाल कर रहें है ये काबिले तारीफ है। जो बच्चे अपने जन्म दाता वृद्ध मां -बाप की सेवा नहीं करते और उन्हें आश्रम मे छोड़ देते हैं हो सकता कल आपके बच्चे आपको वृद्धा आश्रम ना भेज दें! लम्बा सफर प्रभारी ओम शर्मा ने कहा कि संस्था अध्यक्ष समाजसेवी नौशाद गद्दी सहित उनकी पुरी टीम बधाई के पात्र हैं, आज 17 वर्ष पूरे हो गऐ और आश्रम यथावत चल रहा है। हमारी झारखंड -सरकार से मांग है कि इस संस्था को सरकारी अनुदान देकर गोद लिया जाए ताकि बेसहारों को सहारा मिलता रहें! चूंकि सरकार भी यहीं है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक मथुरा महतो, जिप अध्यक्षा शारदा सिंह, किन्नर समाज झारखंड प्रदेश अध्यक्षा छमछम देवी, उनकी उत्तराधिकारी श्वेता देवी, आजसू नेता भास्कर ओझा, मुख्तार खान, लम्बा सफर प्रभारी ओम शर्मा, टुण्डी प्रभारी नवीन चन्द्र सिंह, समाजसेवी सपन ओझा, रोटी बैंक यूथ क्लब अध्यक्ष रवि शेखर, अर्पिता अग्रवाल, गोखुल मु-खर्जी, आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर वर्णवाल, सचिव देवेंद्र शरण, आश्रम केयर टेकर सुबल सिंह, शांति देवी, आश्रम के सभी वृद्धजन कई भूतपूर्व सैनिक एवं दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।




# टुंडी के रोशन मिश्रा अंतराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):जिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय मिश्रा टोला निवासी रोशन मिश्रा राष्ट्रीय एवम अंतराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया ।कहा जाता है

प्रतिभा किसी परिचय का मोहताज नहीं होती। विषम परिस्थितियों में भी प्रतिभाशाली बच्चे निखर कर सामने आ ही जाते हैं। इसी विषमताओं से भरे वातावरण टुंडी में पले बढ़े रोशन मिश्रा ने साबित कर दिखाया है। इंटरनेशनल सेंटर ऑफ द राउरिक, मास्को द्वारा आयोजित आर्ट कंपटीशन, जो की इंटरनेशनल राउरिक मेमोरियल ट्रस्ट नगर हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया गया था , जिसमें से रोशन मिश्रा को बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का प्रशंसा पत्र दिया गया। शिक्षक होना स्वयं में बहुत गौरवान्वित महसूस होता है और जब किसी को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान मिलता है तो यह उसके जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि होती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन मिश्रा का चयन किया जाना हम सबों के लिए हर्ष का विषय है । रोशन मिश्रा का बचपन से ही कला के प्रति रुझान रहा है। कम उम्र में ही सुंदर कलाकृति का निर्माण करके लोगों को आश्चर्यचकित करते रहे। कहते हैं निरंतर प्रयास ही इनका मूल मंत्र है, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनका चयन किया जाना इनके निरंतर प्रयास का ही परिणाम है' अब उनकी मेहनत के रंग दुनिया के सामने है। हमेशा वह शिक्षा के लिए दूर दूर जाते रहे हैं। विद्यालय के दिनों से ही उन्हें कई पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं। विद्यालय के बाद उन्होंने महाविद्यालय से कला में स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने ड-ीएवी पब्लिक स्कूल बोकारो में भी कला शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे।। अभी वे दिल्ली पब्लिक स्कूल में कला शिक्षक के रूप में कार्यरत है। स्कूल में भी इन्हें बेहतर कला शिक्षक के रूप में सम्मान मिला है और बच्चों के पसंदीदा शिक्षक के रूप में भी इनका चयन किया गया है। इन्हें नेपाल आर्ट काउंसिल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्ट एग्जिबिशन में भी इनका चयन किया गया है।



नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया आर्ट एंड क्राफ्ट सोसायटी देश के कला क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्था में अपना कला का प्रदर्शन किया। ललित कला अकैडमी द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी कलिंगा आर्ट गैलरी, भुवनेश्वर मे इनकी पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई । साथ ही साथ देश के कई शहरों में जैसे मुंबई, कोलकाता, शिमला पटना, गुवाहाटी रांची, धनबाद, बोकारो इत्यादि में अपना कला का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीता है। उन्होंने कई राष्ट्रीय कला कैम्प में भी भारत के दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया। उन्हें कई संस्थाओं द्वारा भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

मिनिस्ट्री ऑफ कलर द्वारा कला के क्षेत्र में दिया जाने वाला नेशनल रिसर्च स्कॉलरशिप अवार्ड से भी इन्हें नवाजा गया है। यह रोशन मिश्रा की निष्ठा और मेहनत का ही परिणाम है कि इनका चयन नेशनल और इंटरनेशनल में किया जाने लगा है। देश के दिग्गज कलाकारों के साथ रोशन मिश्रा की पेंटिंग का प्रदर्शन किया जाना यह धनबाद, झारखंड ही नही टुंडी लिए गर्व की बात है।

# सामान्य प्रेक्षक श्री संजय कुमार ने सांची विधानसभा में अनेक मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

## निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार समुचित व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

## ग्रामीणों से चर्चा कर 17 नवम्बर को मतदान करने की दी समझाईश



रायसेन, 07 नवम्बर 2023 विधानसभा निर्वाचन-2023 के संदर्भ में जिले के विधानसभा क्षेत्र 141-भोजपुर और 142-सांची के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजय कुमार द्वारा मंगलवार को सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पग्नेश्वर, मेढ़की, ढकना चपना, बेरखेड़ी सहित अन्य ग्रामों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार मतदान केन्द्रों पर सुगम मतदान हेतु सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

सामान्य प्रेक्षक श्री संजय कुमार ने ग्राम पग्नेश्वर में शासकीय विद्यालय भवन में बनाए गए मतदान केन्द्र क्रमांक 59 तथा 57 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को मतदान केन्द्र परिसर में साफ-सफाई रखने, स्कूल भवन के गेट के बाहर मतदान केन्द्र होने की सूचना, मतदान केन्द्र में पर्याप्त रोशनी, पंखा, मतदाताओं के लिए शेड की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही सभी मतदाताओं को समय पर मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। इसके उपरांत सामान्य प्रेक्षक श्री संजय कुमार द्वारा ग्राम ढकना चपना में शासकीय प्राथमिक शाला भवन में मतदान केन्द्र क्रमांक-56 का निरीक्षण करते हुए पंखा, लाईट आदि की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने बेरखेड़ी टुण्डा में शासकीय माध्यमिक शाला में बनाए गए मतदान केन्द्र का भी निरीक्षण करते हुए समुचित व्यवस्थाओं के दिशा-निर्देश दिए।

सामान्य प्रेक्षक श्री संजय कुमार ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं से निर्वाचन और मतदान के बारे में संवाद किया। साथ ही ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर बिना किसी भय, दबाव, लोभ या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामीणों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

# जिले में चिन्हांकित 80 वर्ष से अधिक आयु के और दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही कराया जा रहा है मतदान

***जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का लिया जायजा***

***जिले में कुल 1186 चिन्हांकित 80 वर्ष से अधिक आयु के और दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर पर ही किया मतदान***

रायसेन, 04 नवम्बर 2023 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायसेन श्री अरविंद दुबे द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिले में चारों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चिन्हांकित 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही मतदान कराने के लिए रायसेन जिले में कुल 66 दल गठित किए गए हैं। जिले में लगभग 2300 मतदाता चिन्हित हुए हैं। प्रत्येक दल के साथ पुलिस बल और वीडियोग्राफर मौजूद है।

जिले की चारों विधानसभाओं में इन दलों द्वारा दिनांक 04 नवम्बर को चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर घर पर ही मतदान की प्रक्रिया पूरी गोपनीयता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा स्वयं भी चिन्हांकित मतदाताओं के यहां पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया गया।

दिनांक 04 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र उदयपुरा में 370, विधानसभा क्षेत्र भोजपुर में 278, विधानसभा क्षेत्र सांची में 273 और विधानसभा क्षेत्र सिलवानी में 265, इस प्रकार जिले में कुल 1186 चिन्हांकित 80 वर्ष से अधिक आयु के और दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर पर ही मतदान सुविधा का उपयोग किया।

रायसेन के वार्ड नम्बर-12 निवासी 83 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता श्री मुरारी लाल अग्रवाल, वार्ड नम्बर-15 निवासी वयोवृद्ध मतदाता श्री रमेशचन्द्र महेश्वरी, वार्ड नम्बर-04 निवासी वयोवृद्ध मतदाता श्री रामकली श्रीवास्तव सहित अन्य वयोवृद्ध और दिव्यांग मतदाता घर पर ही मतदान कर बेहद खुश नजर आए। उन्होंने निर्वाचन आयोग को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है। इससे ऐसे मतदाता जो शारीरिक असमर्थता के कारण मतदान नहीं कर पाते थे, वह भी मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभा रहे हैं। जिले में दिनांक 05 नवम्बर को भी वाहन से चारों विधानसभा क्षेत्र के चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शानुसार पूरी गोपनीयता और सुरक्षा के साथ मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। जो चिन्हांकित मतदाता शेष रहेंगे, 06 नवम्बर को पुनः दलों द्वारा उनके घर जाकर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी।

# कृषि उपज मण्डी में 10 नवम्बर से 19 नवम्बर तक बंद रहेगा नीलामी कार्य

रायसेन, 07 नवम्बर 2023 रायसेन कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव ने जानकारी दी है कि 10 नवम्बर से 19 नवम्बर 2023 के मध्य विभिन्न शासकीय एवं स्थानीय अवकाश होने, मतदान दिवस होने एवं व्यापारियों की मांग होने और कृषि उपज मण्डी में दो मतदान केन्द्र स्थापित होने के साथ ही मण्डी कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान दल आदि में लगने के कारण कृषि उपज मण्डी में 10 नवम्बर से 19 नवम्बर 2023 तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। किसान भाईयों से अनुरोध किया गया है कि वह 10 नवम्बर से 19 नवम्बर 2023 तक की अवधि में अपनी कृषि उपज विक्रय के लिए नहीं लाएं। किसान भाईयों से 20 नवम्बर से अपनी कृषि उपज की ट्रालियों को दशहरा मैदान में नीलामी हेतु क्रमवार लगाने की अपील की गई है।

# 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने किया मतदान, बुकें भेंट कर अधिकारियों ने किया स्वागत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 08 नवम्बर )विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत मंगलवार को जिले की सभी 6 विधानसभाओं में 80 वर्ष से अधिक तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिये चलित मतदान केंद्र बनाकर मतदान कराया गया। विधानसभा बालाघाट के रिटर्निंग अधिकारी गोपाल सोनी ने जानकारी देते हुये बताया कि बालाघाट के 7 मतदान दलों ने मंगलवार को चलित मतदान केंद्र के माध्यम से मतदान कराया। बालाघाट विधानसभा के दलों ने दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं से मुलाकात करते हुये उन्हें बुके भेंट किये और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुये मतदान प्रक्रिया बताई। चलित मतदान दल में शामिल कर्मचारियों ने उनके मतदान के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया बताते हुये चलित मतदान केंद्र स्थापित किया। पहले दिन विधानसभा की 130 मतदाताओं के लिये 7 दल घरों तक पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट विधानसभा के 130 मतदाताओं में से 121 ने मतदान किया। इसमें 80 वर्ष से अधिक आयु के 86, पीडब्ल्यूडी 35, 6 मृत और 3 मतदाता अनुपस्थित रहे। लांजी विधानसभा में 192 में से 184 मतदाताओं ने पहले दिन मतदान किया।अन्य विधानसभाओं की जानकारी समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नही हो सकी।




# मुख्यमंत्री के आगमन और त्योहारों को सकुशल कराने में इंस्पेक्टर देवेंद्र दुबे को मिला प्रशस्ति पत्र

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां के पुलिस कमिश्नर डॉ.आर के स्वर्णकार अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के साथ ही कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपने कर्तव्य का पालन निष्ठा पूर्वक करने वाले पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने में भी अग्रणी चल रहे हैं।

इस बीच उन्होंने विभिन्न प्रकार की चुनौतियों तथा विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कठोर परिश्रम तथा सूझबूझ से कुशलता पूर्वक गणेश चतुर्थी जुलूस -ए-मुहम्मदी, नवरात्रि ,दुर्गा पूजा, जुलूस-ए-गॉशिया आदि त्योहारों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को भी सकुशल सफल संपन्न करने के लिए कई अन्य के साथ ही गोविंद नगर के इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार दुबे को भी प्रशस्ति पत्र दिया है।

अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता के मामले में कभी भी कोई




भी कसर नहीं रखने वाले और इसी संदर्भ में खट्टे मीठे अनेक अनुभवों से लबरेज इतिहास वाले गोविंद नगर के इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार दुबे को पुलिस कमिश्नर डॉ आरके स्वर्णकार द्वारा दिए गए इस प्रशस्ति पत्र में लिखा गया है कि आपके द्वारा, कमिश्नरेट, कानपुर नगर में विगत दिनों में गणेश चतुर्थी जुलूस-ए-मुहम्मदी नवरात्रि दुगार्पूजा जुलूस-ए-गॉशिया व वाकी जयन्ती के त्योहारों में विभिन्न प्रकार की चुनौतियों तथा विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कठोर परिश्रम तथा सूझबूझ से कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराए गए। पुनः दिनांक 28.10:2023 को आपके द्वारा माननीय मुख्यमंत्री (उ.प्र.) जी के कानपुर आगमन / भ्रमण पर आयोजित सभी कार्यक्रम कठिन परिस्थितयों व चुनौतियों के बावजूद सम्पूर्ण के साथ कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराए गए। आप के द्वारा किये गये इस योगदान की अहर्निश सेवा भाव से पूर्ण मनोयोग से किये गए कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की जाती है।

मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप भविष्य में इसी प्रकार से पूर्ण निष्ठा व लगन से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करते हुए उत्तरोत्तर और बेहतर कार्य करेगें। मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

इसी तरह से अन्य थानेदारों को भी पुलिस कमिश्नर ने प्रशस्ति पत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया है।

# मतदान स्थल के लिए चिन्हित किये गए केंद्रों को रंग रोंगन कर सजाया गया

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**



बालाघाट। (08 नवम्बर) विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत जिले की 6 विधानसभाओं के 1675 मतदान केंद्रों पर 17 नवम्बर को मतदान दिवस मनाया जाएगा। इस दिन सभी मतदाता लोकतंत्र में अपने कर्तव्य पालन करते हुए अधिकार का उपयोग करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने लोकतंत्र के महापर्व में मतदान केंद्रो की भूमिका को देखते हुये सभी मतदान केंद्रो को एक रंग में रंगने का प्रयास सफल हुआ है। उन्होंने मतदान केंद्रो के संबंध में बताया कि कई पर्व और त्यौहार वर्ष में एक-एक या दो-दो बार आते है सिर्फ लोकतंत्र का महापर्व 5 वर्ष में एक बार मनाया जाता है । इसलिये मतदान केंद्रो को ऐसा सजाया जाये कि मतदाता को मतदान के लिये आकर्षित करें। मतदाताओं को मतदान से पूर्व ही अपने गांव के ही मतदान केंद्र में आने में गौरवान्वित कर सके। जिले में कुल 1675 मतदान केंद्र बनाये गए है। इनमें 1657 केंद्र ब्लू और क्रिम रंग में रंगे गये है जबकि 18 मतदान केंद्रो को पिंक रंग में रंगा गया है जिस पर महिला कर्मी ही मतदान कराएगी। इस कार्य में जिला प्रशासन पिछले तीन माह से जुटा हुआ है कि इन पर आयोग के निदेर्शानुसार किसी मतदान केंद्र के लिये निर्धारित की गई व्यवस्थाएं पूरी हो। जिले में ऐसे करीब 300 मतदान केंद्र है जहां नये रैम्प बनाये गए है, जबकि 12 से 13 नये शौचालय तथा 55 से 55 शौचालय रिपेयर किये गए है। 24 मतदान केंद्रो पर सोलर पैनल की व्यवस्था की गई और 8 मतदान केंद्रो पर बिजली की व्यवस्था की गई। इस तरह जिले के सभी 1675 मतदान केंद्रो पर रैम्प, पेयजल, बिजली और शौचालय युक्त किये गए है।

# प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले प्रकाशित विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण, मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर लगेगी रोक

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दिवस यानि दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 16 नवम्बर और 17 नवंबर को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।




# डॉ.बाँधी के जयरामनगर गतौरा मंडल में गाँव गाँव में चलत हे गोठ बांधी भैया काम करत हे की गुंज

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी। विधानसभा मस्तुरी क्षेत्र के लिए भाजपा की निगाहें डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने सोमवार को भाजपा के सैकड़ों समाजवादियों और बौद्धों के साथ मिलकर भाजपा साकेत नगर गतौरा क्षेत्र का दौरा किया। भाजपा मंडल जयरामनगर, गतौरा क्षेत्र की जनता के स्नेह से प्रसन्न डॉ. बांधी ने कहा, मुझ पर जो विश्वास आप ने किया है उसे कायम रखिए, आप लोगों के माध्यम से सेवा का पुनः अवसर मिलने पर मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा। मस्तुरी में बढ़ते अपराध और नशाखोरी की रोकथाम कर यहां की जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। दौरा और जनसंपर्क के दौरान श्री बांधी और उनका काफिला सबसे पहले रांक पहुंचा जहां से जनसंपर्क की शुरूआत हुई जिसके बाद क्षेत्र के देवरी पधी कौड़ियां पहुंचा, जहां से जनसंपर्क की शुरूआत की गई। इसके बाद यहां स्थानीय ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर डॉ. बांधी का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद यह कारवां रांक, पंधी, और विभिन्न ग्रामों के हर दरवाजे पहुंचा जहां



ग्रामीणों के विशाल जनसमूह ने मस्तूरी विधायक व भाजपा प्रत्याशी डॉ कृष्णमूर्ति बांधी का आत्मीय स्वागत किया इस दौरान गांव गांव म चलत हे गोठ बांधी भईया काम करत हे और ओहि ल देबो ओट जैसे गगन चुंबी नारों से इलाका गूंज उठा। इस दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी डॉ. बांधी ने कहा- भाजपा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए एक-एक वायदे को पूरा करेगी। भाजपा की सरकार वापस बनने पर प्रदेश में महिलाओं व बेटियों के लिए योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर पीएम आवास योजना के पात्र लोगों को मकान बनाने के लिए राशि दी जाएगी। वहीं हर घर में पानी की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# जंगली सूअर के मांस सहित आरोपी को वन विभाग ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 08 नवम्बर )वन विभाग की निष्क्रियता के चलते आये दिन वन्यप्राणियों का शिकार कर शिकारी उनके अवशेष, नाखून, खाल और दांत आदि का तस्करी कर वन विभाग के मुँह पर तमाचा मारने का कार्य कर रहें हैं लेकिन वन विभाग अपने कुम्भकर्णी नींद में सोकर सिर्फ तमाशा देखने का कार्य करता हैं। अगर वन विभाग के सभी कर्मचारी अपने स्थान पर रहकर ड्यूटी करें तो शायद शिकारियों को शिकार करने के पहले दबोच लेते लेकिन लगभग सभी कर्मचारी अपने मुख्यालय को छोड़कर सुविधाओं से युक्त स्थान का चयन कर वहां रहकर अपनी ड्यूटी करते हैं जिससे लगातार जंगल एवं जंगली जानवर खत्म होते जा रहें हैं।

**पके हुए मांस के साथ ग्रामीण गिरफ्तार**

मामला कुमनगांव वृत्त के ग्राम उड़दना का है, जहां मुखबिर की



सूचना और वरिष्ठ वन अधिकारियों के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता वनवृत्त बालाघाट ने बीती रात छापामार कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, मुख्य वनसंरक्षक अधिकारी एपीएस सेंगर के आदेश व डीएफओ अभिनव पल्लव तथा उप वनमंडल अधिकारी उकवा (सामान्य) प्रशांत साकरे के मार्गदर्शन पर उड़नदस्ता ने ये कार्रवाई की है। उड़दना निवासी अघ्घन पिता नंदकिशोर माहुले के घर से लगभग आधा किलो पके हुए जंगली सूअर के मास के साथ हंसिया जब्त किया है। उड़नदस्ता प्रभारी धर्मेन्द्र बिसेन के मार्गदर्शन में इस कार्रवाई में शिशुपाल गणवीर, राकेश कुमार सनोडिया वनपाल, नरेंद्र कुमार शेंडे, दिलीप पालेवार, तिलक सिंह राहंगडाले, विजयभान नागेश्वर, सौरभ यादव वनरक्षक, शंभू यादव वाहन चालक तथा उत्तर लामता (सामान्य) वन परिक्षेत्र अधिकारी कृष्ण कुमार नामदेव की उपस्थिति रहे। अग्रिम कार्यवाही के लिए उत्तर लामता (सामान्य) वन परिक्षेत्र के सुपुर्द कर विधिवत कार्रवाई की गई। प्रकरण में जांच जारी है।

# पहले चरण का मतदान खत्म, शाम पांच बजे तक 70.87 प्रतिशत हुआ वोटिंग, तीन दिसंबर को आएंगे नतीजे

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

रायपुर । बस्तर संभाग की कुल 12 विधानसभा सीटें और दुर्ग संभाग की आठ सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। भूपेश सरकार के तीन मंत्रियों और पिछली रमन सरकार के पांच मंत्रियों और एक सांसद की साख दांव पर लगी है। बस्तर संभाग में हर बार की तरह इस बार भी चुनाव चुनौतियों से भरा होगा। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में पहले चरण की 20 सीटों के लिए मतदान खत्म हो हुआ । इनमें बस्तर संभाग की सभी 12 सीटें और दुर्ग संभाग की आठ सीटें शामिल हैं। बड़ी तादाद में वोटर्स पोलिंग बूथ पहुंचे। छत्तीसगढ़ चुनाव के पहले फेज में मतदाता बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के पर्व में शामिल हुए। बता दें कि इस बार नक्शल प्रभावित इलाकों में जबरदस्त वोटिंग हुई।



# आप प्रत्याशी धरम भार्गव ने किया गांव गांव जाकर आम जनता से जनसंवाद

***कांग्रेस बीजेपी के प्रति आम जनता में भारी आक्रोश***

***आप प्रत्याशी का जगह-जगह सुआ नृत्य टोली ने किया स्वागत***

***एक ने किया 15 साल तो दूसरे ने किया 5 साल किसी ने नहीं सुना आम जनता की आवाज***

***आज भी पचपेड़ी क्षेत्र के ग्रामीण एरिया में घंटे रहते हैं लाइट बंद ग्रामीण परेशान बच्चों की भविष्य अंधकारमय***

***बहुत हुआ कांग्रेस बीजेपी अबकी बार दोनों को बदलने के कर रहे हैं आम जनता विचार***

***क्षेत्र में उठ रही है एक ही आवाज तीसरा विकल्प है सिर्फ आप प्रत्याशी धरम भार्गव***



समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

मस्तूरी। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी धरम भार्गव के साथ समर्थको का काफिला पहुंचा देवरीखुर्द, दुमहानी डेका, सुलोनी, परसोडी, गोपालपुर में किया आम जनता को संबोधित करते हुए झाडू छाप में मतदान कर स्वास्थ, शिक्षा, रोजगार की गारंटी पाएं आम जन मानस में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी धरम भार्गव के प्रति लगाव लगातार बढ़ते ही जा रहा है क्षेत्र में आम जनता से जनसंवाद कार्यक्रम मे सीधे आम जनता से बीच कर रहे हैं संवाद, भाजपा कांग्रेस सरकार में आम जनता को क्या मिला ग्रामीण कह रहे हैं आज भी विकास से कोसों दूर है उनका गांव आज भी बिजली पूरे समय तक नहीं मिल रहा है बच्चो के पढ़ाई के साथ ही किसानों को सही समय पर बिजली नही मिलने के कारण खेती किसानी में भारी समस्याओं से जूझ रहे हैं अभी नहीं तो कब मिलेगी बिजली कटौती से मुक्ति , 12वी पास होने के बाद कालेज पढ़ाई के लिए पचपेड़ी में जाना होता है कइयों ने तो विवश होकर कालेज की पढ़ाई ही छोड़ दिया पर चुने हुए जन प्रतिनिधि सिर्फ अपना डफली बजा रहे हैं जिससे आम जनताओ मन में भारी आक्रोश पनप रहा है जिसका फायदा आम आदमी पार्टी को मिलते दिख रहा है जलसो मे आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता फाइनल मैच मे पहुंच आप प्रत्याशी धरम भार्गव ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पोड़ी दलहा के खिलाड़ियों को 10000 रू का इनाम दिया ।

# मध्यप्रदेश मेरा मंदिर ’,मध्यप्रदेश में रहने वाली जनता ही मेरी भगवान है,,,,शिवराज सिंह चौहान

**सीएल गौर संभागीय ब्यूरो समाज जागरण**

रायसेन। एक बार फिर बेगमगंज वालों के दर्शन करने आया हूं। मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं। मैं हमेशा कहता हूँ कि, मध्यप्रदेश मेरा मंदिर है, मध्यप्रदेश में रहने वाली जनता ही मेरी भगवान है। मेरी बहनाओं 10 तारीख को इस बार धनतेरस है, इसलिए मैंने तय किया कि, धनतेरस से पहले ही तुम्हारे खाते में खुशियों की किश्त आ जाए। आज 7 तारीख से ही तुम्हारे खाते में पैसा आना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि, ये कमलनाथ, नकुलनाथ, कपटनाथ, कलंकनाथ कह रहे थे कि, बहनों के खाते में पैसा नहीं आएगा, केवल चुनाव तक ही आएगा। ये कोई धोखेबाज कांग्रेस थोड़ी है, यह तो शिवराज सिंह चौहान का वचन है। दुनिया की कोई ताकत लाड़ली बहनों का पैसा बंद नहीं कर सकती। सीएम ने कहा कि, लाड़ली बहना योजना का पैसा अभी भी आ रहा है, धनतेरस के पहले भी आएगा और न केवल लगातार आता रहेगा। बल्कि 1250 से बढ़ाकर उसे 3000 तक ले जाएंगे, यह हमारी गारंटी है। धनतेरस पर खूब खरीदी करो, दीपावली मनाओ और भाई दूज मनाओ। तुम्हारा भाई कभी तुम्हारे हिस्से में तकलीफ नहीं आने देगा। यह बात बस स्टैंड पर भाजपा प्रत्याशी ठा. रामपाल सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। कांग्रेस धोखेबाज और दगाबाज पार्टी है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस का जिनसे गठबंधन हुआ है वह समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश जी कहते हैं कि, कॉंग्रेस बहुत ही चालू पार्टी है। कांग्रेस ने हमें धोखा दिया यह दगाबाज पार्टी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेस जनकल्याणकारी योजना बंद करने वाली पार्टी है और अब तो कांग्रेस कपड़ा फाड़ पार्टी हो गई है। दिग्विजय सिंह और कमलनाथ एक दूसरे के कपड़े फड़वा रहे हैं। कांग्रेस ऐसी चक्की हो गई है कि जिसके दो पाट हो गए हैं। एक कमलनाथ का पाट और दूसरा दिग्विजय सिंह का पाट, इन दोनों पाटों के बीच में जनता पिस रही है और कांग्रेसी पिस रहे हैं। कमलनाथ ने सवा साल में वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार और दलालों का अड्डा बना दिया था। मध्यप्रदेश को बर्बाद और तबाह करने में कांग्रेस सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। जब कमलनाथ मुख्यमंत्री थे तो हमेशा पैसों का रोना रोते थे। कहते थे मामा खजाना खाली कर गया। लेकिन भाइयो- बहनों जनता की सेवा के लिए मेरे पास पैसों की कोई कमी नहीं हैं। भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जिताना है श्री चौहान ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाया है। वहीं डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश भी नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पिछले 20 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विकास कार्यों से मध्यप्रदेश की तकदीर और तस्वीर बदल दी है, और इसलिए भाजपा के प्रत्याशी रामपाल सिंह को भारी मतों से जीत दिलाना है। प्रत्याशी साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मामा शिवराज को भी विजयी आशीर्वाद देना है। 17 नवंबर को कमल के फूल की बटन दबाकर मध्यप्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है। इस दौरान भाजपा की रीति नीति और क्षेत्र के विकास को देखते हुए राजू रघुवंशी राजू भाई चिरचिटा के नेतृत्व में रामपाल सिंह के साथ सिलवानी से 150 गाड़ियों के काफिले के साथ आए रघुवंशी, आदिवासी, अहिरवार समाज सहित अन्य समाजों के करीब 1000 लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर उत्तर प्रदेश में राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, जनपद अध्यक्ष पुष्पेंद्र ठाकुर, नगर मंडल अध्यक्ष कमल सिंह साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जगदीश लोधी, सुल्तानगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, सिलवानी मंडल अध्यक्ष दीपक रघुवंशी, विजय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गन एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) मस्तुरी प्रत्याशी चांदनी भारद्वाज लगातार मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के गाव गाव में कर रही जनसंपर्क

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी। विधानसभा क्षेत्र के गाव गाव जाकर जनता से सतत जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है, मस्तुरी प्रत्याशी चांदनी भारद्वाज ने ग्राम ओखर,डोमगाँव मचहा गीतपुरी सुलौनी भरारी,जलसो चिलहटी लोहार्सी भुरकुण्डा आमगांव मानीकचौरी आदि गाँव में चाँदनी भारद्वाज ने जनसम्पर्क कर जनता से सहयोग माँगा और मतदान करने अपील की मस्तुरी की जनता को संबोधित करते हुए मस्तुरी प्रत्याशी चांदनी भारद्वाज ने कहा कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) की प्रदेश में सरकार बनने पर पुरे प्रदेश में शराबबंदी का वादा आपसे कर रही है, शराब एक सामजिक बुराई है जिसके चपेट में आने से कई परिवार तबाह हो चुके है ऐसी सामाजिक बुराई को नष्ट कर दिया जाना चाहिऐ चांदनी भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है हमारी सरकार बनने पर प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए काम करेंगे, उन्होंने कहा कि चुनाव मैं नहीं आपकी एक बेटी चुनाव लड़ रही है , जीत होने पर मस्तूरी की हर बेटी जीतेगी।

